RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 83
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी, 2020
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





किशोरावस्था में मैंने भी स्टॉकर का सामना किया: दीया मिर्जा
विविध-16


# चीन से लौटे 10 लोग निगरानी में

- केरल में सात, मुंबई में दो और हैदराबाद में एक को जांच के लिए अस्पतालों में रखा गया, फिलहाल देश में संक्रमण का कोई मामला नहीं
- विषाणु के प्रसार को रोकने के लिए बीजिंग ने चार और शहरों को सील किया, अब तक 26 मौतें
- चीन में भारतीय दूतावास ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम रद्द किया, दक्षिण कोरिया में दूसरे मरीज की पुष्टि

**कोरोनावायरस का कहर**



**पायनियर समाचार सेवा**
नई दिल्ली/बीजिंग

**चीन** में फैले खतरनाक कोरोनावायरस लेकर भारत में बेहद सतर्कता बरती जा रही है। हाल के दिनों में चीन से लौटने वाले 10 लोग-सात केरल, दो मुंबई और एक हैदराबाद-को डॉक्टरों की निगरानी में अस्पतालों में रखा गया है और संभावित संक्रमण की आशंका को देखते हुए इनकी जांच की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि फिलहाल देश में अभी तक इसके संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है। केरल में इन सात लोगों के अलावा 73 अन्य को उनके घरों में निगरानी में रखा गया है। इन सभी ने चीन की यात्रा की थी। वहीं चीन ने खतरनाक विषाणु कोरोनावायरस के फैलने की आशंका को देखते हुए और विषाणु पर नियंत्रण करने के मद्देनजर इससे प्रभावित शहर के आसपास मौजूद चार और शहरों में शुक्रवार को यात्रा प्रतिबंध लगा दिया, जिससे यात्रा प्रतिबंध वाले शहरों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है और इसके कारण इन शहरों में रह रही करीब 4.1 करोड़ की आबादी प्रभावित है। वायरस के संक्रमण से यहां अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है। उधर बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा की है।

इस बीच, दक्षिण कोरिया में सार्स जैसे विषाणु के दूसरे मामले की पुष्टि हुई है। शुक्रवार को सियोल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वुहान में कार्यरत दक्षिण कोरिया के लगभग 50 वर्ष के एक व्यक्ति में 10 जनवरी को इसके लक्षण नजर आने लगे थे। मंत्रालय ने बताया कि इस हफ्ते की शुरुआत में देश लौटने पर उस व्यक्ति की जांच की गई और बृहस्पतिवार को उसके दक्षिण कोरिया के इस विषाणु से पीड़ित दूसरे मामले के रूप में पुष्टि हो गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 24 जनवरी से अब तक 96 उड़ानों के 20,844 यात्रियों की जांच की जा चुकी। इसके अलावा चीन स्थित भारतीय दूतावास द्वारा उपलब्ध कराए ब्योरे के आधार पर हाल ही में वुहान से लौटने वाले करीब 25 छात्रों पर करीब से निगरानी रखी जा रही है। उनका ब्योरा जिला स्तर के अधिकारियों से साझा किया गया है और वे उन पर करीबी नजर रख रहे हैं।

नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और राम मनोहर लोहिया अस्पताल ने कोरोनावायरस से संक्रमित होने के किसी भी संदिग्ध मामले के सामने आने पर इलाज मुहैया कराने के लिए एक अलग वार्ड बनाया है और वहां बिस्तर तैयार रखे गए हैं। एम्स के निदेशक रणदीप गुलेरिया ने कहा, दिल्ली या भारत में कहीं से भी आने वाले कोरोनावायरस के संदिग्ध मरीजों की देखभाल और इलाज के लिए हमारे यहां एक अलग वार्ड बनाया गया है।

उधर विषाणु के खतरे को देखते हुए इंडिगो और एयर इंडिया ने आज कहा कि चीन से आने वाले और जाने वाले यात्री अगर अगले एक महीने तक उड़ानों को बदलते और रद्द करते हैं तो उनसे बदलने और रद्द करने का शुल्क नहीं लिया जाएगा। वर्तमान में इंडिगो चीन तक दो सीधी उड़ानें उपलब्ध कराती है। कंपनी 15 मार्च से मुंबई-चेंगदू मार्ग पर प्रतिदिन उड़ान शुरू करेगी। ( शेष पेज 10 )

# केंद्र ने रखा रोज 40 किमी सड़क बनाने का लक्ष्य

- समय से काम पूरा करने के लिए महीने पहले और तीसरे सोमवार को होगी समीक्षा बैठक

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

**पूरे** देश में सड़क निर्माण को रफ्तार देने के लिए केंद्र ने शुक्रवार को प्रति दिन 40 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच) का निर्माण करने का फैसला किया है। इसमें नई परियोजनाएं, विस्तार, दोहरीकरण और नवनिर्माण जैसे काम भी शामिल रहेंगे। मौजूदा तीन लाख करोड़ की परियोजनाओं का जायजा लेते हुए सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि विभिन्न चरणों का काम समय से पूरा हो इसके लिए वह हम महीने के पहले और तीसरे सोमवार को समीक्षा बैठक करेंगे।

चालू वित्त वर्ष (2019-20) में हाईवे निर्माण का लक्ष्य 12,000 किलोमीटर तय किया गया है जो कि पिछले वित्त वर्ष 2018-19 में हासिल किए गए 10,800 किलोमीटर से ज्यादा है। 31 दिसंबर 2019 तक प्रति दिन 24-25 किलोमीटर सड़क निर्माण किया गया जो बारिश का मौसम लंबा खिंचने से 32 किमी प्रति दिन से नीचे आ गया था। सड़क मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष के समाप्त होने तक निर्माण कार्य 35 किमी प्रति दिन से ज्यादा हो जाएगा क्योंकि नवंबर से मध्य जून का काम अपनी पूरी तेजी पर रहता है जबकि मौसम के कारण जून से नवंबर तक काम की रफ्तार कम हो जाती है। परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए गडकरी ने सड़क मंत्रालय में सभी मुख्य इंजीनियरों और केंद्रीय सड़क निर्माण एजेंसी एनएचएआई के सभी सदस्यों हर महीने दो समीक्षा सोमवार आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।



नितिन गडकरी

गडकरी ने गुरुग्राम के पास मानेसर में आयोजित दो दिवसीय मैराथन बैठक में कहा 'परियोजनाओं को पूरा करने में देरी से लागत बढ़ती है। लिहाजा हमें समीक्षा और निगरानी पर ध्यान रखना है जिससे कि लागत पर अंकुश रहे और परियोजनाओं के समय से पूरा किया जा सके।'

सोलह राज्यों में करीब 740 एनएच परियोजनाओं की समीक्षा की गई जहां गडकरी ने प्रदर्शन के आधार पर अधिकारी का आकलन और देरी के लिए जवाबदेही तय करने का निर्देश दिया। बैठक में भूतल परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह तथा मंत्रालय के अधिकारी और इससे जुड़ी एजेसियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मौजूद एक अधिकारी ने कहा ' राज्यवार समीक्षा की गई। मंत्रालय, एनएचएआई के सभी वरिष्ठ अधिकारी, ठेकेदारों और सलाहकारों ने समीक्षा बैठक में भाग लिया।'

राज्य सरकारों द्वारा भूमि अधिग्रहण में देरी, जरूरी मंजूरियां मिलने में रुकावट और सरकारी एजेसियों के बीच समन्वय की कमी परियोजनाओं के पूरा होने में सबसे बड़ी अड़चन बन कर सामने आई है। काम में तेजी लाने के लिए गडकरी ने प्रत्येक परियोजना की विस्तृत जानकारी ली है। अधिकारी और ठेकेदारों ने भी काम को समय पर निपटाने के लिए प्रतिबद्धता जताई है। ठेकेदारों ने समयसीमा बढ़ाने की वक्त पर मंजूरी और ( शेष पेज 10 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 41,613 | ↑ | 226 |
| निफ्टी | 12,248 | ↑ | 67 |
| सोना | 40,780 | ↑ | 96 /10g |
| चांदी | 47,277 | ↑ | 238 /kg |

## क्विक न्यूज

### पाक ने भारतीय चौकियों पर मोर्टार से किया हमला

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित अग्रिम चौकियों और गांवों पर पाकिस्तानी सैनिकों ने शुक्रवार को मोर्टार से हमला किया। एक अधिकारी ने कहा कि जिले के दिगवार सेक्टर में भी सीमापार से भारी गोलाबारी की खबरें आईं। भारतीय सेना ने गोलाबारी का मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ में नियंत्रण रेखा के पास गुलपुर और कस्मरा को भी निशाना बनाया। इस हमले में एक स्कूल की इमारत को नुकसान पहुंचा। पाकिस्तान की ओर से संघर्ष विराम उल्लंघन के चलते नियंत्रण रेखा के पास कुछ क्षेत्रों में शुक्रवार को स्कूल बंद रहे। उधर श्रीनगर शहर में एक पुलिस चौकी पर शुक्रवार शाम को आतंकियों द्वारा किए गए ग्रेनेड हमले में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि पुराने शहर में सफाकादल के पास स्थित पुलिस चौकी पर आतंकियों ने एक ग्रेनेड फेंका।

# दया-क्यूरेटिव याचिका लगाने को कागज नहीं दे रहा तिहाड़ प्रशासन

- निर्भया के दोषियों का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**निर्भया** के दोषी फांसी के फंदे से बचने को हर जुगत भिड़ा रहे हैं और जैसे-जैसे फांसी की तारीख करीब आ रही है, उनकी छटपटाहट बढ़ती जा रही है। वर्ष 2012 के बहुचर्चित निर्भया बलात्कार एवं हत्याकांड में मौत की सजा पाए चार मुजरिमों में से तीन के वकील एपी सिंह ने शुक्रवार को अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया कि तिहाड़ जेल के अधिकारी उन्हें कुछ जरूरी कागजात नहीं सौंप रहे हैं। इस कारण वे सुधारात्मक और दया याचिका दाखिल नहीं कर पा रहे हैं।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता एपी सिंह व्यवस्था का मजाक बना रहे हैं। सिसोदिया ने कहा कि हमें त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए एक साथ काम करना होगा ताकि न्याय को सक्षम बनाने और सभी खामियों को दूर करने के लिए कानूनों में बदलाव किया जाए। अधिवक्ता एपी सिंह ने यह आरोप लगाते हुए अर्जी लगाई कि जेल प्रशासन ने अब तक दस्तावेज नहीं सौंपे हैं जिनकी अक्षय कुमार सिंह (31) और पवन सिंह (25) के लिए सुधारात्मक याचिका दायर करने के लिए जरूरत है।

इस अर्जी पर शनिवार को सुनवाई होने की संभावना है। शीर्ष अदालत ने हाल ही में दो अन्य मुजरिमों विनय कुमार शर्मा (26) और मुकेश सिंह (32) की सुधारात्मक याचिका खारिज कर दी थी। चारों मुजरिमों को अदालत के आदेश के अनुसार एक फरवरी को सुबह छह बजे फांसी पर चढ़ाया जाना है।अपनी अर्जी में वकील ने कहा कि उन्होंने दया याचिका दायर करने की तीव्र इच्छा संबंधित अधिकारियों के सामने रखी और यह दायर करने के लिए प्रासंगिक ( शेष पेज 10 )

# सिर्फ 10 लाख रुपये के लिए अटकी पुराने किले में खुदाई

- पौराणिक इंद्रप्रस्थ के साथ संबंध स्थापित करने की महत्वाकांक्षी परियोजना पर काम कर रहा एएसआई

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**राजधानी** स्थित 16वीं सदी के पुराने किले और महाभारत के पांडवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ के बीच संबंध स्थापित करने की योजना शुरू होने से पहले ही अटक गई है। इसके पीछे कारण बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए आवंटित दस लाख रुपये किसी अन्य काम के लिए जारी कर दिए गए हैं।

समझा जाता है कि महाभारत काल के पांडवों और कोरवों की राजधानी इंद्रप्रस्थ वहीं कहीं थी जहां आज पुराना किला खड़ा है। इसी कड़ी को तलाशने के लिए भारतीय पुरातत्व विभाग बार-बार वहां खुराई कराता है लेकिन लगातार पांच बार वह दोनों के बीच कोई ताल्लुक कायम करने में विफल रहा है। पहली बार पुराने किले में खुदाई का काम 1955 में शुरू किया गया था। इसके बाद 1969, 1972, 2014 और 2017-18 में भी प्रयास किया गया।



उदाहरण के लिए आखिरी बार साल 2018 के शुरू में पुरातत्वविद वसंत स्वर्णकार के नेतृत्व में यहां खुदाई का काम पूरा हुआ लेकिन महाभारतकाल और पुराने किले का संबंध स्थापित करने में नाकाम रहे। यहां पुरातत्वविद बीआर सिंह के नेतृत्व में नए सिरे से खुदाई करने के लिए पिछले वर्ष नवंबर में फिर स्वीकृति दी गई थी। इस काम के लिए एएसआई ने 10 लाख रुपये का फंड बनाया था। इसका टेंडर भी जारी हो चुका था, लेकिन एएसआई ने किसी अन्य बेहद जरूरी काम के लिए यह 10 लाख रुपये की रकम वापस ले ली है। अब खुदाई के लिए नये सिरे से बजट नए वित्तीय वर्ष यानी मार्च 2020 के बाद ही बनेगा।

पुरातत्वविद बीआर सिंह के साथ एएसआई से जुड़े पुरातत्व, अन्वेषण और उत्खनन संस्थान के निदेशक वीएन प्रभाकर को खुदाई के काम की निगरानी करनी थी। जब प्रभाकर से काम की प्रगति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कोई भी जानकारी देने से इन्कार कर दिया।

# जादूगर जादू कर जाएगा भाजपा सरकार बनाएगा

**दिल्ली विधानसभा चुनाव**

- प्रमुख बाजार, पर्यटन स्थल, मेट्रो स्टेशन, बस स्टॉप के आसपास आयोजित किए जाएंगे जादू के शो

**संजय राय।** नई दिल्ली

**जादूगर** जादू कर जाएगा, भाजपा सरकार बनाएगा। मुबईया फिल्मी गोने को चुनावी प्रचार का फंडा बनाती दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए जादूगरों की टीम बुलाई है। उसे भरोसा है कि जादूगरों के करिश्माई प्रचार से चमत्कार होगार और जीत की बाजी उसके हाथ लग जाएगी। एक जादूगर एक दिन में आठ शो करेगा और जादू दिखाकर वोटरों को भाजपा के खेमे में खींचने का हर जतन करेगा।

पार्टी की योजना है कि 15 दिन में लगभग 800 जादूई खेल दिखाने की। ये जादूगर दिल्ली वालों को मोदी सरकार की उपलब्धियां और भाजपा शासित एमसीडी के भी अच्छे कामों से अवगत कराएंगे। साथ ही आम आदमी पार्टी और कांग्रेस की भी पोल खोलेंगे। ये लोग प्रमुख बाजार, पर्यटन स्थल, मेट्रो स्टेशन, बस स्टॉप के आसपास जादू के शो आयोजित किए जाएंगे आने वाले दिनों में प्रचार के कुछ और आकर्षक तरीके भाजपा आजमा सकती है।

प्रदेश भाजपा के मीडिया प्रमुख अशोक गोयल ने पायनियर से बातचीत में बताया कि जादू देश की पुरानी व लोकप्रिय कला है। इसलिए इसका उपयोग चुनाव प्रचार में करने का फैसला किया है। जादूगर अपनी कला के माध्यम से मोदी सरकार की उपलब्धियों को लोगों के सामने रखेंगे। मोदी सरकार द्वारा किए गए बड़े फैसलों को भी मतदाताओं से अवगत कराएंगे। साथ ही इसका महत्व बताएंगे। सात जादूगरों की टीम है। एक टीम एक दिन में आठ शो करेगी। इस तरह सात जादूगर मिलकर अलग-अलग विधानसभा में रोजाना 56 शो करेंगे। ये लोग चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक सभी 70 विधानसभा क्षेत्रा में 11 से 12 शो करेंगे। जादूगर अपने हुनर से भाजपा के पक्ष में माहौल बनाने के लिए कई स्तर पर और रोचक तरीके से चुनाव प्रचार करेंगे। अगले कुछ दिनों में वह अपनी कला के माध्यम से मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध करेंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि अपनी बात मतदाताओं तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। सड़कों पर पोस्टर, बैनर और होल्डिंस लगाए जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी मुहिम चल रही है। इसके साथ ही पारंपरिक प्रचार माध्यमों से भी लोगों तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश है। जादूगर प्रदेश कार्यालय में नेताओं के सामने अपनी कला का प्रदर्शन कर चुनाव प्रचार की रणनीति तैयार कर रहे हैं। नेताओं ने अपनी जरूरत बताकर उसके अनुसार जादू की कला तैयार करने की सलाह दिए हैं। उन्हें चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश की भी जानकारी दी जा रही ताकि आचार संहिता के झंझट से बचा जा सके।

# पुरानी फीस देकर ही रजिस्ट्रेशन कराएं जेएनयू छात्रः हाई कोर्ट

- अदालत ने छात्रसंघ की याचिका पर मांगा विश्वविद्यालय से जवाब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**जेएनयू** में बढ़ी फीस के खिलाफ आंदोलन करने वाले छात्रों को दिल्ली हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने नए अकादमिक वर्ष के लिए अभी तक पंजीकरण नहीं कराने वाले छात्रों को पुरानी छात्रावास नियमावली के तहत पंजीकरण कराने की छूट दे दी है। जेएनयू छात्र संघ ने अपनी याचिका में छात्रावास की नियमावली में संशोधन के फैसले को चुनौती दी थी। इस याचिका पर हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय से जवाब मांगा है।

न्यायमूर्ति राजीव शकधर की पीठ ने मामले में पक्षकार मानव संसाधन विकास मंत्रालय और यूजीसी को भी नोटिस जारी किए। जेएनयूएसयू अध्यक्ष आइशी घोष और छात्र संघ के अन्य पदाधिकारियों साकेत मून, सतीश चंद्र यादव और मोहम्मद दानिश ने याचिका में पिछले साल 28 अक्टूबर को जारी आईएचए की कार्यवाही के विवरण और 24 नवंबर को गठित उच्च स्तरीय समिति के अधिकार क्षेत्र और उसकी सिफारिशों पर सवाल उठाए गए हैं।

याचिका में मसौदा छात्रावास नियमावली रद्द करने के लिए निर्देश देने की मांग करते हुए आईएचए के फैसले को दुर्भावनापूर्ण, मनमाना, अवैध और छात्रों पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाला बताया गया है। याचिका में दावा किया गया है कि छात्रावास नियमावली में संशोधन जेएनयू कानून,1966,अध्यादेश और छात्रावास नियमावली के ( शेष पेज 10 )

# पोहा को बांग्लादेशी श्रमिकों की पसंद बता घिरे विजयवर्गीय

**ट्विटर पर हुए ट्रोल, विपक्ष ने जमकर साधा निशाना**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**भाजपा** नेता कैलाश विजयवर्गीय अपने घर में काम कर रहे मजदूरों पर अपनी एक टिप्पणी को लेकर घिर गए हैं। न केवल इंटरनेट पर बल्कि विपक्ष भी उनके इस बयान की जमकर आलोचना कर रहा है। विजयवर्गीय ने कहा कि उन्हें शक है कि उनके घर में चल रहे निर्माण कार्य में कुछ बांग्लादेशी मजदूर भी हैं। उन्होंने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में इंदौर में आयोजित एक सेमिनार में भाषण देते हुए यह संदेह उन मजदूरों के पोहा खाने की आदत को देखते हुए जताया। उन्होंने कहा कि मजदूर सिर्फ पोहा खाते और उन्हें उनकी यह आदत विचित्र लगती है लिहाजा उन्हें यह शक है कि वे 'बांग्लादेशी' हैं।

विजयवर्गीय ने कार्यक्रम में कहा ' मुझे शक है कि वे बांग्लादेशी थे। दो दिन बाद जब मुझे संदेह हुआ तो उन्होंने मेरे घर में काम बंद कर दिया। मैंने अभी पुलिस में शिकायत नहीं की है। मैं इस घटना जिक्र लोगों को केवल आगाह करने के लिए कर रहा हूं।' विजयवर्गीय के इस बयान के बाद ट्विटर पर लगातार प्रतिक्रियाएं आने लगी और लोगों ने मंत्री को खाने की आदत पर मजदूरों की नागरिकता तय करने के लिए ट्रोल भी किया। कुछ लोगों ने बताया कि पोहा आसानी से बनने वाला और सस्ता खाद्य पदार्थ है।अक्सर दैनिक मजदूरी करने वाले इसे खाते हैं क्योंकि यही एक चीज है जिसका खर्च वे आसानी से वहन कर सकते हैं। अन्य लोगों ने बताया कि कैसे पोहा बहुत से भारतीयों के लिए आसानी से सुलभ और पौष्टिक नाश्ता है और बहुत से लोग इसे बेहद पसंद करते हैं। कई लोगों ने चुटकी लेते हुए लिखा, सीएए-एनआरसी के लिए कागज मांगने की जरूरत नहीं है, सबको पोहा खिलाकर पहचान कर ली जाएगी। बहरहाल, इस पोहा विवाद को लेकर सियासत भी शुरू हो गई है। विपक्ष ने विजयवर्गीय पर जोरदार निशाना साधा है। कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि पीएम मोदी कपड़े से लोगों की पहचान कर लेते हैं तो विजयवर्गीय पोहा खाते हुए देखकर, इसलिए देश को अब इंटेलिजेंस की जरूरत नहीं है। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने ट्विटर पर लिखा, 'मजदूर पोहा ना खाएं, सिर्फ हलवा और हलवा ही खाएं, तभी वे भारत के नागरिक कहे जाएंगे। नहीं तो ब........।' गौरतलब है कि बजट दस्तावेज के प्रकाशन के दौरान हलवा सेरेमनी को लेकर भी ओवैसी ने चुटकी ली थी।

कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, 'भाजपा जब से सत्ता में आई है, भारतीय राजनीति में खाना बहुत अधिक महत्वपूर्ण विषय हो गया है। राजनीति के जानकारों, विद्वानों और शोध करने वालों के लिए भोजन का बखान अच्छा विषय हो सकता है। जाइए इस विषय को चुन लीजिए, इससे पहले कि कोई और उठा ले।' कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने एक टीवी ( शेष पेज 10 )

# भारत बनाम पाक ट्वीट मामलाः मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** चुनाव अधिकारियों ने शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया कि वे विवादित ट्वीट के सिलसिले में भाजपा उम्मीदवार कपिल मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें। सूत्रों ने यह जानकारी दी। मिश्रा ने अपने ट्वीट में दिल्ली में आठ फरवरी को होने वाले चुनाव को भारत बनाम पाकिस्तान मुकाबले जैसा बताया था। निर्वाचन आयोग ने पूर्व में ट्विटर से कहा था कि वह मॉडल टाउन सीट से उम्मीदवार मिश्रा का ट्वीट हटाए। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन पर उन्हें कारण बताओं नोटिस जारी किया जाए। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने बताया, निर्वाचन अधिकारी ने दिल्ली पुलिस को कपिल मिश्रा के खिलाफ उनके विवादित ट्वीट मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया।

# नोएडा में जमीन के बढ़ेंगे सर्किल रेट

## छह सब रजिस्ट्रार को सर्वे करने के निर्देश, 31 जनवरी तक सौंपी जाएगी रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सात वर्ष के बाद रजिस्ट्री विभाग जिले का सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। विभाग ने जिले के सभी छहों सब रजिस्ट्रार को सर्वे करने के निर्देश दे दिए हैं।

31 जनवरी तक ये रिपोर्ट सौंपी जानी है। इसके बाद विभाग जिलाधिकारी को 15.20 फीसद सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव भेजेगा। पिछले दिनों ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और उससे पहले नोएडा प्राधिकरण की ओर से बढ़ाए गए सर्किल रेट के बाद अब विभाग भी रेट बढ़ाने के लिए तैयार है। इससे जिले में निवेश करने वालों को पहले से अधिक जेब ढीली करनी पड़ सकती है।

वर्ष 2012-13 में जिले में रियल एस्टेट बाजार बुलांदियों पर था ऐसे में रजिस्ट्री विभाग की ओर से भी करीब 10 फीसद सर्किल रेट बढ़ा दिया गया था। लेकिन 2013 से ही रियल एस्टेट का बाजार भाव गिरने लगा जिसके बाद से जिले में सर्किल रेट नहीं बढ़ सका। अब सात वर्ष बाद रेट बढ़ाने का फैसला विभाग की ओर से लिया जा रहा है।



*" जिले के सभी सब रजिस्ट्रार को सर्वे के लिए निर्देश दे दिया गया है। 31 जनवरी तक रिपोर्ट आ जाएगी। 20 फीसद तक सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव प्रशासन को भेजा जाएगा"*
*शिव कुमार त्रिपाठी*
*एआइजी स्टांप*

### वर्तमान में जारी दर

**103500 रुपये प्रतिवर्ग मीटर**
सेक्टर.14, 14ए, 15ए, 17, 30, 35, 36, 39, 44, 50, 51, 52
**72 हजार रुपये प्रतिवर्ग मीटर**
सेक्टर.15, 19, 20, 21, 25, 26, 27, 28, 29, 31, 33, 34, 37, 40, 41, 46, 47, 48, 49, 53, 55, 56, 61, 62, 82, 92, 93, 93ए, 93 बी, 96 से 100 तक, 105, 108, 122
**52500 रुपये प्रतिवर्ग मीटर**
सेक्टर-11, 12, 22, 42, 43, 45, 70 से 79 तक, 104, 107, 110, 119, 120, 121, 128 से 135 तक, 137, 143, 143 बी, 144, 151, 168
**44000 रुपये प्रतिवर्ग मीटर**
सेक्टर.63ए, 86, 106, 109, 112, 113, 116, 117, 118।

## राजस्व वसूली में लापरवाह तीन अफसरों को नोटिस

**गाजियाबाद।** शासन द्वारा राजस्व वसूली के लिए निर्धारित किए गए लक्ष्य प्राप्त नहीं करने पर जिले के तीन सरकारी विभागों के प्रमुखों को जिला प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

साथ ही उन्हें यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि यदि जनवरी से मार्च तक प्रश्नगत अधिकारियों ने यह लक्ष्य प्राप्त नहीं किया तो उनके खिलाफ सर्विस बुक में प्रतिकूल प्रविष्टि की सिफारिश प्रदेश शासन को की जाएगी। जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी विभागों के राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक की थी। जिसमें पाया गया कि माह दिसंबर 2019 में वानिकी एवं वन्य जीव कर का शासन द्वारा निर्धारित कर वसूली लक्ष्य 263.48 लाख रूपये था जिसके सापेक्ष मात्र 58.09 लाख रूपये की वसूली की गई। इसी क्रम में सिंचाई विभाग का निर्धारित लक्ष्य 278.24 लाख रूपये था।

# फुल ड्रेस रिहर्सल, एसएसपी ने ली सलामी



पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेते एसएसपी कलानिधी नैथानी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गणतंत्र दिवस को लेकर हरसॉव स्थित पुलिस लाइन में शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस के जवानो ने परेड की और सलामी भी दी। रिहर्सल के दौरान पुलिस के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने परेड की सलामी ली। उन्होंने वहा मौजूद पुलिस के जवानों को उनके कर्तव्य बोध का अहसास कराया।

उन्होंने कहा कि पुलिस कर्मियों को अपनी ड्यूटी के प्रति हमेशा सर्तक और ईमानदार रहना चाहिए। देश एवंम समाज के प्रति वह अपनी जिम्मेदारी का बखूबी पालन करे।

## 18 जवानों को सम्मानित करेगी यूपी पुलिस

**नोएडा।** उत्तरप्रदेश के नोएडा में नियुक्त 18 पुलिसकर्मियों को गणतंत्र दिवस पर उनकी उल्लेखनीय सेवा के लिए उत्तरप्रदेश पुलिस सम्मानित करेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सम्मानित करने के लिए जिन पुलिसकर्मियों को चुना गया है उनमें आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) और विशेष कार्यबल (एसटीएफ) के जवान शामिल हैं और उत्तर प्रदेश पुलिस प्रमुख ओपी सिंह उन्हें सम्मानित करेंगे। आधिकारिक आदेश के मुताबिक एसटीएफ में पुलिस उपाधीक्षक राजकुमार मिश्रा, उप निरीक्षक अवध नारायण सिंह और शावेज खान को कौस्तुभ चक्र (प्लैटिनम डिस्क) के लिए चुना गया है जो उत्तर प्रदेश पुलिस का शीर्ष सम्मान है।

# जिले की 161 ग्राम पंचायतें बनेंगी स्मार्ट



पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जिले की 161 ग्राम पंचायतें स्मार्ट बन जाएंगी और चकाचक नजर आएंगी। इन ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों की सेहत, बच्चों की शिक्षा और सफाई का माकूल इंतजाम होगा। इस सबके लिए सभी ग्राम पंचायतों में ऑपरेशन कायाकल्प शुरू कर दिया गया है।

जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल त्रिपाठी ने शुक्रवार को बताया कि सभी जिला पंचायतों का कायाकल्प किया जा रहा है जिसके तहत सभी ग्राम पंचायतों में सेहत का ख्याल रखने के उद्देश्य से खेल के मैदान विकसित किए जा रहे हैं।

साथ ही प्रत्येक गांव के एक-एक पार्क में ओपन जिम भी स्थापित की जा रही है ताकि लोग उसमें व्यायाम कर सके। अनिल त्रिपाठी ने बताया कि स्कूलों में बच्चों के खेलने-कूदने के लिए झूले आदि लगाए जा रहे हैं।

साथ ही स्कूल परिसरों में किचन गार्डन भी स्थापित किए जाएंगे। इनमें बच्चे सीजनल सब्जी आदि उगाएंगे और उन्हें इससे कृषि के बारे में जानकारी मिल सकेगी और उन्हें कृषि के प्रति प्रेरणा भी मिलेगी। डीपीआरओ ने बताया कि प्रत्येक गांव में सामुदायिक भवन भी बनाया जा रहा है। जिसमें ग्रामीण अपने कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि सफाई के उद्देश्य से प्रत्येक गांव में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन का कार्य लगातार चल रहा है। उनका का कहना है कि आने वाले समय में जिले के सभी ग्राम पंचायतों का चहुंमुखी विकास होगा।

# आवासीय इलाकों में चल रहे डेयरी फार्म अवैध : समिति

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद के आवासीय इलाकों में चल रहे डेयरी फार्म स्थानीय प्राधिकारियों से कोई लाइसेंस लिए बगैर संचालित हो रहे हैं।

एक समिति ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को शुक्रवार को यह जानकारी दी। समिति ने अधिकरण को बताया कि इन फार्मों में ठोस कचरे एवं दूषित जल के समुचित निस्तारण के इंतजामों का भी आभाव है। इस समिति में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर निगम और अन्य संस्थाओं के लोग शामिल थे। समिति ने एनजीटी को बताया, सभी डेयरी फार्म अपने यहां से गोबर एकत्र



कर उसे रेलवे पटरी के किनारे एक जगह फेंक देते हैं। इसके बाद नगर निगम इस गोबर को बागबानी में खाद के तौर पर इस्तेमाल के लिए ले जाता है। समिति ने कहा, इन डेयरी फार्मों की जमीन में दूषित जल संग्रहण के लिए समुचित व्यवस्था नहीं है। यहां रोजाना दूषित पानी एक साझी नाली में जाता है जहां से अंततः वह हिंडन नदी में पहुंचता है।

## दबंगों ने फेंका घर के बाहर सामान, परिवार को पीटा

**गाजियाबाद।** विजय नगर इलाके में दबंगों ने घर में घुसकर घर का सारा सामान रोड पर फेंक दिया। आरोप है कि घर में मौजूद महिलाओं से मारपीट भी की गई।

यही नहीं महिलाओं ने बदसलूकी का भी आरोप लगाया है। पीड़ित ने कहा है कि दबंग पूरे मकान पर कब्जा करना चाहते थे, लेकिन लोगों ने पुलिस को फोन कर दिया। आरोप है कि इस बीच दबंगों ने घर में रखी जरूरी फाइलें भी जला दी।

इस बीच मौके से दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। बता दें कि पूरा मामला प्रॉपर्टी को लेकर है जो विचारधीन है।. । पुलिस की गाड़ी की आवाज सुनकर मौके से दबंग भागने में कामयाब हो गए। हालांकि दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है।

# वकील व उसके दोस्तों पर महिला पुलिसकर्मी से गैंग रेप का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में एक महिला पुलिसकर्मी के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला पुलिसकर्मी ने एक वकील और उसके दोस्तों पर गैंगरेप का मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार, महिला पुलिसकर्मी ने मेरठ के शोभापुर निवासी एक वकील ललित उसके दोस्तों के खिलाफ नशीला पदार्थ पिलाकर गैंगरेप और अश्लील वीडियो बनाने का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी वकील पर महिला के अश्लील फ ोटो खींचकर उसे ब्लैकमेल करने का भी आरोप है। ग्रेटर नोएडा के बीटा 2 थाने में दर्ज कराई गई एफ आईआर में महिला पुलिसकर्मी ने बताया कि आरोपियों ने गैंगरेप का वीडियो भी बनाया था। आरोपी उसके वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहे थे।

पुलिसकर्मी के साथ गैंगरेप का मामला सामने आने के बाद महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने केस दर्ज कर गहनता से मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं नोएडा सेक्टर-53 स्थित गिझौर में रहने वाली 32 वर्षीय महिला होशियारपुर में संदिग्ध अवस्था में मिली। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा हैं। महिला के भाई का आरोप है कि वह गिझौर में बड़े भाई के साथ रह रही है। महिला दिमागी रूप से कमजोर है।




# यातायात निर्देशिका

गणतंत्र दिवस परेड 26 जनवरी, 2020

परेड रूट: विजय चौक – राजपथ – 'सी'–हैक्सागॉन – तिलक मार्ग – बहादुर शाह जफर मार्ग – नेताजी सुभाष मार्ग – लाल किला

आपका सहयोग




### यातायात प्रतिबंध

परेड के सुचारू रूप से चलाने के लिए परेड की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर यातायात के आवागमन को निम्नानुसार प्रतिबंधित किया जायेगा:-

1. राजपथ पर विजय चौक से इंडिया गेट तक 25.01.2020 को शाम 6:00 बजे से परेड पूर्ण होने तक कोई यातायात नहीं।
2. राजपथ पर रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड, तक 25.01.2020 को रात्रि 11:00 बजे से परेड के पूर्ण होने तक कोई यातायात नहीं।
3. 'सी' हैक्सागॉन – इंडिया गेट 26.01.2020 को सुबह 02:00 बजे से परेड के तिलक मार्ग पार कर जाने तक कोई यातायात नहीं।
4. तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और सुभाष मार्ग पर 26.01.2020 को सुबह 05:00 बजे से यातायात दोनों दिशाओं में जाने की अनुमति नहीं होगी। आर-पार के यातायात को केवल परेड के आगमन पर निर्भर करते हुए अनुमति दी जायेगी।

सड़क पर चलने वाले लोगों से अनुरोध है कि वे इसके अनुसार अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं, और अपनी सुविधा के अनुसार सुबह 02:00 बजे से 12:30 बजे तक परेड के रास्ते पर जाने से बचें।

### वैकल्पिक मार्ग

हालांकि, यदि यात्रा अपरिहार्य है, तो सड़क पर चलने वाले को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित मार्गों का प्रयोग करें:

**उत्तर से दक्षिण कोरिडोर**

- रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खाँ–आई.पी.फ्लाईओवर–राजघाट–रिंग रोड
- मदरसा से–लोधी रोड 'टी' प्वाइंट–अरबिन्दो मार्ग–एम्स चौक–रिंग रोड–धौला कुआं–वंदे मातरम मार्ग–शंकर रोड–पार्कस्ट्रीट या मंदिर मार्ग।

**पूर्व से पश्चिम कोरिडोर**

- रिंग रोड–भैरों रोड–मथुरा रोड–सुब्रमनियम भारती मार्ग–राजेश पायलट मार्ग–पृथ्वी राज रोड–सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–सीमन बॉलिवर मार्ग–अपर रिंग रोड/वंदे मातरम मार्ग या
- रिंग रोड–आईएसबीटी–चंदगीराम अखाड़ा–माल रोड–आजाद पुर–रिंग रोड।
- रिंग रोड–भैरो रोड–मथुरा रोड–लोधी रोड–अरबिन्दो मार्ग–सफदरजंग रोड–तीन मूर्ति मार्ग– मदर टेरेसा क्रिसेन्ट–पार्क स्ट्रीट–पार्क स्ट्रीट–शंकर रोड–वंदे मातरम मार्ग।

**नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए**

- **दक्षिणी दिल्ली से** : धौला कुआं–वंदे मातरम मार्ग–पंचकुईयां रोड–आउटर सर्कल कनॉट प्लेस–चेम्सफोर्ड रोड पहाड़गंज साइड के लिए या अजमेरी गेट के लिए मिंटो रोड–भवभूति मार्ग।
- **पूर्वी दिल्ली से** : आईएसबीटी ब्रिज से होते हुए बुलिवार्ड रोड–रानी झाँसी रोड–आर/ए झण्डेवालान–डी.बी.गुप्ता रोड–शीला सिनेमा रोड–पहाड़गंज पुल और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचें।

**पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए**

- **दक्षिण दिल्ली** से : रिंग रोड–आश्रम चौक–सराय काले खाँ–रिंग रोड–राजघाट–रिंग रोड–यमुना बाजार चौक–एस.पी. मुखर्जी मार्ग–छत्ता रेल–कोड़िया पुल और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुँचें।

### बसों के समापन बिन्दु

सिटी बसों का आवागमन निम्नलिखित टर्मिनल बिन्दुओं पर छोटा बनाया जायेगा:-
1. पार्क स्ट्रीट/उद्यान पार्क 2. आराम बाग रोड (पहाड़गंज) 3. आर/ए कमला मार्केट 4. दिल्ली सचिवालय (आईजी स्टेडियम) 5. प्रगति मैदान (भैरों रोड) 6. हनुमान मंदिर (यमुना बाजार) 7. मोरी गेट 8. आईएसबीटी कश्मीरी गेट 9. आईएसबीटी सराय काले खाँ 10. तीस हजारी कोर्ट

### अंतर्राज्यीय बसें

1. गाजियाबाद से शिवाजी स्टेडियम को आने वाली बसें एनएच-24, रिंग रोड से होकर भैरों रोड पर समाप्त होंगी।
2. एनएच-24 से आने वाली बसें रोड नं. 56 पर दाहिने मुड़ेंगी और आईएसबीटी आनन्द विहार पर समाप्त होंगी।
3. गाजियाबाद की तरफ से आने वाली बसें मोहन नगर से भोपुरा चुंगी की तरफ से वजीराबाद की तरफ मोड़ दी जायेंगी।

धौला कुआँ साइड से आने वाली सभी अंतरराज्यीय बसें धौला कुआँ पर समाप्त होंगी।

### मेट्रो सेवाएं

मेट्रो रेल सेवाएं 26 जनवरी, 2020 को सभी मेट्रो स्टेशनों पर गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान यात्रियों के लिए उपलब्ध रहेंगी। हालांकि, नीचे दिए गए स्टेशनों पर बोर्डिंग अनुसूची के अनुसार अनुमति नहीं दी जायेगी।

| मेट्रो स्टेशन | चढ़ने/उतरने की अनुमति नहीं |
| --- | --- |
| केन्द्रीय सचिवालय – उद्योग भवन | 26 जनवरी, 2020 सुबह 5:00 बजे से लेकर दोपहर 12:00 बजे तक |
| लोक कल्याण मार्ग (रेस कोर्स) – पटेल चौक | 26 जनवरी, 2020 सुबह 8:45 बजे से लेकर दोपहर 12:00 बजे तक |

### भारी परिवहन वाहन/हल्के परिवहन वाहन

भारी/हल्के परिवहन वाहन दिनांक 25.01.2020 को रात्रि 10:00 बजे से परेड खत्म होने तक दिल्ली की सीमाओं से दिल्ली आने के लिए प्रतिबन्धित रहेंगे।
भारी/हल्के परिवहन वाहनों का दिनांक 26.01.2020 को सुबह 07:30 बजे से दोपहर 13:30 बजे तक रिंग रोड पर आईएसबीटी सराय काले खाँ एवं आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा।

### टीएसआर/टैक्सी

26.01.2020 को सुबह 07:00 बजे के बाद किसी भी टीएसआर और टैक्सी को प्रतिबंधित क्षेत्र में आने या इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं होगी:-
मदर टेरेसा क्रिसेंट – बाबा खड़क सिंह मार्ग–अशोका रोड आर/ए पटेल मार्ग तक–टॉलस्टॉय मार्ग कस्तूरबा गाँधी मार्ग तक–कस्तूरबा गांधी मार्ग फिरोजशाह रोड तक–फिरोजशाह रोड आर/ए मंडी हाउस तक–भगवान दास रोड–मथुरा रोड–सुब्रमनियम भारती मार्ग–हुमायूँ रोड–एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग–कमल अतातुर्क मार्ग–कौटिल्य मार्ग और सरदार पटेल मार्ग और सरदार पटेल रोड (को छोड़कर)

### आम जनता के लिए दिशा-निर्देश

किसी भी लावारिस सामान या संदिग्ध व्यक्ति को देखने पर तुरंत ड्यूटी पर तैनात अपने नजदीकी पुलिसकर्मी को इसकी सूचना दें। 15.02.2020 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के क्षेत्राधिकार के भीतर उप पारंपरिक हवाई प्लेटफॉर्म जैसे पैरा-ग्लाइडर्स, पैरा मोटर्स, हैंग ग्लाइडर, यूएवी, यूएएस, माइक्रोलाइट, एयरक्राफ्ट, रिमोट द्वारा चलने वाले एयरक्राफ्ट, हॉट एयर बैलून, छोटे आकार के पावर्ड एयरक्राफ्ट, क्वाडकॉप्टर को उड़ाने या एयरक्राफ्ट आदि से पैरा जम्पिंग करने पर प्रतिबंध लगाया गया है। आम जनता और वाहन चालकों से अनुरोध किया जाता है कि वे संयम बरतें और यातायात नियमों का पालन करते हुए सड़क पर अनुशासन बनाये रखें और सभी चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों के निर्देशों का पालन करें। किसी भी असुविधा से बचने के लिए लोगों को सलाह दी जाती है कि वे समय पर अपनी यात्रा कि योजना बना लें।

ट्रैफिक प्रहरी बनें | ऐप डाउनलोड करें App Store Google Play | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | जानकारी साझा करने के लिए कॉल करें 1090 | तुरंत पुलिस सहायता के लिए कॉल करें 112

DP/9210/2020

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

विधानसभा चुनाव 2020

# जिन्ना वाली आजादी चाहिए या भारत माता की जय : जावड़ेकर



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

शाहीन बाग में चल रहे सीएए विरोधी प्रदर्शन का हवाला देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि दिल्ली वाले तय करें कि वे जिन्ना वाली आजादी चाहते हैं या भारत माता की जय। उन्होंने आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पर अल्पसंख्यकों में जहर घोलने का भी आरोप मढ़ा। गुरुवार को दिए मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री ने बयान दिया उससे साबित हो गया कि शाहीन बाग के आंदोलन के पीछे कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की मिलीभगत थी।

प्रकाश जावडेकर ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस के नेता मणिशंकर अय्यर शाहीन बाग जाते है और लोगों को भड़काते है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के बयान से साफहो गया कि वो उनका समर्थन करते है। केजरीवाल की सहानूभूति शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों के साथ है उनकी दुख तकलीफ उनको नजर आती है लेकिन उनकी सहानूभूति सरिता विहार, जसोला और मदनपुरखादर के लोगों के साथ नहीं है जो कई दिनों से प्रदर्शन की वजह से घर से बाहर तक नहीं निकल पा रहे है। यहां रहने वाले बच्चों के दिमाग में जहर घोला जा रहा है। वह प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को मारने की बात करते है।

जावडेकर के अनुसार पाकिस्तान, बांग्लादेश व अफगानिस्तान से धर्म के आधार पर प्रताड़ना झेल रहे वो लोग जो अपनी सम्पत्ति अपना सबकुछ छोड़कर भारत में शरण लेने आये जिनमें हिन्दुओं में दलित वाल्मिकी, मटूआ एवं ओट समाज के अधिकांश लोग है उनके प्रति कांग्रेस और आप को सहानूभूति नहीं है लेकिन जिन्ना वाली आजादी चाहने वालों के लिए इनको तकलीफ होती है।

आप और कांग्रेस एक ही सिक्के दो पहलू है। मोदी सरकार ऐसे लोग जिनके साथ 20 वर्षों से अन्याय हो रहा है। भारत में शरण लिये हुये है उनको नागरिकता देना चाहती है। पाकिस्तान के विभाजन के बाद ये लोग वहां रहने को मजबूर थे लेकिन वहां उनके साथ प्रताड़ना हुई। सीएए को केजरीवाल छोटा मुद्दा कहते है लेकिन यह हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

## घड़ियाली आंसू बहा रहे कांग्रेस व आप : भाजपा



नुक्कड़ सभा को संबोधित करते जेपी नड्डा। फोटो रंजन डिमरी।

● दिल्ली में विकास भाजपा के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने मिलकर किया : नड्डा

नई दिल्ली। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर वोट बैंक के लिए लोगों के सामने घड़ियाली आंसू बहाने का आरोप मढ़ा। केजरीवाल नारे लगा रहे हैं कि अच्छे बीते पांच साल लेकिन 57 महीने तक कहते रहे कि मोदी ने काम नहीं करने दिया। पांच साल केजरीवाल दिल्ली के लोगों को झूठ बोलते रहे लेकिन दिल्ली की जनता अब उनके झूठ को समझ चुकी है इसलिए उनके बहकाने में नहीं आने वाली है। जनता को गुमराह करना आम आदमी पार्टी की फितरत है। जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार को लक्ष्मी नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अभय वर्मा और विश्वास नगर से उम्मीदवार जगदीश प्रधान के समर्थन में वोट की अपील करते हुए नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि जिसने न अस्पताल खुलवाए न डीटीसी बस लेकर आए। ऐसी पार्टी का हारना तय है। मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की समस्याओं को दूर करने की दिशा में कई काम हुए जो आजतक आम आदमी पार्टी सरकार नहीं कर पाई। प्रदूषण कम करने के लिए ईस्टर्न-वेस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे, मेरठ एक्सप्रेसवे का निर्माण करवाया। 1731 अनधिकृत कॉलोनियों का नियमित करने का बीड़ा उठाया। गरीबों को पक्का मकान देने के लिए जहां झुग्गी। वहीं मकान योजना को लागू किया गया।

# जो कहते हैं वो करते हैं: अमित शाह

● मुस्तफाबाद, करावल नगर और गोकलपुर में की जनसभा



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दिल्ली में विकास के मुद्दे पर कांग्रेस और आदमी पार्टी पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि दिल्ली वाले 15 साल कांग्रेस को और 5 साल आम आदमी पार्टी को दिए लेकिन एक मौका भाजपा को भी दें। वह दिल्ली को श्रेष्ठ बना देगें। हमारी परंपरा है कि जो कहते है वो करते है। सात सांसदों को दिल्ली में जीताया। बदले में पीएम मोदी कच्ची कॉलोनियों को नियमित कर दिया। कश्मीर से अनुच्छेद 370 व 35ए को खत्म करने की हिम्मत की।

अमित शाह के अनुसार अनुच्छेद 370 पर झूठ व भ्रम कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने खूब लोगों को भड़काया। जेएनयू में एक गैंग है जो कहता है भारत तेरे टुकड़े होगें एक हजार एक हजार और मोदी ने ऐसे लोगों को जेल की सलाखों के पीछे बिठा दिया लेकिन मुकदमा चलाने के लिए दिल्ली सरकार अनुमति नहीं दे रही है।

मुस्तफाबाद और करावल नगर में भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह जगदीश प्रधान और मोहन सिंह बिष्ठ और गोकलपुर से रंजीत कश्यप के पक्ष में वोट मांगने आए हैं। उन्होंने मतदाताओं से अनुरोध किया कि बिना सोच समझे किसी भी प्रत्याशी को न चुने क्योंकि पांच साल पहले आपने बिना सोचे समझे ऐसी पार्टी को चुना जिसने आपसे वादे तो किये लेकिन पूरा नहीं किया। यह वही सरकार ने जिसने दिल्ली को विकास के मामले में आगे ले जाने के बजाय 10 साल पीछे छोड़ दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि दिल्ली में हर घर नल से शुद्ध जल पहुंचाने का काम भाजपा करेगी।

हम जो कहते वो करते है इसलिए दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाकर दिल्ली को विकास पथ पर अग्रसर करने का काम आप सभी लोग किजिए।

# जाति-धर्म नहीं काम पर लड़ेंगे चुनाव: सीएम



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनाव में मतदान आप सरकार द्वारा पिछले पांच वर्षों में किए गए काम के आधार पर होगा न कि जाति या धर्म के आधार पर। रोहिणी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा कि वह गृह मंत्री अमित शाह को अपने भाषण में अनधिकृत कॉलोनियों, शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में बोलते हुए सुनकर बहुत खुश हैं क्योंकि यह दर्शाता है कि आप सरकार ने देश में राजनीतिक विमर्श की दिशा बदल दी है।

केजरीवाल के अनुसार देश के बाकी हिस्सों में भाजपा जाति और धर्म के आधार पर वोट मांगती है, लेकिन दिल्ली में उन्हें स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे विकास संबंधी कार्यों के आधार पर वोट मांगने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

## आप विधायक जगदीप ने वापस लिया इस्तीफा

नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव के लिए टिकट काटे जाने से नाराज होकर आम आदमी पार्टी छोड़ने के कुछ ही दिनों बाद, हरि नगर के निवर्तमान विधायक जगदीप सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सलाह पर अपना इस्तीफा वापस ले लिया है।

उन्होंने कहा कि आप नेतृत्व और मुख्यमंत्री ने मुझे पार्टी के साथ रहने की सलाह दी। पिछले कुछ वर्षों में पार्टी ने हर विस क्षेत्र में अच्छा काम किया है, इसलिए पार्टी से जुड़े रहना चाहिए। गौरतलब है कि सिंह ने टिकट काटे जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पिछले हफ्ते आप छोड़ दी थी। राजकुमारी ढिल्लों को पार्टी ने मैदान में उतारा है।

## सीएए पर आप-भाजपा बना रही बेवकूफ: सुभाष चोपड़ा

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भाजपा और आप नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के मुद्दे पर लोगों को बेवकूफ बना रही हैं।

चोपड़ा की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब एक दिन पहले दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि वह शाहीन बाग की महिलाओं के साथ खड़े हैं।

## शाह को सिसोदिया की चुनौती, खुद आकर देखें स्कूल

*नई दिल्ली। विधानसभा चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। वैसे-वैसे राजनीतिक पार्टियों में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दिल्ली नए स्कूल का निर्माण नहीं कराने के आरोप पर आम आदमी पार्टी तीखी प्रतिक्रिया दी है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शाह को पटपड़गंज विधानसभा में रोड शो करने का निमंत्रण दिया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री यहां कोई भी जनसभा या रोड शो करें। वहां उनको इलाके में दिल्ली सरकार द्वारा बनाया गया ऐसा स्कूल*



*दिखाएंगे। जैसा भाजपा शासित किसी भी राज्य के मुख्यमंत्री ने अपने राज्य में न तो देखा होगा और न तो बनवाया होगा। अगर वह पटपड़गंज क्षेत्र में नहीं आना चाहते हैं तो वह कोई भी इलाका बता दें। वह उन्हें उस क्षेत्र में आप सरकार द्वारा बनाए गए स्कूलों का दौरा कराएंगे। उनकी सरकार ने केवल नए स्कूलों का निर्माण नहीं कराया बल्कि पुराने स्कूलों की भी कायापलट कराया है। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा के 7 के 7 सांसद जीते। अगर गत 6 सालों में भाजपा के सातों सांसदों ने कोई काम किया होता तो गृहमंत्री अमित शाह को इस प्रकार के जुमले बोलने की जरूरत नहीं पड़ती। मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को गृहमंत्री अमित शाह द्वारा एक जनसभा में दिए गए भाषण पर पटलवार करते हुए कहा कि यह अच्छी बात है कि शाह अपने भाषणों में दिल्ली पर बात कर रहे हैं।*






# गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल में कला, संस्कृति, देशभक्ति का संगम





## जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को यहां चौधरी सुरेंद्र सिंह क्रिकेट पवेलियन में गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। इस दौरान आयोजित कार्यक्रमों में कला, संस्कृति, देशभक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। बच्चों, युवाओं ने पूरे जोश और जज्बे के साथ अपनी प्रस्तुतियां देकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने सभी कार्यक्रमों को बारीकी से देखा और गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शामिल करने को सूची तैयार कराई।

डीसी अमित खत्री तथा सीपी मोहम्मद अकील ने 71वें गणतंत्र दिवस पर गुरुग्राम जिला में होने वाले कार्यक्रमों की शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहसल की तैयारियों का जायजा लिया। सीपी मोहम्मद अकील और एसीपी प्रशांत पंवार ने परेड में भाग लेने वाली टुकड़ियों का निरीक्षण किया और भव्य परेड की सलामी ली। पुलिस आयुक्त ने टुकड़ियों को मार्च पास्ट के लिए कुछ टिप्स भी दिए। गणतंत्र दिवस समारोह के जिला स्तरीय कार्यक्रम में इस बार 8 टुकड़ियां भाग ले रही हैं, जिनमें गुरुग्राम पुलिस, गुरुग्राम महिला पुलिस, गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस, होमगार्ड, एनसीसीसी सीनियर विंग, स्टूडेंट पुलिस कैडेट (एसपीसी), गर्ल्स गाईड और प्रजातंत्र के प्रहरी की टुकड़ियां शामिल हैं। इस बार परेड टुकड़ियों का नेतृत्व एसीपी हेडक्वार्टर उषा द्वारा किया जा रहा है। मार्च पास्ट पर बैंड की धुन देव समाज स्कूल, गुरुनानक पब्लिक स्कूल और ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा दी जाएगी। रिहर्सल में विद्यार्थियों ने देशभक्ति और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी।

**एक्रोबैटिक्स योगा की प्रस्तुति ने मोहा मन : रिहर्सल** में योगा कोच अजीत के मार्ग दर्शन में योग के विद्यार्थियों द्वारा एक्रोबैटिक्स योगा की प्रस्तुति भी दी। योग पर आधारित एक अन्य प्रस्तुति भी इस बार प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार रखी गई है जिसमें आज विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार सहित अन्य योग क्रियाओं को करके दिखाया गया।

### गणतंत्र दिवस तैयारी को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल

**सोहना।** गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर स्कूली बच्चों ने फुल ड्रेस रिहर्सल की। सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भाग लेंगे। एसडीएम डॉक्टर चिनार गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि होंगी। सोहना के देवीलाल खेल स्टेडियम में खंड स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम मनाए जाने के लिए स्कूली बच्चों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सोहना के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल परिसर में स्कूली विद्यार्थियों की फुल ड्रेस रिहर्सल कराई गई। इससे पहले एनसीसी और पुलिस कर्मियों की रिहर्सल देवीलाल खेल स्टेडियम में ही कराई गई। तहसीलदार योगेश कुमार ने बताया कि खंड स्तरीय कार्यक्रम की पूरी तैयारियां कर ली गई है। कार्यक्रम में करीब 300 स्कूली विद्यार्थी सांस्कृतिक व देशभक्ति कार्यक्रम पेश करेंगे।

# दिल्ली से मुम्बई जाने में 12 घंटे की होगी बचत : नितिन गडकरी

## दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस हाईवे का कई राज्यों को होगा फायदा

## गुरुग्राम जिला के सोहना के साथ से शुरू होगा यह हाईवे

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के मानेसर में मीडिया से बात करते केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, साथ में राज्य मंत्री वीके सिंह।

**केन्द्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस हाइवे गुरुग्राम जिला के सोहना के साथ से शुरू होगा और इसके बनने से हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के पिछड़े क्षेत्रों का विकास होगा। यह हाईवे इन क्षेत्रों के लिए एक ग्रोथ इंजन का काम करेगा। इसके पूरा होने पर दिल्ली से मुंबई जाने में 12 घंटे के समय की बचत होगी। यह बात उन्होंने शुक्रवार को मानेसर स्थित हैरिटेज विलेज में मीडिया से मुखातिब होते हुये कही।

नितिन गडकरी ने कहा कि इस हाईवे को मोदी सरकार के वर्तमान कार्यकाल में पूरा कर लिया जाएगा। इसके साथ में लॉजिस्टिक पार्क तथा स्मार्ट सिटी आदि विकसित किए जाएंगे। उन्होंने यहां पर अपने मंत्रालय तथा एनएचएआई के अधिकारियों के साथ दो दिन तक देश में सड़क तथा राजमार्ग परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ पूर्व सेनाध्यक्ष एवं सड़क, परिवहन तथा राजमार्ग राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी थे। नितिन गडकरी ने बताया कि गुरुग्राम में हीरो होंडा चौंक पर फ्लाईओवर मरम्मत के कार्य को 15 फरवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया कि इस फ्लाईओवर को अगले 5 साल मरम्मत की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### खेड़कीदौला टोल प्लाजा के लिए देख ली है जमीन

**खेड़कीदौला** टोल प्लाजा के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री गडकरी ने कहा कि हम इसे शिफ्ट करने के लिए कटिबद्ध हैं। इसके लिए जगह भी चिन्हित की जा चुकी है, लेकिन उच्च न्यायालय में मामला होने के कारण थोड़ी कठिनाई आ रही है। उन्होंने कहा कि कानूनी अड़चनों को कम करते हुए इस टोल प्लाजा को शिफ्ट किया जाएगा।

### धीरे-धीरे दूर होंगी टोल पर फास्टटैग की समस्या

**खेड़कीदौला** टोल प्लाजा पर फास्टटैग अनिवार्य करने की वजह से लगने वाली लंबी लाइनों के बारे में पूछे जाने पर नितिन गडकरी ने कहा कि ये शुरूआती दिक्कते हैं। धीरे-धीरे इन दिक्कतों को दूर किया जा रहा है। उन्होंने बताया ि कइस टोल प्लाजा पर 78 प्रतिशत फास्टटैग प्रयोग होने लगा है। जहां कठिनाई है उसकी मशीनरी को रिप्लेस किया जाएगा। एक अन्य सवाल के जवाब में नितिन गडकरी ने कहा कि दिल्ली से चंडीगढ़ जाने वाले हाईवे में अधूरे पड़े काम को पूरा करवाया जा रहा है। इस हाईवे पर सभी कार्य पूरे होने में लगभग डेढ़ वर्ष का समय लगेगा। एक अन्य सवाल का जवाब देते हुए गडकरी ने बताया कि दो दिन तक मानेसर में चली बैठक में देशभर की 730 परियोजनाओं की समीक्षा की गई है और तीन महीने बाद फिर से समीक्षा होगी।

# गुरुग्राम के कन्या कॉलेज ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी




युवा महोत्सव के अंतिम दिन खुशी जाहिर करती विजेता टीम।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विश्वविद्यालय के पहले युवा महोत्सव में गुरुग्राम के सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय ने ओवरऑल ट्रॉफी जीती। समापन समारोह में विवि के कुलपति डा. मार्कण्डेय आहुजा मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विजेता टीमों को सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि डा. अंजू आहुजा रही।

युवा महोत्सव में ओवरऑल लिटरेरी इवेंट के लिए गीतांजली नाम से ट्रॉफी द्रोणाचार्य सरकारी कॉलेज गुरुग्राम को मिली। फाइन आर्ट्स के लिए चित्रलेखा ट्रॉफी राजकीय कन्या कॉलेज सेक्टर-14 गुरुग्राम को मिली। गायन प्रतियोगिताओं के लिए ओवरऑल हरिदास ट्रॉफी राजकीय कन्या कालेज सेक्टर-14 गुरुग्राम को मिली। नृत्य प्रतियोगिताओं के लिए ललिता ट्रॉफी मेजबान गुरुग्राम विश्वविद्यालय की टीम को मिली। थियेटर इवेंट के लिए पृथ्वी ट्रॉफी कन्या कॉलेज सेक्टर-14 गुरुग्राम को मिली। सभी विधाओं में अव्वल आने पर ओवरऑल माधव ट्रॉफी राजकीय कन्या कॉलेज सेक्टर-14 गुरुग्राम को मिली। कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहूजा और डॉ. अंजू आहूजा ने सभी 22 कॉलेजों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया।

# गुरुग्राम के सरकारी स्कूल में छात्र पर फेंका केमिकल

## साइंस लैब में लापरवाही कहकर मामले को दबाने का प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**शुक्रवार** को गुरुग्राम में एक सरकारी स्कूल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक छात्र ने दूसरे छात्र पर केमिकल फेंक दिया। राजेंद्रा पार्क थाना प्रभारी का कहना है कि स्कूल प्रशासन और आरोपी छात्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जिला के गांव धनकोट के राजकीय स्कूल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक छात्र ने आठवीं कक्षा के छात्र पर केमिकल फेंक दिया। जब तक कोई कुछ समझ पाता, पीड़ित छात्र बुरी तरह से घायल हो चुका था। आनन-फानन में उसे अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया। यह घटना उस समय की बताई जा रही है, जब स्कूल में विद्यार्थियों से टॉयलेट साफ कराये जा रहे थे। इसी दौरान छात्रों के बीच कहासुनी हुई और एक छात्र ने दूसरे पर केमिकल ही फेंक दिया। पहले तो इसे मजाक-मजाक में की गई हरकत बताया। फिर स्कूल प्रशासन ने मामला दबाने का प्रयास किया। टॉयलेट साफ करने की घटना दबाकर सफाई दी गई कि साइंस लैब में छात्र काम कर रहे थे, इसी दौरान यह केमिकल छात्र पर गिर गया। इस दौरान वह चेहरे व कंधे से झुलस गया। घटना की सूचना पाकर पीड़ित छात्र के परिजन व ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मांग की कि पीड़ित छात्र के उपचार का खर्च प्रिंसिपल से लिया जाए।

# हरियाणा में 21.6 फीसद लोग करते हैं एल्कोहल का प्रयोग

## युवाओं में बढ़ती नशे की लत से लोग हैं परेशान

## झाड़सा गांव में नशा और मनोरोग पर हुआ चिंतन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



संत कबीर आश्रम में नशा और मनोरोग पर चिंतन कार्यशाला को संबोधित करते हुए मनोरोग चिकित्सक डॉ. आशीष मित्तल।

**हरियाणा** में बढ़ रहे नशे के उपभोग से मानसिक रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। वर्तमान में देशभर में 16 करोड़ से अधिक लोग एल्कोहल का उपभोग करते है, जबकि हरियाणा में 21.6 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में एल्कोहल का उपभोग करते है। इनकी औसत आयु 10 साल से 75 साल के बीच है। जोकि चिंता का विषय है।

युवाओं में नशे को लेकर यहां झाड़सा गांव के संत कबीर आश्रम में संबंध हेल्थ फाउंडेशन (एसएचएफ) की ओर से नशा और मनोरोग पर चिंतन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी दौरान ग्रामीणों की ओर से जानकारी दी गई कि उनके युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। जो कि गहन चिंता का विषय है। इस मौके पर मानसिक रोग चिकित्सक डॉ. आशीष मितल ने स्थानीय लोगों को नशा करने से होने वाले दुष्प्रभाव को बताया। साथ ही यह भी बताया कि नशे की अधिकता से यह शरीर में मानसिक रोग का भी कारण बनता है। इस दौरान नशे के प्रभाव के साथ ही इसको छोड़ने के बारे में भी जानकारी दी गई। नशे से तन मन के साथ ही समय और धन की बर्बादी होती है। इसके साथ नशा सामाजिक बुराई के साथ ही शारीरिक व मानसिक बीमारी भी है। लगातार गंभीर हो रही इस लत की बीमारी को लेकर लोग लापरवाह हो रहे हैं। खासकर, किशोर व युवा वर्ग। स्कूल जाने की उम्र से ही किशोर तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। इस नशे की चपेट में आकर खुद को खोखला कर रहे हैं। इस तरह की स्थिति पूरे झारसा इलाके में है।

वर्तमान में खुलेआम अफीम, गांजा, चरस, खांसी की सीरप, कोकिन इत्यादि मिल रहा है, जोकि युवाओं में आसानी से पहुंच बना चुका है। ये सभी मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। देशभर में 16 करोड़ से अधिक लोग एल्कोहल का उपभोग करते हैं, जबकि हरियाणा में 21.6 प्रतिशत लोग किसी न किसी रूप में एल्कोहल का उपभोग करते है। इनकी औसत आयु 10 साल से 75 साल के बीच है।

इस दौरान उन्होंने मौजूद ग्रामीणों के नशा व मानसिक रोग से जुड़े सवालों का जवाब भी दिया। वह नशे के कारण, लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में बता रहे थे। अधिकांश सवाल ऐसे माता-पिता के थे, जो बच्चों के नशा करने की समस्या से परेशान थे। कुछ महिलाएं भी थी, जिन्होंने अपने पति का नशा छुड़ाने के लिए परामर्श लिया। फाउंडेशन की ट्रस्टी रीता सेठ ने कहा है कि लंबे समय तक तनाव में रहने के कारण मानसिक रोग के शिकार हो सकते है। हमारे शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, जिस कारण डिप्रेशन सहित कई तरह की बीमारियों से हम ग्रसित होते जा रहे है।

# संक्षिप्त-समाचार

## सुमेरा हत्याकांड के हत्यारोपियों को जेल भेजा

**सोहना।** निमौठ निवासी राजमिस्त्री सुमेरा हत्याकांड का मुख्य हत्यारोपी विक्रम हत्या के बाद सुमेरा का शव नहर में फेंकने के बाद हर रोज अखबर पढ़ता था। सुबूत छिपाने के इरादे से विक्रम ने अपना मोबाइल फोन भी आग के हवाले कर दिया था। दो दिन के पुलिस रिमांड पर आया विक्रम और उसके साथ संजू ने अपना आरोप कबूल कर लिया। निमौठ निवासी सुमेरा हत्याकांड की जांच कर रहे एसीपी मुकेश कुमार ने बताया कि दो दिन के रिमांड पर आए विक्रम व संजू से अहम् सुबूत बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद दोनों को अदालत के आदेश पर जेल भेज दिया।

## यातायात नियमों में बरती लापरवाही तो जा सकती है जान



**नूंह।** जिले के मालब गांव के सरकारी स्कूल में ट्रैफिक पुलिस द्वारा चलाया जा रहे सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कार्यक्रम में स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं से बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों को जानकारी देते हुए ट्रैफिक पुलिस के सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने बताया कि सड़क पर वाहन चलाते समय व्यक्ति को नियमों की पालना करनी चाहिए, दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट व कार या ट्रक चालकों को बिना सीट बेल्ट के नहीं चलना चाहिए, क्योंकि सड़क नियमों के बरती गई छोटी सी लापरवाही व्यक्ति को मौत की नींद सुला सकती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कम उम्र में ड्राइविंग नहीं करनी चाहिए। ताकि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। इस मौके पर कार्यक्रम में ट्रैफिक पुलिस के गिर्राज, विवेक, जाहिद आदि स्कूली स्टाफ और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

## योगा प्रतियोगिता में गुरुग्राम के बच्चों ने दिखाया हुनर

**गुरुग्राम।** मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में योगा प्रतियोगिता में पहुंचे बच्चों ने योग के क्षेत्र में अपना हुनर दिखाकर प्रतिभा का लोहा मनवाया। एक से बढ़कर एक योग की मुद्रायें करके प्रतिभागियों ने योग के लिए आकर्षण पैदा किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन पतंजलि युवा भारत गुरुग्राम (भारत स्वाभिमान) एवं हरियाणा राज्य योग सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे स्टेशन के पास बिश्नी देवी अग्रवाल धर्मशाला में किया गया। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता का शुभारंभ भारत स्वाभिमान ट्रस्ट हरियाणा के पूर्व प्रभारी एवं संरक्षक त्रिलोक शर्मा ने किया। इसके बाद शुरू हुई योग स्पर्धायें। इसमें 300 स्कूली बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में 9 से 14 वर्ष एवं 15 से 25 वर्ष आयु वर्ग की पुरुष व महिला वर्ग की एकल व सामूहिक प्रतियोगिता कराई गयी।

## क्राउन प्लाजा होटल में शुरू हुआ होम लोन एक्सपो

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम सिंडिकेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सेक्टर 29 स्थित क्राउन प्लाजा में आज से दो दिवसीय होम लोन एक्सपो की शुरुआत की गई। इस एक्सपो में कई जाने माने बिल्डरों जैसे हीरो होम्स, शापूरजी पालोनजी, सेंट्रल पार्क, अदानी, एटीएस ने भाग लिया। आयोजित एक्सपो में 120 से अधिक लोगों से संपकज़् करते हुए उन्हें होम लोन संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। यह एक्सपो 2 दिन चलेगा जिसमें लोगों को होम लोन संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। इस एक्सपो का शुभारंभ आंचलिक दिल्ली आंचलिक कार्यालय प्रबंधक अभय कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह एक्सपो देशभर की सभी सिंडिकेट बैंक शाखाओं के क्षेत्रीय कार्यालयों में आयोजित किया जा रहा है। शिवानी नरूला ने बताया कि बैंक द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सब्सिडी पर भी निवास ऋण उपलब्ध कराया जाता है।

## आई लिव सिंपली मूवमेंट का आयोजन शनिवार को

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम एवं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के सहयोग से शनिवार 25 जनवरी को आई लिव सिंपली मूवमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सिविल लाईंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद भवन में आयोजित होने वाली इस सिटी चैप्टर मीट में हिमालय इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव लिव सिंपली के सोनम वांगचुक सस्टेनेबल प्रेक्टिस को अपनाने के बारे में जागरूक करेंगे। जलवायु परिवर्तन ने हमारे द्वारा उत्पन्न किए गए कचरे को कम करने और प्रबंधित करने के उपायों को खोजने की आवश्यकता को तेज कर दिया है।

## मुकदमा खारिज कराने को एकजुट हुए वकील



**नूंह।** पुन्हाना के बिछौर गांव में बीते दिनों एनआरसी व सीएए के खिलाफ हुए प्रदर्शन में दर्जनभर से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज हुए मामले झूठे बताते हुए शुक्रवार को पुन्हाना में वकीलों ने एकजुट होकर खारिज करने की मांग की। वकीलों ने कहा कि शांतिपूर्वक आवाज उठाने के बावजूद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है, जो कि गलत है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द मुकदमे को खारिज नहीं किया तो सभी वकील अनिश्चित कालीन धरना दे सकते हैं। वकीलों ने कहा कि पुलिस ने झूठा मामला दर्ज किया है। मेवात में जितने भी एनआरसी व सीएए के विरोध में प्रदर्शन हुए हैं। सभी शांतिपूर्वक ढंग से किए गए हैं। पुलिस द्वारा दर्ज मामले में कितनी सच्चाई है ये तो नहीं कहा जा सकता, लेकिन इससे पहले जिले में धारा 144 लगने के तुरंत बाद ही पुन्हाना के लघुसचिवालय में शव रखकर नारेबाजी की गई और धारा 144 का भी उल्लंघन किया। दूसरे दिन पुन्हाना शहर में भी विरोध जताया और पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की। ये सब पुलिस प्रशासन के आंखों के सामने हुआ, लेकिन किसी पर भी कोई मुकदमा नहीं दर्ज हुआ। हालांकि मामला पुराना हो चुका है, लेकिन एनआरसी व सीएए के खिलाफ आवाज बुलंद करने पर पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे से मामले की याद ताजा हो गई है और खाकी पर सवाल उठने लगे हैं।

# भारतीय शहरों में रक्तदान शिविर व जागरुकता कार्यक्रम करेगी तत्सत फाउंडेशन

## रक्तदान शिविरों सहित गैर सरकारी संगठनों की भागीदारी में होंगे किताबें, खिलौने और कपड़े दान

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**तत्सत** ग्लोबल एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन, द्वारा एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर के साथ-साथ जीडांस, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी और नेकी की दीवर के समर्थन में किताब, कपड़े और खिलौने दान अभियान भी चलाया गया। दिल्ली, एनसीआर में आयोजित शिविर में भारी भागीदारी देखी गई, जिसे विशेषज्ञों और डॉक्टरों की देखरेख में आयोजित किया गया था।

शिविर उद्देश्य करुणा का प्रसार करते हुए विभिन्न मुद्दों को उजागर करना था। इसके विषय में तत्सत फाउंडेशन की संस्थापक निदेशक सुमी गुप्ता ने बताया, हम स्वास्थ्य, बीमारियों की रोकथाम, स्वच्छता और समग्र कल्याण के क्षेत्रों में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। युवाओं को दान, परोपकार के प्रति जागरूक करना जरूरी है। नवोन्मेषी सोच, नई रचनात्मक प्रवृति, रणनीतिक योजना और साझेदारी के साथ आगे बढ़ना इस साल हमारा लक्ष्य है और यह बहुत सकारात्मक है कि वर्ष के हमारे पहले कार्यक्रमों में से एक को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। जल्दी ही हम अगला रक्तदान शिविर और चैरिटी ड्राइव, किताब, कपड़े, और खिलौने दान का कार्यक्रम एनसीआर में आयोजित करेंगे, जिसके बाद इस श्रृंखला को बेंगलुरु, पुणे सहित भारत के अन्य शहरों में भी आयोजित करेंगे। उन्होंने बताया, शिविर ने स्वयं सेवकों के एक विविध समूह को आगे आने और रक्त दान करने के लिए प्रेरित किया। फरवरी में वंचित पृष्ठभूमि के बच्चों के जीवन में सुधार लाने के लिए गुरुग्राम, नोएडा, पुणे और बैंगलोर में कपड़े, खिलौने और पुस्तकों के लिए दान अभियान का आयोजन किया जाएगा।

# फिल्म तान्हाजी देखकर दी नेताजी को श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**नेताजी** सुभाषचंद्र बोस को खास अंदाज में श्रद्धांजलि दी गई। शुक्रवार को शहर के एक मॉल स्थित मल्टीप्लेक्स में शहर के आध्यात्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक क्षेत्र से जुड़े महिला, पुरुषों ने तान्हाजी फिल्म देखी। शिवाजी महाराज की वीर बलिदानी सूबेदार तान्हाजी मालसुरे के जीवन पर बनी तान्हाजी फिल्म देखकर हर किसी ने उनके शौर्य और बलिदान की सराहना की।

मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में गुरुग्राम मेरा-मैं गुरुग्राम का मिशन के आह्वान पर इस फिल्म का हर शो बुक कराया। फिल्म शुरू होने से पूर्व भारत माता व नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। शो का शुभारंभ आर्य समाज के संरक्षक व मेवात में अपनी गतिविधियों के माध्यम से समाज को प्रेरित करने वाले वरिष्ठ समाजसेवी पदमचंद आर्य ने अपनी पत्नी सुमित्रा आर्य के साथ नेताजी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करके किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्में हमें खुद भी देखनी चाहिये और अपनी भावी पीढ़ी को भी दिखानी चाहिये, ताकि उनमें देशभक्ति का जज्बा पैदा हो।

# अगर दवाएं गंभीरता से ली जाएं तो अस्थमा पर नियंत्रण रखा जा सकता है

## नौ फेस्टिव सीजन के बाद अस्थमा के मामलों में 30 से 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**फेस्टिव** सीजन के बाद सर्दियां आती हैं। इस मौसम में चाहे कोई घर के अंदर रहे या बाहर रहे, सर्दियों में अस्थमा के अटैक के मामले और बढ़ेंगे। फेफड़ों के रोग से पीड़ित मरीजों को सर्दियों का मौसम खराब और परेशानी से भरा महसूस हो सकता है।

अमेरिकन लंग एसोसिएशन की फैक्टशीट में कहा गया है कि अस्थमा सबसे पुरानी बीमारियों में से एक है और फिलहाल इससे 18 वर्ष से कम आयुवर्ग के 7.1 मिलियन बच्चे प्रभावित हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी के अनुसार 13.8 मिलियन डिसैबिलिटी एडजस्टेड लाइफ ईयर (DALYs) अस्थमा के कारण हर साल दम तोड़ देते हैं, यह रोग वैश्विक स्तर पर बीमारी के बोझ के 1.7 फीसदी का प्रतिनिधित्व करता है। दुनिया भर में 30 करोड़ लोग अस्थमा से पीड़ित हैं, और सर्दियों के मौसम में इन मरीजों में अस्थमा के लक्षण और बदतर तरीके से उभरते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अस्थमा के मरीजों की सांस की नली में सूजन आ जाती है, जिसके कारण मरीजों के सांस लेने में दिक्कत होती है। इससे मरीजों के अन्य अंगों का प्रतिक्रिया भी बढ़-चढ़कर होती है। अस्थमा के मरीजों के लिए ठंडा माहौल उपयुक्त नहीं है। इससे उनके हानिकारक वायरस की चपेट में आने का खतरा रहता है। अस्थमा के मरीजों के फेफड़े और सांस की नली काफी संवेदनशील होते हैं।

**इनहेलेशन थेरेपी और उसस जुड़ी गलत धारणाएं :** कई मरीजों और उनकी देखरेख करने वाले परिजनों को अस्थमा के कारणों और इलाज के मौजूदा विकल्पों की जानकारी नहीं होती। अस्थमा एक आनुवांशिक और एक मनुष्य से दूसरे मनुष्य में फैलने वाला रोग है। मरीजों को अस्थमा के अटैक से बचाने के लिए कई इलाज उपलब्ध हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जनवरी, 2020



# बेलगाम डंपर की चपेट में आकर पुलिसकर्मी की दर्दनाक मौत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**एनएच** दो स्थित जाट धर्मशाला के पास शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक डंपर के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार एक पुलिस कर्मचारी को टक्कर मार दी। इस घटना में डंपर के पहिए से पुलिस कर्मचारी का सिर हेलमेट समेत कुचल गया। इस घटना में पुलिस कर्मी की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद डंपर चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने उसे दबोच कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया है।

थाना कोतवाली पुलिस के मुताबिक बल्लभगढ़ के गांव छांयसा में रहने वाला 38 वर्षीय सुरेश चंद हरियाणा पुलिस में हवलदार के पद पर कार्यरत है। सुरेश इन दिनों गुरुग्राम के भौंडसी में तैनात है। बताया गया है कि सुरेश अक्सर अपनी बाइक पर सवार होकर काम पर आता-जाता है।

अन्य दिनों की तरह बृहस्पतिवार को भी वह गुरुग्राम अपने काम पर गया हुआ था। शुक्रवार सुबह काम से छुट्टी मिलने के बाद सुरेश बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। सुबह करीब नौ बजे के आस-पास सुरेश एफसीआई वाली सड़क से होता हुए एनएच दो की तरफ आ रहा था। वह जैसे ही इस रोड पर स्थित जाट धर्मशाला के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से दौड़ रहे एक डंपर के चालक ने लापरवाही से सुरेश की बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सुरेश बाइक से गिर कर डंपर के पहिए के नीचे आ गया। हेलमेट पहनने के बावजूद डंपर के पहिए से सिर कुचल जाने से सुरेश की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

लोगों ने मौके से भाग रहे डंपर चालक को तुरंत दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ग्रांड कोलंबस में मना गणतंत्र दिवस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद




**ग्रांड** कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आरंभ राष्ट्रीय ध्वजारोहण के साथ हुआ तथा राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान हेतु राष्ट्रीय गान गाया गया। इस उपलक्ष में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ, जिसमें राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोज गीत गाए गए तथा छात्रगण के नृत्य ने सब उपस्थितजन के हृदय में राष्ट्रीय भावना जागृत कर दी।

विद्यालय की प्रधानाचार्य दीपिका शर्मा ने कहा कि हमारे देश के भावी निर्माता हमारी युवा पीढ़ी को प्रेरित करते हुए कहा कि आज हमें ही अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी है। उन्होंने कहा कि देश में प्रेम, भाईचारे सदभावना भरना युवाओं के हाथ में है, क्योंकि हमारी स्वतंत्रता बहुमूल्य है। इसकी रक्षा करना ही सच्चा गणतंत्र दिवस मनाना है। यह दिन तभी सार्थक हो सकता है, कि जब देश भर में प्यार, भाईचारा, एकता, सामंजस्य हो। छात्रगण ने विद्यालय के प्रांगण में राष्ट्रीय एकता हेतु शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या ने सभी को गणतंत्र दिवस की बंधाई दी।

## जीएल शर्मा ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली

**फरीदाबाद।** संगठन चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी में तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में बड़खल क्षेत्र के तीनों मंडल अध्यक्षों के चुनावों को लेकर आज चुनाव अधिकारी जीएल शर्मा, विधानसभा पर्यवेक्षक संजय भसीन, सह पर्यवेक्षक ललित बंसल व विधायक सीमा त्रिखा ने संगठन के पदाधिकारियों से रायशुमारी के लिए बैठक की और कार्यकर्ताओं ने नब्ज टटोली। बैठक में पर्यवेक्षकों ने भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की और अब वह इस बैठक की पूरी रिपोर्ट प्रदेश भाजपा को देंगे, तब मंडलाध्यक्षों की नियुक्तियां होंगी।

# रेडक्रॉस में परहित और सेवा भावना सर्वोपरि: पंकज सेतिया

**फरीदाबाद।** एनएच तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला रेडक्रास सोसायटी की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सहयोग से पांच दिवसीय जेआरसी शिविर और तीन दिन के काउंसिलर्स शिविर आयोजित किया गया। बड़खल के एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि काउंसिलर्स ने यहां से जो सीखा है, उसे अपने-अपने विद्यालयों में जाकर बच्चों और अध्यापकों में बांटना और सिखाना है, ताकि रेडक्रॉस के महत्व से सब परिचित हो।

शिविर में मुख्य अतिथि बड़खल के एसडीएम पंकज कुमार सेतिया रहे। इस अवसर पर रेडक्रॉस से प्रोग्राम आफिसर रामाशीष मंडल, सोसायटी सचिव विकास कुमार, जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. इंदु गुप्ता, सहसचिव बिजेंद्र सोरोत उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा को व्यक्तिगत और संस्थागत स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। काउंसिलर्स शिविर के बेस्ट मेल काउंसिलर अरुआ स्कूल के धर्मवीर भाटी और फीमेल काउंसिलर अनुपमा बत्रा को दिया गया।

# सर्वोदय में कार्यशाला आयोजित



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर आठ स्थित सर्वोदय नर्सिंग संस्थान ने इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स और नेशनल नियोनोटोलॉजी फोरम के साथ मिलकर 'नियोनेटल रिससिटेशन प्रोग्राम- फर्स्ट गोल्डन मिनट' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला का शुभारम्भ सर्वोदय नर्सिंग संस्थान की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना से किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर सर्वोदय हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता ने शिरकत की। इंडियन अकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सात डॉक्टरों की टीम ने सर्वोदय हॉस्पिटल के स्टाफ, सर्वोदय नर्सिंग संस्थान की छात्राओं को छोटे बच्चों के जन्म के बाद बरती जाने वाली सावधानियों को बताया, जिससे नवजात बच्चों को जन्म के उपरांत किसी भी प्रकार का संक्रमण या जीवन का खतरा न्यूनतम किया जा सके। साथ ही एनआरपी के दिशानिर्देशों के अंतर्गत बच्चे का रख-रखाव जिससे बच्चों का जीवन बचाया जा सके, इस विषय पर प्रकाश डाला गया। छह घंटे तक चली इस वर्कशॉप में प्री टेस्ट और पोस्ट टेस्ट के बाद सभी उपस्थित बच्चों को सर्टिफिकेट दिए गए। कार्यशाला में मुख्य रूप से सर्वोदय हॉस्पिटल की मैनेजिंग डायरेक्टर अंशु गुप्ता, एडमिनिस्ट्रेटर डॉ. सौरभ गहलोत और सर्वोदय नर्सिंग संस्थान के डायरेक्टर अतुल मलेरी, प्रिंसिपल जेनेट चौधरी और कार्यक्रम संचालक पूजा फुलोरिया ने शिरकत की।

# दहेज लोभी पति से तंग आकर महिला ने जान दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**दहेज** की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किए जाने से परेशान होकर यहां के समयपुर में रहने वाली एक महिला ने अपने कमरे में फांसी का फंदा लगातार आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना सेक्टर 58 में दर्ज मामले के मुताबिक समयपुर में स्थित दिनेश के मकान में किराए पर रहने वाले मुस्ताक ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह यहां अपने परिवार के साथ रहता है। उसने अपनी बेटी निकहत प्रवीन का विवाह वर्ष 2016 में उत्तर प्रदेश के संत कबीरदास नगर में रहने वाले मोहम्मद अफजल के साथ किया था। विवाह के दौरान उसने काफी दान-दहेज दिया था, लेकिन उसका दामाद अफजल इससे संतुष्ट नहीं था। शादी के कुछ समय बाद ही अफजल ने दहेज में पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न कर पाने वह उसकी बेटी को मायके छोड़ कर चला गया। उसने सात जून 2019 को एक लाख रुपये अफजल को दे दिए। इसके बाद वह बेटी को अपने साथ ले गया। कुछ दिन अपने साथ रखने के बाद अफजल शेष चार लाख रुपये की मांग को लेकर प्रवीन को फिर से यहां छोड़ गया। बाद में उसके बुलाने पर अफजल आठ जनवरी को यहां आकर उसके घर में रहने लगा, लेकिन वह चार लाख रुपये की मांग को लेकर लगातार प्रवीन को प्रताड़ित कर रहा था।

22 जनवरी को अफजल बाहर से प्रवीन का कमरा बंद कर अपने गांव लौटने लगा। तभी प्रवीन ने परेशान होकर कमरे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी अफजल के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अफजल को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## भौतिक कब्जे की सूचना

ICICI Home Finance
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, नई रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतरर्गत आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा भौतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ भौतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गजराज जैन/ रजनी जैन/ NHBWR00000815318 | फ्लैट नंबर आईजी- 06-1703 इंपीरियल गार्डन्स सेक्टर-102 गांव- खेरकी माजरा धनकोट, तहसील और जिला गुड़गांव/ 22 जनवरी, 2020 | मार्च 28, 2019 ₹. 1,02,60,247/- | गुड़गांव |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 25, 2020
स्थान: गुड़गांव

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि.

## गांजा तस्कर को तीन साल कैद

**फरीदाबाद।** गांजे की तस्करी करने वाले एक आरोपी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र मलिक की अदालत ने दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। यह मामला करीब दो साल से अदालत में विचाराधीन था।

अदालत में पेश में मामले के मुताबिक उपनिरीक्षक पोरष कुमार ने यह मामला दर्ज 20 मार्च, 2018 को थाना जीआरपी में दर्ज करवाया था कि घटना वाले दिन वह अपने साथी पुलिस कर्मचारियों के साथ ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर जांच पड़ताल कर रहा था। उसी दौरान दोपहर करीब ढाई बजे प्लेटफार्म पर मंगला एक्सप्रैस ट्रेन आकर रुकी। ट्रेन की जरनल बोगी से एक व्यक्ति पीठ पर बैग लटका कर निकला और बाहर की तरफ जाने लगा। संदेह होने पर उन्होंने व्यक्ति को रोक कर बैग की तलाशी ली, तो उसमें से सात किलोग्राम गांजा बरामद हो गया। पकड़े गए आरोपी की पहचान गाजियाबाद की खोड़ा कालोनी में रहने वाले शशि भूषण के रूप में हुई थी। उस समय जीआरपी ने मामला दर्ज कर आरोपी को अदालत में पेश कर दिया था। जहां यह मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। शुक्रवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

## खेल परिसर में हुई फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल

**फरीदाबाद।** सेक्टर 12 स्थित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल उपायुक्त यशपाल की अध्यक्षता में परेड ग्राउंड में हुई। उपायुक्त ने ध्वजारोहरण किया तथा भव्य मार्च पास्ट की सलामी ली। उनके साथ पुलिस आयुक्त केके राव भी उपस्थित थे। इससे पहले उपायुक्त ने युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित कर देश के लिए कुर्बान होने वाले वीर शहीदों को याद किया।

उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय संविधान 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ था। इसके साथ ही भारत स्वतंत्र गणराज्य बन गया और देश में कानून का राज स्थापित हो गया। प्रति वर्ष की भांति इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह को जोश व उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल मुख्यातिथि होंगे, जो प्रात: 9.58 बजे ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। इससे पहले मुख्यातिथि युद्ध स्मारक भी पुष्प अर्पित करेंगे। उपायुक्त ने फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल के दौरान बच्चों का पीटी शो, सूर्य नमस्कार, परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का निरीक्षण किया तथा समारोह के सफल आयोजन के संबंध में अधिकारियों व टीम इंचार्ज को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

## DHFL दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

Changing Rules Changing Lives
**राष्ट्रीय कार्यालय :** एचडीआईएल टॉवर, आठवीं मंजील, अनंत कानेकर मार्ग, बांद्रा(पूर्व)मुंबई-400051
**शाखा कार्यालय :** डीएचएफएल, ड्रीम्स मॉल, पहली मंजील, एल.बी.एस. मार्ग, भांडुप (पश्चिम), मुंबई- 400078

### माँग सूचना

सिक्यूरीटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फायनेन्सियल एस्सेट्स एवं इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 (उपरोक्त नियम) का नियम 3(1) के अंतर्गत तथा उपरोक्त नियम का नियम 3 के साथ उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के प्राधीकृत अधिकारी ने उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के अंतर्गत संबंधित सूचना(ओं) में वर्णित राशी का पुर्नभुगतान करने हेतु ऋणकर्ता (ओ) को मांग पत्र जारी किया है। उपरोक्त संबंध में एक बार पुन:सूचना दी जाती है की इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 60 दिवस के अंदर माँग सूचना के दिनांक से भुगतान करने की दिनांक तक शेष व्याज राशी सहित ऋणकर्ता पूर्ण राशी का भुगताना करे, राशि को निचे दर्शाया गया है। ऋणकर्ताओं का विवरण, मांग पत्र का दिनांक तक शेष राशि का पुर्नभुगतान हेतु जमानत का विवरण निम्न है। ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रुप में निम्नलिखित संपत्ती क्रमश: डीएचएफएल को ऋणकर्ता (ओं) द्वारा गिरवी रख दी गई है।

| ऋण अनुबंध नं. मांग/ऋणकर्ता (ओं) / प्रत्याभूति दाता / ओं का नाम | डिमांड नोटीस दिनांक एवं एनपीए दिनांक सहित राशि | धरोहर संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/याँ) |
|---|---|---|
| (दिल्ली-पितमपुरा शाखा की एलसी नं. 00041741) विवेक त्यागी(ऋणी) विकास त्यागी (सहऋणी-1) टाईब्रोस इंडिया टूर्स प्राइवेट लिमिटेड (सहऋणी-2) | 19-11-2019 / ₹ 11266322/- (₹ एक करोड बारा लाख छियासठ हजार तीन सौ बाईस) एनपीए (01-10-2019) | हाउस नं. 359-360, दुसरी मंजिल, डबल स्टोरे न्यु रजिंदर नगर दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली - 110060 |
| (अंधेरी शाखा की एलसी नं. 00001056) कैलाश चंदर शर्मा (ऋणी) के सी शर्मा हफ (सहऋणी-1) अंकित शर्मा (सहऋणी-2) | 19-11-2019 / ₹ 97219714/- (₹ नौ करोड बहत्तर लाख उन्नीस हजार सात सौ चौदह) एनपीए (01-09-2019) | एफ नं. 201 & 202, दुसरी मंजिल, हिकॉन एन्क्लेव 14 वीं सडक, फॉर्च्यून एन्क्लेव खार के पास पश्चिम मुंबई 400052 मुंबई उपनगर महाराष्ट्र 400052 |
| (गुड़गाव शाखा की एलसी नं. 00000028) अनुग्रह सक्सेना (ऋणी) नेहा सक्सेना (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 6305784/- (₹ तिरसठ लाख पांच हजार सात सौ चौरासी) एनपीए (01-12-2016) | युनीट नं. 2201, बाईसवीं मंजिल, टॉवर जे आम्रपाली प्लैटिनम, प्लॉट नं. Gh-001 सेक्टर 119 नोएडा नोएडा गौतमबुध्द नगर उत्तर प्रदेश-201301 |
| (नोएडा 1 राजेंद्र प्लेस शाखा की एलसी नं. 00000408) बाला दत्त शर्मा (ऋणी) कैलाश शर्मा (सहऋणी-1) बाला एनवायरो मेंटेनेन्स प्राइवेट लिमिटेड (सहऋणी-2) | 22-11-2019 / ₹ 11546566/- (₹ एक करोड पंद्रह लाख छियालीस हजार पांच सौ छियासठ) एनपीए (01-12-2015) | फ्लैट नं. D-1/ F-14, Type F, 14 वीं मंजिल, टॉवर D-1, शुभकामना एडवर्ट टेकमोम्स प्लॉट नं. Gh05/B सेक्टर 137 नोएडा गौतमबुध्द नगर उत्तर प्रदेशी-201301 |
| (नोएडा 1 राजेंद्र प्लेस शाखा की एलसी नं. 00000407) कैलाश शर्मा (ऋणी) बाला दत्त शर्मा (सहऋणी-1) बाला एनवायरो मेंटेनेन्स प्राइवेट लिमिटेड (सहऋणी-2) | 22-11-2019 / ₹ 11540459/- (₹ एक करोड पंद्रह लाख चालीस हजार चार सौ उनसठ) एनपीए (01-12-2015) | फ्लैट नं. C-3/ F-14, Type F, 14 वीं मंजिल, टॉवर C3, शुभकामना एडवर्ट टेकमोम्स प्लॉट नं. Gh05/B सेक्टर 137 नोएडा गौतमबुध्द नगर उत्तर प्रदेश-201301 |
| (नोएडा 1 राजेंद्र प्लेस शाखा की एलसी नं. 00000415) नितिन कुमार (ऋणी) काव्या शाह (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 10376020/- (₹ एक करोड तीन लाख छिहत्तर हजार बीस) एनपीए (01-12-2015) | फ्लैट नं. C-3/ F-2, Type F, दुसरी मंजिल, ब्लॉक C3, शुभकामना एडवर्ट टेकमोम्स प्लॉट नं. Gh05/B सेक्टर 137 नोएडा गौतमबुध्द नगर उत्तर प्रदेश-201301 |
| (नोएडा 1 राजेंद्र प्लेस शाखा की एलसी नं. 00000507) विशाल ग्रोवर (ऋणी) अंजली शुक्ला (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 6181394/- (₹ इकसठ लाख इक्यासी हजार तीन सौ चौरानवे) एनपीए (01-01-2016) | फ्लैट नं. A-3 / C-6, Type C, ब्लॉक A-3, छठी मंजिल, शुभकामना एडवर्ट टेकमोम्स प्लॉट नं. Gh05/B सेक्टर 137 नोएडा गौतमबुध्द नगर उत्तर प्रदेश-201301 |
| (गाजियाबाद शाखा की एलसी नं. 00000937) गौरव अगरवाल (ऋणी) सुनैना बंसल (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 5604203/- (₹ छप्पन लाख चार हजार दो सौ तीन) एनपीए (01-04-2017) | फ्लैट नं. C-1 / D-8, Type D, ब्लॉक C-1, आठवीं मंजिल, शुभकामना एडवर्ट टेकमोम्स प्लॉट नं. Gh05/B सेक्टर 137 नोएडा गौतमबुध्द नगर उत्तर प्रदेश-201301 |
| (गुड़गाव शाखा की एलसी नं. 00000152) संजय शर्मा (ऋणी) ज्योती शर्मा (सहऋणी-1) भारती ऑटोमेशन प्रायव्हेट लिमिटेड (सहऋणी-2) | 22-11-2019 / ₹ 9480274/- (₹ चौरानवे लाख अस्सी हजार दो सौ चौहत्तर) एनपीए (01-06-2016) | फ्लैट नं. 904, नौ वीं मंजिल, टॉवर T-12 स्पायर वुड सेक्टर 103 गुड़गाव गुड़गाव हरियाणा-122005 |
| (गुड़गाव शाखा की एलसी नं. 00000163) दिव्या गुप्ता (ऋणी) विपुल कुमार गुप्ता (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 11823321/- (₹ एक करोड अठारह लाख तेईस हजार तीन सौ इक्कीस) एनपीए (01-04-2016) | फ्लैट नं. 703, सातवीं मंजिल, टॉवर T-7 स्पायर वुड सेक्टर 103 गुड़गाव गुड़गाव हरियाणा-122005 |
| (कनॉट प्लेस शाखा की एलसी नं. 00000232) दिव्या गुप्ता (ऋणी) दीपा कपूर (सहऋणी) | 22-11-2019 / ₹ 12120938/- (₹ एक करोड इक्कीस लाख बीस हजार नौ सौ अडतीस) एनपीए (01-08-2016) | फ्लैट नं. 704, सातवीं मंजिल, टॉवर T-6 स्पायर वुड सेक्टर 103 गुड़गाव गुड़गाव हरियाणा-122005 |
| (नोएडा 1 राजेंद्र प्लेस शाखा की एलसी नं. 00000698) मयंक मलिक (ऋणी) निधी मलिक (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 8829003/- (₹ अठ्ठासी लाख उन्तीस हजार तीन) एनपीए (01-07-2016) | फ्लैट नं. 804, आठवीं मंजिल, टॉवर T-11 स्पायर वुड सेक्टर 103 गुड़गाव गुड़गाव हरियाणा-122005 |
| (गुड़गाव शाखा की एलसी नं. 00000187) सुनील कुमार गोयल (ऋणी) बिन्दु गोयल (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 6140047/- (₹ इकसठ लाख चालीस हजार सैंतालीस) एनपीए (01-05-2015) | युनीट नं.1403, चौदवीं मंजिल, टॉवर D1 सेक्टर 76 फरीदाबाद फरीदाबाद फरीदाबाद हरियाणा-121001 |
| (लाजपत नगर शाखा की एलसी नं. 00000108) शशि कुमार वर्मा (ऋणी) मिशा वर्मा (सहऋणी-1) | 22-11-2019 / ₹ 5752700/- (₹ सत्तावन लाख बावन हजार सात सौ) एनपीए (01-08-2018) | फ्लैट नं. SCK 021, दुसरी मंजिल, ब्लॉक K द स्काय कोर्ट सेक्टर 86 DLF गार्डन सिटी गुड़गाव गुड़गाव हरियाणा-122001 |
| (रोहिणी शाखा की एलसी नं. 00002278) इकदीप सिंह कोहली (ऋणी) अमरजीत कौर कोहली (सहऋणी-1) गुरुचरण सिंह कोहली (सहऋणी-2) | 18-12-2019 / ₹ 15005384/- (₹ एक करोड पचास लाख पाच हजार तीन सौ चौरासी) एनपीए (01-11-2019) | हाउस नं. A-87, दुसरी मंजिल, नरैना विहार नई दिल्ली नई दिल्ली नई दिल्ली दिल्ली - 110028 |

यदी उपरोक्त ऋणकर्ता राशि का डीएचएफएल को भुगतान करने में असफल रहते है तो डीएचएफएल धरोहर संपत्ती के विरुद्ध उपरोक्त कानून की धारा 13(4) के अंतर्गत लागू नियमों के अनुसार ऋणकर्ता के स्वंय के परिणाम, मूल्य एवं पूर्ण जोखिम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ता को अधिनियम के अंतर्गत उपरोक्त संपत्तीयों स्थानांतर चाहे वह विक्रय, लीज या अन्य किसी भी प्रकार से हो, डीएचएफएल की लिखित अनुमति के बिना रोका जाता है। कोई भी व्यक्ति जो इसका उल्लंघन या अवहेलना करता है तो वह नियम के उपलब्ध प्रावधानों के अंतर्गत कारावास एवं/अथवा दंड का भागी होगा।

हस्ताक्षर/ -
प्राधिकृत अधिकारी
दीवान हाउसिंग फाईनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

दिनांक : 25.01.2020
स्थान : दिल्ली

KAVYAM

## "KAVYAM"-AFFORDABLE HOUSING PROJECT

**Applications are invited from general public for Part booking of Residential Apartments in the Affordable Group Housing Project proposed to be developed as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 & Memo No. Misc-2307/8/26/2017-2TCP dated 09.07.2018 (details available at the Department website, i.e. tcpharyana.gov.in).**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Project Approvals | Coloniser/Developer: **Agrante Realty Ltd**<br>License No/ Year: 101/2017 Building Plan Approved on 06.07.2018 |
| 2. | Location | Sector 108, Gurugram. Haryana |
| 3. | Provisions | **Project Area** : 5 acres comprising a total 723 no. of apartments.<br>**Community Facilities:** One Community Hall of 2000 sqft and One Anganwadi-cum-Creche of 2000 sqft. |
| 4. | Apartment Details | **Category 1:** Part Draw of 9 no. of apartments of 512.50 sqft (approx.) carpet area and balcony(ies) with an aggregated area of 130.30 sqft (approx.) with a two-wheeler parking.<br>**Category 3:** Part Draw of 222 no. of apartments of 488.30 sqft (approx.) carpet area and balcony(ies) with an aggregated area of 79.73 sqft (approx.) with a two wheeler parking. |
| 5. | Allotment Rate of Apartment (all inclusive) | **Category 1: Rs. 21 lakhs/ apartment;, Category 3: Rs. 19.93 lakhs / apartment.**<br>The above rate is an all-inclusive cost of apartment as per rates prescribed under the policy notified vide no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 (details available at the Department website, ie. tcpharyana.gov.in).<br>*** Statutory & government taxes are as applicable.** |
| 6. | Payment Terms | i. With application:Booking amount, i.e., 5% of cost of flat.<br>ii. On allotment:Additional 20% of cost of flat.<br>iii. Balance 75% of the amount in six equal monthly instalments over three year period. No interest shall fall due before the due date of payment. Any default in payment shall invite interest as provided in rule 15 of the Haryana Real Estate Regulatory Authority. Rules, 2017 |
| 7. | Broad Specifications of the Apartment | 2BHK + 3 Balconies<br>2BHK + 2 Balconies<br>(Detailed specifications are provided, in application form) |
| 8. | Applications Timelines | i. Applications can be procured from: 704 DLF Tower-B, Jasola, New Delhi by paying an application fee of Rs 1000/- starting from 25.01.2020.<br>ii. Last Date of submission of Applications: 09.02.2020.<br>iii.All Applicants who have already applied and the prospective applicant are also directed to submit an affidavit declaring "weather applicant is or not identified beneficiary under Pradhan Mantri Awas Yojna and relevant documents |

**Eligibility:-**

1. Any person can apply but person which includes his/her spouse or his/her dependent children who do not own any flat/plot in any HUDA developed colony/ sector or any licenced colony in any of the Urban Areas in Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given first preference in allotment of flats.
2. The applicant identified under PMAY Shall be given first preference.
3. Any applicant can make only one application. Any successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy in any other colony. In case, he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice of retain only one flat.

**Allotment Criteria:-**

1. The allotment of apartments shall be done through draw of lots in the presence of a committee consisting of Deputy Commissioner or his representative (at least of the cadre of Haryana Civil Services), Senior Town Planner (Circle office), DTP of the concerned district and the representative of coloniser concerned.
2. After fixation of date for draw of lots, an advertisement shall be issued by the Developer informing the applicants about the details regarding date/time and venue of the draw of lots in the same newspapers in which the original advertisement was issued.
3. For detailed criteria and time-frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicants may also refer to the details in the Affordable Housing Policy 2013 notified vide no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 & Memo No. Misc-2307/8/26/2017-2TCP dated 09.07.2018 (available at the Department website, i.e., tcpharyana.gov.in).
4. Agrante Realty Ltd 704 7th floor DLF Tower-B, Jasola, New Delhi.

RERA Registration No. RC/REP/HARERA/GGM/2018/23 dated 22.11.2018.

**Contact at: - website: www.kavyamhomes.com; 011-41924100-199, 8800499674.**

# युवाओं को विनाशकारी या बाधक बनने के बजाय रचनात्मक बनने की जरूरतः नायडू

भाषा। नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** एम वेंकैया नायडू ने देश के युवाओं से विनाशकारी गतिविधियों में शामिल होकर देश के विकास में बाधक बनने के बजाय स्वयं को रचनात्मक बनाने की जरूरत पर बल देते हुए कहा है कि देश में व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कानून का शासन स्थापित करना ही एकमात्र विकल्प है।

नायडू ने शुक्रवार को शासन व्यवस्था विषय पर सरदार पटेल व्याख्यान को संबोधित करते हुए कहा, लोगों को सिर्फ निंदा करने के बजाय सकारात्मक रवैया विकसित करना चाहिए। सभी को, खासकर युवाओं को विनाशकारी या बाधक बनने के बजाय रचनात्मक बनने की जरूरत है जिससे सभी भारतीयों के सामूहिक प्रयासों से गांधी जी के सपनों का राम राज्य स्थापित किया जा सके, जिसमें भूख, भय, भ्रष्टाचार, भेदभाव और अशिक्षा को खत्म कर सभी का समग्र विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने इन दिनों राष्ट्रवाद पर जारी बहस का जिक्र करते हुए कहा, राष्ट्रवाद का अर्थ भी धर्म, जाति, लिंग, भाषा और क्षेत्र से परे हटकर राष्ट्र के प्रति चिंता है, जिसमें शोषित और पीड़ितों के उत्थान की बात हो, महिलाओं को उचित स्थान मिले, सभी को आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें और यह जनसहभागिता के बिना संभव नहीं है।

आईसी सेंटर फॉर गवर्नेंस द्वारा आयोजित व्याख्यान को संबोधित करते हुए नायडू ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त किए जाने को समय की जरूरत बताया। उन्होंने कहा, इतिहास के इस तथ्य को याद रखना होगा कि कश्मीर के राजा हरि सिंह ने जम्मू कश्मीर का भारत में विलय, बिना किसी शर्त के किया था। कुछ लोग इसमें शर्तें जोड़ने की कोशिश करने लगे हैं, जो मूल समझौते में नहीं थीं। उन्होंने स्पष्ट किया, भारत में जम्मू कश्मीर के विलय का समझौता अंतिम है और इसमें कोई बदलाव संभव नहीं है, साथ ही इस बारे में कोई भी संशय, अर्थहीन होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा, जहां तक अनुच्छेद 370 का सवाल है तो यह भी स्पष्ट है कि यह एक अस्थाई प्रावधान था और काफी समय पहले ही इस अनुच्छेद की उपयोगिता भी पूरी हो गई थी। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अनुच्छेद 370 को समाप्त कर जम्मू, कश्मीर और लद्दाख को केन्द्र शासित क्षेत्र घोषित किया गया।

नायडू ने कहा, राज्यसभा के अध्यक्ष के नाते मैं बताना जरूरी समझता हूं कि अनुच्छेद 370 को हटाने के विषय पर विस्तार से चर्चा करने के बाद ही फैसला किया गया। सत्तारूढ़ दल का राज्यसभा में बहुमत नहीं है और भारतीय लोकतंत्र की यही खूबी है कि संसद की पूर्ण सहमति के बाद ही इस आशय के प्रस्ताव को मंजूर किया गया, लेकिन फिर भी कुछ लोग इस पर सवाल उठा रहे हैं, जबकि यह काम बहुत पहले ही हो जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में बेहतरी के लिए क्या किया जाना चाहिए, इस पर तो सवाल जवाब हो सकते हैं, इसमें किसी को कोई परेशानी है, लेकिन भारत के साथ कश्मीर के एकीकरण पर कोई सवाल नहीं किया जा सकता है। नायडू ने कहा कि सरदार पटेल ने बिना किसी बल प्रयोग के ही आजाद भारत को मजबूत राज्यों के मजबूत संघ का स्वरूप प्रदान किया था। उन्होंने कहा, सरदार पटेल के लिए देशहित से बढ़कर कुछ भी नहीं था। आज प्रत्येक राजनेता और प्रत्येक नागरिक को यह समझना चाहिए कि उनके लिए देश सबसे पहले हो, इसके बाद पार्टी या व्यवसाय और सबसे अंत में स्वयं का हित हो। सामाजिक भेदभाव को देश के विकास में बाधक बताते हुए नायडू ने कहा, सरदार पटेल ने आजादी के बाद एकजुट भारत की कल्पना की थी जिसमें जाति, धर्म और लिंग या भाषा सहित अन्य संकीर्ण आधारों पर पक्षपात या भेदभाव का कोई स्थान न हो। वह, किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना देश की एकता के पक्षधर थे।



अमृतसर में गणतंत्र दिवस की परेड के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान सेल्फी लेती पारंपरिक पोशाक पहने हुई छात्राएं

## नेपाल सरकार को आठ मलयाली पर्यटकों की मौत की विस्तृत जांच करानी चाहिए: विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने शुक्रवार को कहा कि नेपाल सरकार को एक रिसोर्ट में चार बच्चों सहित आठ मलयाली पर्यटकों की मौत की विस्तृत जांच करानी चाहिए और मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए। राज्य के विधायकों के साथ हुई बैठक में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने उनसे इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। उन्होंने दोनों परिवारों के मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया, नेपाल सरकार को विस्तृत जांच करनी चाहिए और उसमें केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए। विजयन ने कहा कि राज्य सरकार ने इस मामले में विदेश मंत्री एस जयशंकर को एक पत्र लिखा था और आवश्यकता पड़ने पर दोबारा लिखेंगे। नेपाल के एक पहाड़ी रिसोर्ट के कमरे में केरल के तिरुवनंतपुरम और कोझीकोड के रहने वाले आठ व्यक्तियों की मंगलवार को दम घुटने से मौत हो गई थी। रिसोर्ट में प्रवीण कृष्ण नायर, उनकी पत्नी और तीन बच्चों के अलावा रंजीत, उनकी पत्नी और एक बेटे की मौत हो गई थी।

# दुमका में तीन कुख्यात नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

भाषा। दुमका (झारखण्ड)

**दुमका में** शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संजय कुमार के समक्ष पांच-पांच लाख रुपए के दो एवं एक लाख रुपए के इनामी एक नक्सली समेत तीन कुख्यात नक्सलियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया।

दुमका के पुलिस अधीक्षक वाई एस रमेश ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एक नक्सली का नाम राजेन्द्र राय उर्फ झिलमिल उर्फ गहना राय है जो दुमका जिले के काठीकुंड थानाक्षेत्र के आसनबनी ग्राम का रहने वाला है। इसने राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। यह भा० क० पा० (माओवादी) संगठन में स्वयंभू सब जोनल सदस्य रहा है। इसपर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दूसरे नक्सली का नाम रिमिल दा उर्फ रिमिल हेम्ब्रम उर्फ सोकुल दा है जो शिकारीपाड़ा थानाक्षेत्र स्थित जोलड़ंगाल सीतासाल ग्राम का रहनेवाला है। इसने भी राइफल के साथ आत्मसमर्पण किया। यह भी भा० क० पा० (माओवादी) संगठन में स्वयंभू सब जोनल सदस्य है। इसपर पांच लाख रुपए का इनाम घोषित था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले तीसरे नक्सली का नाम छोटा श्यामलाल देहरी उर्फ श्याम देहरी है जो दुमका जिले के काठीकुंड थानाक्षेत्र स्थित सरुवापानी पहाड़िया टोला का रहने वाला है। इसने पिस्तौल के साथ आत्मसमर्पण किया। यह भा० क० पा० (माओवादी) संगठन में स्वयंभू दस्ता सदस्य रहा है। इसपर एक लाख रुपए का इनाम घोषित था। विभिन्न वारदातों को लेकर तीनों नक्सलियों पर दुमका जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। रमेश ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों की उम्र 22 से 28 साल है। एसएसबी के महानिरीक्षक संजय कुमार ने कहा कि नक्सलियों के लिए आत्मसमर्पण से अच्छा कोई विकल्प नहीं हो सकता, इसलिए अन्य जो नक्सली बचे हैं वे भी आत्मसमर्पण कर दें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल दुमका से नक्सलियों का उन्मूलन करके ही दम लेंगे। नक्सलियों के आत्मसमर्पण के समय संताल परगना के डीआईजी राजकुमार लकड़ा, दुमका की उपायुक्त राजेश्वरी बी भी उपस्थित थीं। इस मौके पर उपायुक्त राजेश्वरी बी. ने कहा आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को सरकारी प्रावधान के तहत दिए जाने वाले लाभ मिलेंगे।

## बंगाल में ईंट भट्टे के पास दो महिलाओं के शव मिले

**बरुईपुर (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के एक ईंट भट्टे के पास दो महिलाओं के शव पाए गए। बरुईपुर पुलिस जिला एसपी राशिद मुनीर खान ने कहा कि अभी तक शवों की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कुल्तली थाना क्षेत्र के डोंगझोरा में पाए गए शवों पर कपड़े अस्तव्यस्त थे। इससे यह अनुमान लगाया जा सकता है कि संभवतः महिलाओं के साथ बलात्कार के बाद उनकी हत्या कर दी गई और फिर शवों को ईंट भट्ठे के पास फेंक दिया। अधिकारी ने कहा, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हम किसी भी बात की पुष्टि कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर शव मिले थे वह मैरीगंज पुलिस चौकी और एक ग्राम पंचायत कार्यालय के करीब है। सूत्रों के अनुसार 2003 और 2010 में भी इस क्षेत्र में दो महिलाओं के शव पाए गए थे लेकिन वे मामले अभी तक हल नहीं हुए हैं।

## केंद्र के अड़ियल रवैए के कारण गृह युद्ध की तरफ जा रहा है देशः नेताजी के परिजन

**कोलकाता।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की परिजन एवं पूर्व तृणमूल सांसद कृष्णा बोस ने शुक्रवार को कहा कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी को लागू करने का भाजपा नीत केंद्र सरकार के निर्णय से देश गृहयुद्ध की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र के अड़ियल रवैए से पता चलता है कि वह मुस्लिमों को निशाना बना रही है। बोस ने कहा, आज हम ऐसी बुरी स्थिति में हैं कि केंद्र अपने विभाजनकारी सिद्धांतों को (जनता पर) थोप रही है। जाहिर है कि केंद्र के निशाने पर हमारे देश के मुस्लिम हैं और यह उनके (केंद्र) द्वारा सीधे तौर पर कहा जा रहा है। वे बौद्ध, जैन और अन्य समुदायों की बात करते हैं लेकिन केवल एक नाम नहीं है और यही विवाद की जड़ है। प्रताड़ना झेलने वाले सभी को शामिल क्यों नहीं किया गया? इसमें कोई शक नहीं कि सीएए से मुस्लिमों को निशाना बनाया जा रहा है। बोस ने दावा किया कि सीएए को लागू करना आरएसएस के हिंदू राष्ट्र के सपने को सच करने का प्रयास है। उन्होंने कहा, अभी तक मिला-जुला विरोध हुआ, लेकिन देश जिस दौर से गुजर रहा है उससे यह लगभग गृह युद्ध की तरफ बढ़ रहा है, मैं ऐसी आशा नहीं करता लेकिन लगता ऐसा ही है। बोस ने गृह मंत्री अमित शाह का हवाला देते हुए कहा, हिंदू राष्ट्र बनाने की आरएसएस की विचारधारा भाजपा की भी विचारधारा बन चुकी है। वे इसके लिए अड़े हैं और खुलकर बोल रहे हैं। पूर्व तृणमूल सांसद ने यह भी कहा कि प्रचंड बहुमत प्राप्त करने का अर्थ यह नहीं है कि नरेंद्र मोदी सरकार को अपने निर्णय आम लोगों पर थोपने का अधिकार मिल गया है।

## कमलनाथ बताएं मध्यप्रदेश में कितने माफिया हैं, सूची जारी करें: चौहान

भाषा। भोपाल



**भाजपा के** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश की कमलनाथ नीत कांग्रेस सरकार पर माफिया मुक्त मध्यप्रदेश अभियान के नाम पर भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कहा कि कमलनाथ बताएं कि मध्यप्रदेश में कुल कितने माफिया हैं और उनकी सूची सार्वजनिक करें।

भाजपा ने प्रदेश सरकार द्वारा माफिया मुक्त मध्यप्रदेश अभियान के नाम पर भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाते हुए इसके खिलाफ भाजपा ने आज समूचे मध्यप्रदेश में राज्य व्यापी आंदोलन करके हर जिले में कलेक्ट्रेट का घेराव किया। इसके तहत भोपाल में आंदोलन कर रहे चौहान ने सभास्थल पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, कमलनाथ बताएं कि मध्यप्रदेश में हत्या, चोरी, डकैती, बलात्कार एवं अपहरण करने वाले कुल कितने माफिया हैं। उनकी सूची सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि इसके अलावा वह (कमलनाथ) यह भी बताएं कि उन्होंने क्या संघटित अपराध किया है। चौहान ने कहा, यदि वह ऐसा करते हैं तो भाजपा भी माफिया को खत्म करने में उनकी सहायता करेगी। किसी माफिया को हम नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, कमलनाथ की सरकार प्रदेश में शराब की उप दुकानें खोलना चाहती है, लेकिन हम शराब की कोई उप दुकान नहीं खुलने देंगे। भाजपा की महिला कार्यकर्ता इन उप दुकानों को खोलने से रोकने के लिए डंडा लेकर तैयार रहेंगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस की प्रदेश सरकार माफिया के नाम पर सिर्फ भाजपा कार्यकर्ताओं को परेशान कर रही है। लेकिन जब हम पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से आपातकाल में नहीं डरे थे, तो अब हम कमलनाथ सरकार से क्यों डरेंगे।

## गणतंत्र दिवस से पहले पुलिस ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा अभ्यास किया

**जम्मू।** गणतंत्र दिवस समारोह से पहले पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने शुक्रवार को जम्मू रेलवे स्टेशन की सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अभ्यास किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेटल डिटेक्टर और खोजी कुत्तों से लैस सुरक्षाकर्मियों ने ट्रेन, पटरियों, प्लेटफॉर्म और यात्रियों के सामान की तलाशी ली। अधिकारियों ने बताया कि उधमपुर और कटरा रेलवे स्टेशन के आसपास भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि जम्मू रेलवे स्टेशन की सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है और यात्रियों के सामान की जांच के बाद ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इसी तरह की जांच उधमपुर और कटरा रेलवे स्टेशनों पर भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में स्थानीय पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ने हिस्सा लिया। प्रशासन ने रेलवे पुलिस के अधिकारियों को अधिक सतर्क रहने और राष्ट्र विरोधी तत्वों के किसी भी मंसूबे को नाकाम करने को कहा है। पुलिस ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर टैक्सी, बस और ऑटो चालकों को निर्देश दिया है कि वे संदिग्ध यात्री पर नजर रखें। त्वरित कार्रवाई दल और स्वान दस्ते को भी अल्प अवधि की सूचना पर तैनाती के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

# गांधी एक ऐसी चिंगारी है जो लगता है बुझ गई, लेकिन फिर सुलग जाती है

भाषा। जयपुर

**साहित्यकारों** एवं रचनाधर्मियों का मानना है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एक विचार के रूप में कभी खत्म नहीं हो सकते। उनका यह भी मानना है कि गांधी एक ऐसी चिंगारी हैं जो लगता है बुझ गई, लेकिन फिर पता नहीं कहां से सुलग जाती है। जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) में शुक्रवार को दूसरे दिन राष्ट्रपिता पर आयोजित एक सत्र हमारे समय में गांधी में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के प्रोफेसर मकरंद परांजपे, लेखिका तलत अहमद, फिल्मकार रमेश शर्मा ने गांधी के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा के दौरान ए बातें कहीं।

सत्र के दौरान मानवाधिकार कार्यकर्ता रूचिरा गुप्ता के साथ बातचीत में परांजपे ने कहा कि गांधी का सत्य के प्रति आग्रह बेहद जबरदस्त था। उन्होंने कहा कि गांधी ने अपने समय से जुड़े हर विषय पर अपनी बात कही। उनके विचार और अनुभव एकसूत्र में थे। गांधी ने जो कहा वह उनके अनुभव से निकला हुआ था। संवाद के दौरान एक वक्ता ने पूछा कि आज के समय गांधी होते तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को क्या सलाह देते। इस पर फिल्मकार रमेश शर्मा ने कहा कि वे उपवास पर बैठ जाते। इस पर मकरंद ने कहा कि मोदी भी उनके साथ उपवास पर बैठ जाते। फिल्मकार रमेश शर्मा ने कहा कि गांधी को भारत से ज्यादा सम्मान विदेश में मिला है। वे बहुत अच्छा संवाद करते थे और संवाद उनकी ताकत थी। अगर आज के दौर में वह होते तो सोशल मीडिया का भरपूर इस्तेमाल करते। लेखिका अहमद ने कहा कि गांधी सामाजिक बदलाव के प्रणेता थे और पूरी दुनिया उनकी ओर देखती थी। रूचिरा गुप्ता ने कहा कि गांधी ने हर आंदोलन से महिलाओं को जोड़ा और महिलाओं को मुख्य धारा में लाने के उनके अपने तरीके थे।

गांधी की हत्या को लेकर विवाद भी हुआ। सत्र में चर्चा को दौरान राष्ट्रपिता की हत्या से जुड़े सवाल पर परांजपे और रुचिरा के बीच विवाद की स्थिति भी उत्पन्न हुई। दरअसल रुचिरा ने मकरंद से पूछा था कि उनकी हत्या क्यों की गई। इस पर मकरंद ने कहा कि बंटवारे के बाद गांधी बहुत लोगों के लिए असुविधाजनक हो गए थे। विभाजन को लेकर हुई हिंसा से खफा लोगों को लगता था कि वह हिंदुओं को कमजोर कर रहे हैं। यही नहीं कांग्रेस को खत्म करने की बात कह कर उन्होंने कांग्रेसी नेताओं को भी परेशानी में डाल दिया था। इसी दौरान जब रूचिरा ने गोडसे को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का कार्यकर्ता बताया तो मकरंद ने इसका प्रतिवाद किया।

## चुनावी हलफनामा मामलाः फडणवीस को व्यक्तिगत पेशी से छूट मिली

**नागपुर।** नागपुर की एक अदालत ने शुक्रवार को भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को अपने चुनावी हलफनामे में आपराधिक मामलों का कथित खुलासा न करने के लिए उनके खिलाफ आपराधिक कार्यवाही चलाने संबंधी याचिका की सुनवाई में व्यक्तिगत पेशी से छूट दे दी। चार जनवरी को मामले की सुनवाई के दौरान, अदालत ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री को 24 जनवरी को अदालत में उपस्थित होने का निर्देश दिया था।

हालांकि, फडणवीस के वकील ने शुक्रवार को यह कहते हुए उपस्थिति से छूट मांगी कि मामले को लेकर फडणवीस के खिलाफ दायर की गई याचिका की सुनवाई के निर्देश देने वाली शीर्ष अदालत के फैसले को लेकर उच्चतम न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की गई है। वकील सतीश यूके द्वारा दायर की गई शिकायत में दावा किया गया था कि फडणवीस ने 2014 में हुए विधानसभा चुनावों के दौरान अपने नामांकन पत्र के साथ दाखिल किए हलफनामे में उनके खिलाफ लंबित दो आपराधिक मामलों का ब्योरा नहीं दिया था। फडणवीस के वकील उदय डबले ने शुक्रवार को अदालत को बताया कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय के समक्ष निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए, पुनर्विचार याचिका दायर की है और इसलिए यह याचिका पर फैसला आने तक फडणवीस को उपस्थिति से छूट देने की मांग कर रहे हैं। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट आर एम सातव ने पेशी से छूट के अनुरोध को स्वीकार कर लिया, लेकिन कहा कि यदि शीर्ष अदालत ने कार्यवाही पर रोक लगाने का आदेश नहीं दिया, तो फडणवीस को 10 फरवरी को अदालत में पेश होना होगा।



श्रीनगर में शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में गणतंत्र दिवस समारोह के लिए जम्मू कश्मीर पुलिस की महिला टुकड़ी ने फुल ड्रेस रिहर्सल किया

## कोणार्क मंदिर के संरक्षण के मुद्दे पर एएसआई के साथ चर्चा करेंगे पटेल

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को कहा कि वह कोणार्क में सूर्य मंदिर के संरक्षण से संबंधित मुद्दा एएसआई के अधिकारियों के सामने उठाएंगे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ओडिशा की दो दिन की यात्रा पर आए हैं। उन्होंने कहा कि वह 13वीं सदी के मंदिर की दीवारों से नक्काशीदार पत्थरों को हटाकर वहां सादे पत्थर लगाए जाने के आरोपों पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से जानकारी हासिल करना चाहेंगे। कोणार्क मंदिर को ब्लैक पैगोडा भी कहा जाता है।

मंत्री ने यहां हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, आरोप है कि मंदिर में नक्काशीदार शिलाओं की जगह सादे पत्थर लगाए गए हैं। अगर इसकी अनुकृति बनाई जा सकती है तो हमें सादे पत्थर का चयन नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, इसके अलावा कोणार्क में खराब जल निकासी प्रणाली के भी आरोप हैं। इन आरोपों के पीछे सच का पता लगाने दें। पटेल ने कहा कि केंद्र जल्द एक नई पर्यटन नीति लाएगा और ओडिशा में अब तक वीरान रहे पर्यटन स्थलों को ढूंढने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पुरी में पर्यटन विकास परियोजनाओं की भी समीक्षा करेंगे। अधिकारी ने बताया कि पटेल पुरी – कोणार्क मरीन ड्राइव पर राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन के अंतिम सत्र में हिस्सा लेने के अलावा राज्य में विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे। पुरी में अपने प्रवास के दौरान पटेल श्री जगन्नाथ मंदिर और स्वर्गद्वार की यात्रा करेंगे। वह स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे।

# सीएए के समर्थन में आयोजित रैली पर पथराव के बाद हुई हिंसा के चलते लोहरदगा में कर्फ्यू, फ्लैग मार्च

भाषा। लोहरदगा

**संशोधित** नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में लोहरदगा में गुरुवार को आयोजित जुलूस पर पथराव के बाद हुई हिंसा के चलते यहां उत्पन्न तनाव को देखते हुए पूरे लोहरदगा में कर्फ्यू लगा दिया गया है। साथ ही सुरक्षा बलों ने आम लोगों में विश्वास उत्पन्न करने के लिए शुक्रवार को फ्लैग मार्च किया तथा शांति बनाए रखने के लिए भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शांति बनाए रखने के लिए जिले के तमाम स्कूल कॉलेजों को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। कर्फ्यू के कारण यहां तमाम सरकारी कार्यालय एवं बैंक बंद रहे। लोहरदगा से चलने वाली अनेक ट्रेनें भी रद्द कर दी गई हैं। रांची-लोहरदगा टोरी ट्रेन एवं रांची सासाराम ट्रेन भी रद्द कर दी गई है। पूरे जिले में पुलिस बल की तैनाती की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस के जवान नजर आ रहे हैं। लोहरदगा में पुलिस महानिरीक्षक नवीन कुमार सिंह एवं राज्य के पुलिस महानिरीक्षक अभियान साकेत सिंह, समीप के जिलों के पांच पुलिस अधीक्षक, 12 पुलिस उपाधीक्षक स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। झारखंड के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मुरारीलाल मीणा ने बताया कि लोहरदगा में जो भी घटना घटी वह दुखद है और लेकिन अब शांति का माहौल है। धारा 144 एवं कर्फ्यू लागू है। दोषियों को चिन्हित किया जा रहा है और निश्चित रूप से दोषियों पर कार्वाई की जाएगी।

पुलिस हर इलाके में तैनात है और नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिले में शांति भंग करने की इजाजत किसी को नहीं दी जाएगी। लोग कानून का पालन करें किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। आईजी नवीन कुमार सिंह ने भी कहा कि सीसीटीवी फुटेज एवं वीडियो के माध्यम से भी पुलिस द्वारा जानकारी एकत्र की जा रही है। निश्चित रूप से इस मामले में शामिल लोगों की पहचान हो जाएगी और उन पर कड़ी कार्वाई की जाएगी। इस मामले में कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। लोहरदगा जिले में पांच पुलिस अधीक्षकों, 12 पुलिस उपाधीक्षकों, 100 पुलिस निरीक्षकों तथा उपनिरीक्षकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि बड़ी संख्या में दूसरे जिले से पुलिस बल को बुलाया गया है। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। डीसी, एसपी सहित अन्य अधिकारी लगातार भ्रमण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज लोहरदगा के किसी इलाके से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

# सीएए विरोधियों पर रासुका लगाने के खिलाफ व्यापक आदेश नहीं दे सकते

## उच्चतम न्यायालय ने कहा

भाषा। नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि नागरिकता संशोधन कानून का विरोध कर रहे लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने से प्राधिकारियों को रोकने के लिए वह कोई व्यापक आदेश नहीं दे सकता।

शीर्ष अदालत ने कहा कि रासुका के दुरूपयोग की अनुमति नहीं दी जा सकती लेकिन इस संबंध में सभी के लिए कोई निर्देश भी नहीं दिया जा सकता क्योंकि विरोध के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों को आग लगाई जा रही है और यह संगठित भी हो सकता है। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा और न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी की पीठ ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर चल रहे विरोध के दौरान ही कुछ राज्यों और राष्ट्रीय राजधानी में रासुका लगाने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने से इंकार कर दिया। पीठ ने कहा, हमारा मत है कि इस मामले में सामान्य आदेश नहीं दिया जा सकता। हम संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार का इस्तमाल नहीं कर सकते। हम सहमत हैं कि रासुका का दुरूपयोग नहीं किया जाना चाहिए लेकिन सभी के लिए कोई आदेश नहीं दिया जा सकता। इससे अव्यवस्था पैदा होगी।

याचिकाकर्ता अधिवक्ता मनोहरलाल शर्मा ने कहा कि दिल्ली के शाहीन बाग और दूसरे स्थानों पर शांतिपूर्ण तरीके से नागरिकता संशोधन कानून का विरोध हो रहा है और राज्यों को विरोध कर रहे लोगों के खिलाफ इस कठोर कानून को लागू करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पीठ ने शर्मा से कहा, आप हमें स्पष्ट घटना बताएं जहां ऐसा हुआ है। हम व्यापक आदेश दे सकते। यदि व्यापक निर्देश दिया गया तो इससे अव्यवस्था फैलेगी। आपको पता नहीं है कि कोलकाता, त्रिपुरा और असम में क्या हो रहा है। संपत्तियों को आग लगाई जा रही है और यह संगठित भी हो सकता हैं। हमें लोगों की पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी नहीं है।

शर्मा ने राहत के लिए बार बार अनुरोध किया और कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से विरोध कर रहे लोगों के खिलाफ इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जा सकता है। उन्होने कहा कि न्यायालय को उन्हें संरक्षण देना चाहिए। इस पर पीठ ने कहा, यदि कोई व्यक्ति हिंसा में संलिप्त है और अनेक आपराधिक मामलों में संलिप्त था। तो सरकार को क्या करना चाहिए। क्या सरकार कार्रवाई नहीं करेगी। पीठ ने शर्मा से कहा कि वह संशोधित याचिका दायर करें और उन घटनाओं का जिक्र करें जिनमें सीएएस का विरोध कर रहे लोगों के खिलाफ रासुका लगाई गई है।

पीठ ने शर्मा से यह भी कहा कि नागरिकता संशोधन कानून प्रकरण में लंबित याचिकाओं में अंतरिम आवेदन दायर कर उचित राहत का अनुरोध कर सकते हैं। शर्मा ने इस पर अपनी याचिका वापस लेने और रासुका के उल्लंघन के विवरण के साथ संशोधित याचिका दायर करने की अनुमति चाही। पीठ ने उन्हें इसकी अनुमति प्रदान कर दी। शर्मा ने इस याचिका में रासुका लगाए जाने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि नागरिकता संशोधन कानून, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रर और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी के खिलाफ विरोध कर रही जनता पर दबाव डालने के लिए ही यह कदम उठाया गया है।

दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने 10 जनवरी को रासुका की अवधि 19 जनवरी से तीन महीने के लिए बढ़ा दी थी। इस कानून के तहत दिल्ली पुलिस को किसी व्यक्ति को हिरासत में लेने का अधिकार प्राप्त है। रासुका के तहत पुलिस किसी भी व्यक्ति को बगैर किसी मुकदमे के 12 महीने तक हिरासत में रख सकती है। इस याचिका में शर्मा ने गृह मंत्रालय, दिल्ली, उप्र, आंध्र प्रदेश और मणिपुर सरकारों को पक्षकार बनाया था।

याचिका में कहा गया है पुलिस को हिरासत में लिए गए व्यक्तियों पर रासुका लगाने की अनुमति देने संबंधी अधिसूचना से संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (अभिव्यक्ति और बोलने की आजादी) तथा अनुच्छेद 21 (जीने के अधिकार) के तहत प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। याचिका में इस अधिसूचना को निरस्त करने का अनुरोध किया गया था। इसके अलावा, याचिका में रासुका के तहत हिरासत मे लिए गए व्यक्तियों की समाज में अपमान और प्रतिष्ठा खोने के कारण 50-50 लाख रूपए का मुआवजा दिलाने का भी अनुरोध किया गया था। देश के विभिन्न हिस्सों में नागरिकता संशोधन कानून और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के खिलाफ इस समय विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं।

# सीएए-एनआरसी के खिलाफ महाराष्ट्र बंद: बसों पर पथराव, एक व्यक्ति घायल

भाषा। मुंबई/सोलापुर/पुणे

**संशोधित** नागरिकता कानून (सीएए) और देशभर में प्रस्तावित राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के खिलाफ दलित नेता प्रकाश आम्बेडकर की पार्टी द्वारा शुक्रवार को आहूत महाराष्ट्र बंद के मद्देनजर राज्य के कई हिस्सों में पथराव की छुटपुट घटनाएं सामने आई हैं। इस दौरान सार्वजनिक परिवहन सेवाएं एवं जनजीवन पर खास असर नहीं पड़ा। राज्य भर में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मुंबई में पथराव की घटना में एक बस चालक घायल हो गया।

वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) ने सीएए और एनआरसी के खिलाफ और देश की आर्थिक स्थिति को लेकर राज्यव्यापी बंद का आह्वान किया था। शाम के करीब चार बजे बंद को समाप्त करने की घोषणा के बाद पत्रकारों से बात करते हुए, वीबीए नेता आम्बेडकर ने दावा किया कि मुंबई में बंद को व्यापारियों और दफ्तरों में काम करने वालों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और बंद का आयोजन पूरे राज्य में शांतिपूर्ण रहा। उन्होंने कहा कि बंद के दौरान पथराव या तोड़फोड़ करने वाले कुछ लोग वीबीए के सदस्य नहीं हैं और वे अन्य संगठनों के सदस्य हैं।

आंबेडकर ने कहा कि पुलिस ने विदर्भ के अमरावती में वीबीए कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज किया, लेकिन बाद में पुलिस को महसूस हुआ कि उनकी कार्वाई गलत थी।



वंचित बहुजन अगाड़ी (वीबीए) कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ठाणे में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ राज्यव्यापी बंद के दौरान विरोध प्रदर्शन किया

इसके बाद पार्टी समर्थकों को छोड़ दिया गया। उन्होंने बजरंग दल के कुछ कार्यकर्ताओं पर बंद के दौरान पालघर में जबरन दुकानें पुन: खुलवाने की कोशिश करने का आरोप लगाया। आंबेडकर ने कहा, महाराष्ट्र के बाकी हिस्सों में शांतिपूर्ण ढंग से विरोध प्रदर्शन किया गया। हमनें सीएए, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ संदेश दे दिया है। यह मुसलमानों के साथ-साथ हिंदुओं को भी प्रभावित कर रहा है, इसके साथ ही, देश की अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो गई है। हमनें इसे उजागर किया है। उन्होंने कहा कि गुरुवार रात से राज्य भर में वीबीए के लगभग 3,000 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी ने पुलिस से प्रदर्शनकारियों को रिहा करने का अनुरोध किया है क्योंकि वे तोड़फोड में लिप्त नहीं थे। उन्होंने दावा किया कि मजदूर संघों के अलावा लगभग 100 राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने बंद का समर्थन किया।

मुंबई में यातायात बाधित करने की कुछ घटनाओं और पथराव की छिट-पुट घटनाओं को छोड़कर शहर में बंद का कोई खास असर नहीं देखने को मिला। इससे पहले एक अधिकारी ने बताया कि उपनगर चेम्बुर में स्वस्तिक पार्क के निकट अज्ञात लोगों ने एक बेस्ट बस पर पथराव किया और ठाणे के तीन हाथ नाका पर बड़ी संख्या में वीबीए समर्थक एकत्र हुए। बृहन्मुंबई बिजली आपूर्ति एवं परिवहन (बेस्ट) के एक प्रवक्ता ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 9.15 बजे हुआ जब कुछ अज्ञात लोगों ने मार्ग संख्या 362 पर कुर्ला स्टेशन की ओर जाने वाली बस पर पथराव किया।

# ऑक्सफोर्ड शब्दकोश में आधार, डब्बा, हड़ताल और शादी को मिली जगह

भाषा। नई दिल्ली

**ऑक्सफोर्ड** एडवांस्ड लर्नर डिक्शनरी के अद्यतन संस्करण में आधार, चावल, डब्बा, हड़ताल और शादी सहित 26 नए भारतीय अंग्रेजी शब्दों को जगह मिली है।

शब्दकोश का 10वां संस्करण शुक्रवार को जारी किया गया जिसमें कुल 384 भारतीय अंग्रेजी शब्द हैं। साथ ही चैटबोट, फेक न्यूज और माइक्रोप्लास्टिक सहित करीब 1,000 नए शब्दों को भी इस शब्दकोश में जगह मिली है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय प्रेस ने कहा कि शब्दकोश सालों से भाषा में आ रहे बदलाव और विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है और यह सुनिश्चित किया गया है कि नए संस्करण में इस्तेमाल भाषा और उदाहरण प्रासंगिक और समय के अनुरूप अद्यतन हों।

शब्दकोश का नया संस्करण ऑक्सफोर्ड लर्नर्स डिक्शनरी की वेबसाइट और ऐप पर संवादनात्मक सुविधा से युक्त है। वेबसाइट में दृश्य-ध्वनि शिक्षण, वीडियो वाल्कथ्रू(सॉफ्टवेयर), स्वयं अध्ययन गतिविधियां और परिष्कृत आई-राइटर और आई-स्पीकर टूल्स जैसे अद्यतन सुविधाएं हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस में प्रबंध निदेशक (शिक्षण विभाग) फातिमा दादा ने बताया, इस संस्करण में 26 नए भारतीय अंग्रेजी शब्दों को जगह मिली है जिनमें 22 मुद्रित संस्करण में है जबकि चार डिजिटल संस्करण में हैं।

कुछ अन्य भारतीय अंग्रेजी शब्द जिनको शब्दकोश में जगह मिली है वें हैं आंटी (पहले से मौजूद ऑन्ट शब्द का भारतीय स्वरूप), बस स्टैंड, डीम्ड यूनिवर्सिटी, एफआईआर, नॉन-वेज, रिद्रेसल, टेम्पो, ट्यूब लाइट, वेज और वीडियोग्राफ। शब्दकोश के ऑनलाइन संस्करण में जिन चार भारतीय अंग्रेजी शब्दों को शामिल किया गया है वे हैं करंट (बिजली के लिए), लूटर, लूटिंग और उपजिला।

फातिमा ने कहा, प्रचलन और सामान्य इस्तेमाल शब्दों को शामिल करने का मुख्य आधार है। हम पूरी दुनिया में अंग्रेजी बोलने के दौरान इस्तेमाल किए गए शब्दों का आकलन करते हैं जिसके बाद वे शब्द गहन परीक्षण प्रक्रिया से गुजरते हैं। उन्होंने कहा, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस वैश्विक स्तर पर अंग्रेजी भाषा का संरक्षक है।

# कर्नाटक के भाजपा सांसद के खिलाफ वैमनस्य फैलाने के आरोप में मामला दर्ज

भाषा। मलप्पुरम (केरल)/बेंगलुरु

**केरल** के मलप्पुरम जिले में संशोधित नागरिकता कानून का समर्थन करने पर एक पंचायत के हिंदुओं को पानी की सुविधा से वंचित रखने का आरोप लगाने पर कनार्टक की भाजपा सांसद शोभा करांदलजे के खिलाफ विभिन्न वर्गों के बीच वैमनस्य फैलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

केरल पुलिस ने कहा कि एक वकील की शिकायत पर सांसद एवं कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया जबकि कुट्टिपुरम पंचायत ने उनके आरोप का खंडन किया। कर्नाटक भाजपा महासचिव सांसद ने अपने विरूद्ध मामला दर्ज किए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कुट्टिपुरम के चेरूकुन्नू में दलित परिवारों के साथ हो रहे भेदभाव पर कार्वाई करने के बजाय केरल की माकपा सरकार ने सच बोलने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर दिया।

भाजपा की आईटी शाखा के प्रमुख अमित मालवीय और अन्य कई पार्टी नेताओं ने करांदलजे के समर्थन में ट्वीट किया। करांदलजे ने आरोप लगाया कि वहां बहुसंख्यक मुसलमान दलितों को पानी से वंचित रख रहे हैं। पुलिस ने कहा कि भादंसं की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। करांदलजे ने 22 जनवरी को ट्वीट किया था, केरल दूसरा कदम उठाने की ओर धीरे धीरे बढ़ रहा है।

# हम मप्र में पहली बार सरकारी आतंक के बारे में सुन रहे हैं : प्रदेश भाजपा अध्यक्ष

भाषा। इंदौर

**मध्यप्रदेश** में माफिया रोधी अभियान की आड़ में भाजपा कार्यकर्ताओं को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राकेश सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वह सूबे में पहली बार सरकारी आतंक के बारे में सुन रहे हैं।

कमलनाथ सरकार की नीतियों के खिलाफ प्रदेशव्यापी आंदोलन के दौरान सिंह ने यहां भाजपा की सभा में कहा, पूरे मध्यप्रदेश के आम लोगों में भय का वातावरण है कि राज्य सरकार उनके मकान-दुकानों को अचानक अवैध बताकर उन्हें तोड़ सकती है। उन्होंने कहा, अब तक माना जाता था कि चोर-लुटेरों और डाकुओं के कारण जन मानस में



आतंक निर्मित होता है। हमने सांप्रदायिक आतंक, जातीय आतंक और लाल आतंक के बारे में भी सुना है। लेकिन कमलनाथ सरकार के राज में हम सूबे में पहली बार सरकारी आतंक के बारे में सुन रहे हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि माफिया रोधी अभियान की आड़ में सूबे के प्रमुख विपक्षी दल के कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने के लिए उनके वैध निर्माणों को अवैध बताकर तोड़ा जा रहा है, जबकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के गैरकानूनी निर्माणों को छोड़ा जा रहा है। सिंह ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के समर्थन में राजगढ़ जिले में रैली निकाल रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को कलेक्टर निधि निवेदिता समेत दो महिला प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा थप्पड़ मारे जाने की हालिया घटना की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, दरअसल, इन अधिकारियों ने भाजपा कार्यकर्ताओं को थप्पड़ मारकर कमलनाथ सरकार के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी है।

# हम जिसे सबसे अधिक पवित्र मानते हैं उसे ही सर्वाधिक प्रदूषित करते है: जयराम रमेश

भाषा। जयपुर

**पूर्व** केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि भारत में गजब का विरोधाभास है कि यहां हम जिसे सबसे अधिक पवित्र मानते हैं उसी को सर्वाधिक प्रदूषित करते हैं।

जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएल) के दूसरे दिन फ्लड और फ्यूरी सत्र के दौरान रमेश ने कहा कि गंगा हमारे लिए सबसे पवित्र है, लेकिन हमने उसे सबसे अधिक प्रदूषित किया। यमुना पवित्र है, उसे हमने सर्वाधिक प्रदूषित किया। हिमालय हमारे लिए पवित्र है और उसे भी सबसे अधिक प्रदूषित किया। दरअसल यह हमारा विरोधाभास है। उन्होंने कहा कि आप बनारस जाइए और देखिए भारतीयो के लिए सबसे पवित्र शहर और गंगा को किस तरह से हमने प्रदूषित किया है। आप काशी के मंदिर का हाल देखिए, बेहद गंदे है। जबकि यह बेहद पवित्र शहरों में शामिल है। देश के बेहद कम शहर तिरुपति की तरह स्वच्छ है।

रमेश ने उपनिषद का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रकृति रक्षति रक्षत: यानी प्रकृति केवल उन्हीं की रक्षा करती है जो उसकी रक्षा करते हैं। किसी और संस्कृति में ऐसा नहीं है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि प्रकृति उन्हीं की रक्षा करती है जो उसकी करते हैं। उन्होंने कहा कि 2004 की सुनामी प्रकृति का बदला थी। उत्तराखंड में 2012-13 की बाढ़ प्रकृति का गुस्सा थी। यह हिमालय के प्रति किए गए व्यवहार का परिणाम थी। उन्होंने कहा कि दुनिया में ऐसी कोई भी संस्कृति नहीं है जो भारतीय संस्कृति की तरह प्रकृति का सम्मान करती हो। हमारे देवी-देवता प्रकृति आधारित है। हम अपनी नदियों की पूजा करते हैं हम अपने पर्वतों की पूजा करते हैं। लेकिन आज क्या हो रहा है जिस तरह से पहाड़ और नदियां प्रदूषित की जा रही हैं। ए विरोधाभास नहीं होने चाहिए। हमे अपने पिछले समय की और लौटना चाहिए। बाढ़ पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि नदियों के बाढ़ क्षेत्र पर अतिक्रमण की वजह से समस्या बढ़ी है।




कोलकाता के रेड रोड में आगामी गणतंत्र दिवस परेड के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान एक आर्मस्ट्रांग गन प्रदर्शित की गई

# बंगाल में शिक्षा सुविधाओं में 2011 के बाद व्यापक सुधार हुआ : मुख्यमंत्री

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस के पिछले साढ़े आठ साल के शासन के दौरान प्रदेश में शिक्षा के आधारभूत ढांचे में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस के मौके पर ट्वीट करते हुए बनर्जी ने कहा कि राज्य में 28 नए विश्वविद्यालय स्थापित किए गए हैं और 11 नए स्थापित किए जाने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, आज अंतरराष्ट्रीय शिक्षा दिवस है। 2011 के बाद बंगाल में शिक्षा के आधारभूत ढांचे में व्यापक सुधार हुआ है। बीते साढ़े आठ सालों में हमारी सरकार ने बंगाल में 28 नए विश्वविद्यालय बनाए हैं और 11 नए तैयार हो रहे हैं। राज्य में इसी दौरान 50 नए कॉलेज भी बनाए गए हैं। राज्य सचिवालय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी के नाम पर एक विश्वविद्यालय का उद्घाटन जल्द ही पूर्वी मिदनापुर जिले में किया जाएगा जबकि जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, दक्षिण दिनाजपुर और मुर्शिदाबाद जिलों में भी एक-एक विश्वविद्यालय खुलेगा।

## जयशंकर ने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से टोरंटो हमले में घायल छात्रा के परिवार की मदद करने को कहा

**नई दिल्ली (भाषा)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से टोरंटो हमले में घायल भारतीय छात्रा के परिवार के लिए वीजा की व्यवस्था करने को कहा। मीडिया की खबरों के अनुसार, एक 23 वर्षीय भारतीय छात्रा पर बृहस्पतिवार को टोरंटो में चाकू से हमला किया गया। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ट्वीट में कहा, कनाडा के टोरंटो में एक भारतीय छात्रा राचेल एल्बर्ट पर गंभीर हमले की जानकारी से काफी स्तब्ध हूं। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से उनके परिवार के लिए वीजा की व्यवस्था करने को कहा है। परिवार के सदस्य तत्काल +919873983884 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# जब्त ट्रैक्टर को थाने से छुड़ा ले गया पूर्व विधायक का पति, मामला दर्ज

भाषा। रायगढ़

**छत्तीसगढ़** के रायगढ़ जिले में जब्त ट्रैक्टर को बगैर अनुमति के थाने से ले जाने के मामले में पुलिस ने कांग्रेस की पूर्व विधायक के पति समेत 10 लोगों खिलाफ मामला दर्ज किया है।

रायगढ़ जिले के पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि जिले के सारंगढ़ क्षेत्र के कोसीर थानाक्षेत्र में बुधवार को खनिज विभाग के उड़नदस्ता ने अवैध उत्खनन के मामले में सिंघनपुर महानदी क्षेत्र में तीन ट्रैक्टर को जब्त किया था। इसमें से दो टैक्टर में रेत भरा था तथा एक ट्रैक्टर खाली था। जब्त तीनों ट्रैक्टर को कोसीर पुलिस थाना परिसर में रखा गया था।

अधिकारियों ने बताया कि इसी बीच सारंगढ़ से कांग्रेस की पूर्व विधायक पद्मा मनहर के पति और कांग्रेस के एससी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष घनश्याम मनहर, कोसीर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विष्णु चंद्रा, उनके साथी लालबहादुर चंद्रा और ट्रैक्टर मालिक उमेश महिलांगे छह अन्य समर्थकों के साथ कोसीर थाने पहुंच गए और वहां हंगामा करने लगे। उन्होंने बताया कि पूर्व विधायक के पति घनश्याम मनहर द्वारा उकसाने पर ट्रैक्टर मालिक उमेश महिलांगे जब्त खाली ट्रैक्टर को पुलिस के कब्जे से बिना अनुमति के बलपूर्वक ले गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोसीर पुलिस ने उप निरीक्षक जयमंगल पटेल की रिपोर्ट पर घनश्याम मनहर और कोसीर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विष्णु चंद्रा समेत 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## शैक्षणिक संस्थाओं में सोमवार को होगी संविधान पर चर्चा

**रायपुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अब प्रत्एक सोमवार को संविधान से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि राज्य के सभी शैक्षणिक संस्थाओं में अब प्रत्एक सोमवार को प्रार्थना के बाद संविधान से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने आज इस संबंध में आदेश जारी करते हुए प्रदेश के सभी संभाग के आयुक्त और जिला कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि जारी निर्देश के अनुसार माह के प्रथम सप्ताह में संविधान की प्रस्तावना पर चर्चा होगी।

# माफिया मुक्त मध्यप्रदेश अभियान के तहत पिछले छह महीनो में करीब 5,900 लोगों पर हुई कार्रवाई

भाषा। भोपाल

**मध्यप्रदेश** सरकार ने शुक्रवार को दावा किया कि प्रदेश को माफिया मुक्त बनाने के लिए चलाए गए अभियान के तहत पिछले छह महीने में प्रदेश के करीब 5,900 लोगों पर कार्रवाई की गई है।

मध्यप्रदेश के विधि एवं विधाई कार्य मंत्री पी सी शर्मा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि इस अभियान के तहत अब तक 615 भू-माफिया, 694 शराब माफिया, 150 मिलावट माफिया, 149 वसूली माफिया, 4,227 ड्रग माफिया एवं 65 सहकारी गृह निर्माण संस्थाओं से जुडे माफियाओं पर कार्रवाई की गई है। इनमें से कई को सलाखों के पीछे डाल दिया गया है। उन्होंने बताया कि इनके अलावा, हमारी सरकार ने ट्रान्सपोर्ट माफियाओं के 1053 वाहनों को जब्त करने की कार्रवाई भी की है।

शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश में कमलनाथ सरकार को भाजपा के 15 साल के शासन के बाद विरासत में गुंडा एवं माफिया राज मिला था। उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने संकल्प लिया है कि प्रदेश के कोने-कोने से चुन-चुन कर माफिया का सफाया कर कानून का राज स्थापित किया जाएगा। इसके तहत हमने पिछले साल 19 जुलाई से सभी तरह के माफिया को खत्म करने के लिए प्रदेश व्यापी अभियान छेड़ा हुआ है। शर्मा ने कहा कि प्राथमिक रूप से 11 प्रकार के माफिया को चिन्हित किया गया है, जिनमें ड्रग माफिया, भू-माफिया, वसूली/फिरौती माफिया, शराब माफिया, मिलावट माफिया, चिटफण्ड माफिया, अवैध कॉलोनी माफिया, ब्लैकमेल माफिया, माइनिंग माफिया, ट्रान्सपोर्ट माफिया और सहकारी गृह निर्माण संस्थाओं से जुड़ा माफिया शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वहीं, ड्रग माफिया अभियान के तहत कुल 4,227 अवैध ड्रग माफिया को पकड़ा गया जिनके पास से 12.11 किलो स्मैक, 172 किलो अफीम, 10189 किलो गांजा, 6.154 किलो चरस, 39799 किलो डोडा चूरे सहित अन्य ड्रग्स जब्त की गईं।

उन्होंने कहा कि दूध एवं दूध उत्पादों एवं अन्य खाद्य पदार्थों पान मासाला सहित 11,536 नमूने जाँच के लिए गए, जिसमें अवमानका मिथ्याछापा अपद्रव्य के 1467 प्रकरण पाए गए, जिसमें 108 में प्राथमिकी दर्ज की गई तथा 41 खाद्य कारोबारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत निरुद्ध किया गया। शर्मा ने बताया कि मध्यप्रदेश में माफिया मुक्ति अभियान के तहत अब तक संगठित होकर अवैध शराब का कारोबार करने वाले 694 माफियाओं को पकड़ा गया है, जिनसे 9 करोड़ रुपए से अधिक की मदिरा जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, समूचे प्रदेश में माइनिंग माफियाओं के खिलाफ आक्रामक अभियान चलाया जा रहा है।

# लोकतंत्र सूचकांक

## गिरावट से भारत की छवि प्रभावित

**दुनिया** के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में हमें कम से कम सहनशील व समावेशी होना चाहिए। इसे देखते हुए द इकोनोमिस्ट के लोकतंत्र सूचकांक, 2019 में भारत का 10 स्थान गिर कर 51वें स्थान पर पहुंचना पश्चिमी पूर्वाग्रहों के नाम पर इसे खारिज करने के बजाय चिन्ता का विषय है। इस प्रकाशन को तथ्यों के बारे में सावधानी बरतने तथा पूर्वाग्रही न होने के कारण वैश्विक सम्मान और स्वीकार्यता प्राप्त है। 12 साल पहले यह सूचकांक शुरू करने के बाद भारत को कभी इतनी नीची रैंकिंग नहीं मिली है। भारत का स्कोर 2018 में 7.23 था जो पिछले साल 6.9 हो गया और 'विफल लोकतंत्र' के रूप में तानाशाही सरकारों से वह केवल दो कदम पीछे है। भारत के लोकतांत्रिक जीवन्तता के दावों को देखते हुए इसे कम से कम हर आयाम में 8 या उससे अधिक अंक मिलने चाहिए थे। सूचकांक में गिरावट का मुख्य कारण हमारे लोकतंत्र में नागरिक स्वतंत्रताओं में गिरावट है। इसका अर्थ है कि 2014 से जारी मोदी सरकार के पिछले 6 महीनों में देश की छवि बुरी तरह खराब हुई है। बहुलता व चुनावी प्रक्रियाओं में हमें 8.67 प्रतिशत अंक मिले हैं, पर सुशासन, राजनीतिक संस्कृति व नागरिक स्वतंत्रताओं के मामले में भारी गिरावट आई है। संक्षेप में सरकार के कामकाज और नेतृत्व पर सवालिया निशान लगे हैं। 'शहरी



नक्सलों' के एक बहुत छोटे समूह का वैश्विक षडयंत्र कह कर इसे खारिज करने या जवाबी-प्रचार शुरू करने से पहले हमें सोचना चाहिए कि भारत में कभी लोकतंत्र पर चोट का विचार चर्चा का विषय नहीं रहा है। हालांकि, दुनिया ने अनुच्छेद 370 समाप्त करना भारत सरकार के इस तर्क पर स्वीकार किया कि यह हमारे संवैधानिक स्पेस का मामला है। लेकिन इस स्वीकार्यता के बाद नागरिकता कानून आया तथा राम मंदिर के नाम पर हिंदू गौरव से बहुसंख्यकवादी विमर्श स्थापित करने के प्रयास हुए। लोकतंत्र में विवादास्पद राजनीति की सीमा होती है और इसे जबरन किसी पर थोपा नहीं जा सकता है।

विरोधी स्वर दबाने के लिए देश में लगातार बार-बार इंटरनेट पर प्रतिबंध से भारत दुनिया में इंटरनेट बंदी का 67 प्रतिशत भागीदार हो गया है। यह दुनिया भर में तानाशाही सरकारों का नवीनतम औजार है जिससे वे राजनीतिक विमर्श पर नियंत्रण करती हैं तथा अपने खिलाफ किसी राय या भावना पर हमला बोलती हैं। स्वयं को लोकतंत्र बताने के बावजूद हम इसके दोषी हैं। नागरिकता कानूनों तथा पहचान पर आधारित जनगणना निश्चित रूप से विभाजक है और इसने देश की जनता को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है। छात्रों व सिविल सोसाइटी पर हमला ऊंट की पीठ पर आखिरी तिनके वाली कहावत की तरह था। सीमित व पूर्वाग्रही मीडिया ने स्वयं को सरकार के अधिकारिक प्रचारक के रूप में बदल लिया है, जबकि उसे जनता की चेतना का वाहक होना चाहिए। देश में विमर्श का इतना अधिक ध्रुवीकरण हो गया है कि हर तर्क को लाभ हानि के दृष्टिकोण से देखा जा रहा है। इस कारण लोकतांत्रिक प्रक्रिया को संपदा के बजाय दायित्व की तरह देखा जा रहा है। यदि स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर खतरा हो तो भारत में लोकतंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। इस अध्ययन के अनुसार दुनिया की लगभग आधी जनसंख्या लोकतंत्रों में रहती है, पर उसका केवल 5.7 प्रतिशत ही 'पूर्ण लोकतंत्र' में है। गौर करना चाहिए कि ऐसे में भारत लोकतंत्र मजबूत कर कितना ज्यादा राजनयिक लाभ प्राप्त कर सकता है। दुनिया में 2019 में 22 देश 'पूर्ण लोकतंत्र' की सूची में आ गए हैं, ऐसे में क्या हम अपनी स्थिति में सुधार नहीं करना चाहेंगे?

# डोनाल्ड ट्रंप की अतार्किक आक्रामकता

**ट्रंप प्रशासन के अंतर्गत अमेरिका सैनिक महत्व के मामलों पर जल्दबाजी में फैसले कर रहा है, जबकि ट्रंप को इसका कोई पूर्व अनुभव नहीं है और न वे इन मामलों में किसी की पेशेवर सलाह लेते हैं।**



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)

परम्परागत रूप से अमेरिका को 'व्हाइट हाउस' में उपलब्ध सैनिक अनुभव का लाभ मिलता रहा है। राजनीतिक रूप से सर्वोच्च पद पर पहुंचने के पहले अमेरिका के 45 राष्ट्रपतियों में से लगभग 29 को सैनिक अनुभव रहा है। लेकिन वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इसका अपवाद हैं। उन्होंने चिकित्सकीय कारणों से स्वयं को विवादास्पद रूप से वियतनाम युद्ध के समय सैनिक सेवा से अलग रखा था। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शीतयुद्ध के युग में बिल क्लिंटन, बराक ओबामा व अब ट्रंप के पहले लगातार नौ अमेरिकी राष्ट्रपति पूर्व सैनिक रहे हैं। यहां तक कि अमेरिकी कांग्रेस और सिनेट में भी सेवानिवृत्त सैनिकों की काफी उपस्थिति रही है। बीसवीं शताब्दी के अंत में लगभग आधी कांग्रेस सेवानिवृत्त सैनिकों से भरी थी। वे राष्ट्रीय लक्ष्यों का ध्यान रखते हुए सुरक्षा नीतियां बनाते तथा उन पर बहस करते थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद कोरिया, वियतनाम, मध्यपूर्व, सोमालिया व अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिक हस्तक्षेप का रक्तरंजित इतिहास है। इसके साथ ही उसने अनेक अन्य परोक्ष आपरेशन व कार्रवाइयां कीं। ऐसे में सुरक्षा संवेदनशीलताओं पर पूर्व सैनिकों की उपस्थिति व समझदारी आश्वस्तिकारी थी जिससे प्रशासन को उचित समझ, मजबूती व सही दृष्टिकोण मिलता था। लेकिन पिछले 12 सालों में धीरे-धीरे अमेरिका के दोनों सदनों में सेवानिवृत्त सैनिकों का प्रतिनिधित्व घटा है। हालांकि, वर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने स्वयं सैनिक दृष्टिकोण से अति-उत्साह और वीरता का प्रदर्शन करते हुए सैनिक परेडें कराईं हैं और इस प्रकार राजनीति में अपनी आक्रामकता को मजबूत किया है।

लेकिन सैनिक मामलों में उनके अधिकांश हस्तक्षेप, भ्रम व रणनीतियां एक शोमैन की तरह प्रदर्शनकारी व नाटकीय रही हैं, पर उनकी प्रभावशीलता अधिक नहीं है।



उन्होंने अपने कार्यकाल की शुरुआत मैरीन कार्पर्स के प्रख्यात जनरल जेम्स मैटिस की रक्षा सचिव के रूप में नियुक्ति से की थी। लेकिन वे ट्रंप की बड़बोली व अस्थिर पसंद की तुलना में बहुत अधिक तार्किक, जमीनी तथा बेहतरीन अध्ययन वाले पेशेवर सिद्ध हुए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अफगानिस्तान में 'मदर आफ आल बम', यानी सर्वाधिक शक्तिशाली गैर-नाभिकीय बम जीबीयू-43बी मैस्सिव आर्डीनेंस ब्लास्ट के प्रयोग की अनुमति दी। आज वे उन तालिबानों के साथ 'शांति वार्ता' कर रहे हैं जो 2,000 से अधिक अमेरिकी सैनिकों की हत्याओं के जिम्मेदार हैं। उन्होंने जल्दबाजी में अमेरिकी सेना को अन्य कार्रवाइयों के साथ सीरिया के एक एक हवाईअड्डे पर 59 तथा एक औद्योगिक स्थल पर लगभग 100 टामहाक क्रूज़ मिसाइल बरसाने का आदेश दिया जिनमें से प्रत्येक की लागत लगभग डेढ़ मिलियन डालर है। आज सीरिया की अधिकांश भूमि पर अमेरिका के धुर-विरोधी बशर अल असद की सीरिया सरकार का कब्जा है।

सहयोगी सऊदी अरब व संयुक्त अरब अमीरात के साथ अमेरिकी विशेष बलों ने यमन में सैनिक कार्रवाई की। इसके परिणामस्वरूप ईरान-समर्थित हौती विद्रोहियों की अधकचरी सेना का ज्यादा बड़े क्षेत्र पर कब्जा हुआ और आज वह अमेरिका व उसके सहयोगियों की सेना से बड़ी, प्रभावशाली तथा बेहतर हथियारों से लैस है। हालांकि, अमेरिका अपने एक प्रमुख दुश्मन अबू बक्र अल बगदादी का 'सफाया' करने में सफल हुआ है और हाल ही में उसने कुद्स फोर्स के ईरानी कमांडर मेजर जनरल कासिम सुलेमानी को मार गिराया है, लेकिन मध्यपूर्व में अमेरिका का कब्जा ढीला पड़ा है और वह ज्यादा नुकसान से बचने हेतु 'बाहर निकलने' के लिए बुरी तरह परेशान है। महाशक्ति के लिए सैन्यवादी निर्णय लेना अपरिहार्य है ताकि वह दुनिया भर में अपना वर्चस्व बनाए रख सके। लेकिन हालिया निर्णयों तथा दुनिया भर में ट्रंप-नीत अमेरिकी सैनिक कार्रवाई पर गहराई से आत्मावलोकन की आवश्यकता है। ट्रंप की 'टीम' अक्षम नहीं है, पर उसमें उस धैर्य और संयम की कमी है जो मैटिस में था। इसी कारण उनको पद से 'हटाया' गया या उन्होंने इसे छोड़ दिया। न्यूयार्क टाइम्स में 'अज्ञात' व्यक्ति द्वारा लिखे प्रख्यात ओपएड में कहा गया कि वे 'ट्रंप प्रशासन के कामकाज में प्रतिरोध' के कारण खामोशी से अपने 'इको चैंबर' में चले गए। कहा जाता है कि यह ओपएड ट्रंप प्रशासन के एक वरिष्ठ व्यक्ति ने लिखा था जो उनकी नेतृत्व शैली को 'असहनीय, विरोधी, छुद्र व निष्प्रभावी' मानता था। इससे उन असहाय सहायकों की पीड़ा प्रकट होती है जो 'निजी रूप से कमांडर इन चीफ की टिप्पणियों व कार्रवाइयों पर अविश्वास प्रकट करते थे।'

अच्छे व पेशेवर मैटिस ट्रंप की मूर्खता का उस समय शिकार बने जब उन्होंने सीरियाई नेता बशर अल असद की हत्या का ट्रंप का आदेश मानने से इनकार कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने ईरानी सुविधाओं पर हमले तथा सीरिया से अमेरिकी वापसी के निर्णय का विरोध किया था। मैटिस के इस्तीफे के बाद पूर्व सैनिक अधिकारी को ट्रंप प्रशासन में 'अंतिम वयस्क' कहा गया था। अब सवाल पूछे जा रहे हैं कि यदि मैटिस अब भी होते तो क्या सुलेमानी का 'सफाया' हो सकता था।

ईरान के साथ आक्रामकता बढ़ाने के निर्णय का कुछ वरिष्ठ लोगों जैसे चार-सितारा जनरल जैक कीन व सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी के पूर्व निदेशक डेविड पेट्रास ने समर्थन किया था। लेकिन कांग्रेस सदस्य आडम स्मिथ ने कहा था, 'ट्रंप को कोई अनुमान नहीं है कि वे क्या कर रहे हैं, पर वे अपनी इच्छानुसार काम करने में डरते नहीं हैं।' किसी की बात न सुनने की यह प्रवृत्ति अनेक प्रकार के सैनिक दुःसाहस का कारण है और जमीनी स्तर पर यह अनुमान लगाना कठिन है कि ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के अंतिम समय में क्या करेंगे।

सभी लोकतंत्रों में शानदार सैनिक कार्रवाइयों का अर्थ आमतौर पर निष्पक्ष रूप से 'झंडे के साथ एकजुटता' होता है और इससे राष्ट्रपति के जन-समर्थन में विस्तार होता है। यह एक पुरानी तरकीब है। खाड़ी युद्ध के बाद पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज एच. डब्लू बुश की जन-समर्थन रेटिंग 58 प्रतिशत से बढ़ कर 89 प्रतिशत हो गई थी। उनके बेटे जार्ज डब्लू. बुश की रेटिंग भी इसी प्रकार ईराक पर हमले के बाद 58 प्रतिशत से बढ़ कर 71 प्रतिशत पहुंच गई थीं। बराक ओबामा द्वारा ओसामा बिन लादेन के सफाए के बाद उनकी रेटिंग 44 प्रतिशत से बढ़ कर 51 प्रतिशत पहुंच गई थीं। लेकिन ट्रंप द्वारा सुलेमानी के सफाए के बाद कोई उल्लेखनीय उभार नहीं दिखा है। उनकी रेटिंग 40 से कुछ ऊपर बनी हुई है। स्पष्ट रूप से ट्रंप ने अक्सर 'सैनिक कार्ड' का दुरुपयोग किया है और अब यह प्रभावी नहीं रह गया है। इसके साथ ही उनके द्वारा 'सुंदर आयुधों' के उल्लेख तथा उनके 'अंतिम विकल्प' के रूप में प्रयोग करने की बात से राजनयिक जिम्मेदारी घटती है। इससे उनके पद पर बैठे व्यक्ति के लिए आवश्यक संयम का अभाव स्पष्ट होता है।

ट्रंप जैसे जानबूझ कर ध्रुवीकरण करने वाले राजनेताओं के कारण खतरनाक रूप से सेवानिवृत्त सैनिकों के बीच दृष्टिकोण में खतरनाक 'विभाजन' पैदा होता है, जबकि आमतौर से वे सुरक्षा मामलों पर निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाते हैं तथा सैनिक 'तथ्यों' पर आधारित रहते हैं। इस प्रकार की आक्रामक राजनीति ने ट्रंप के साथी रिपब्लिकन व पूर्व सेवानिवृत्त सैनिक सिनेटर जान मैक्केन को अलग किया है जिनकी सैनिक के रूप में पेशेवर निष्ठा पर उन्होंने सवाल उठाए थे।

सेना के मामलों को राजनीतिक दांवपेंचों से अलग रखने की आवश्यकता है। ऐसा न होने पर संस्थान के रूप में सेना की स्थिति कमजोर होती है और इसके कारण कुल मिला कर राष्ट्रीय सुरक्षा भी कमजोर हो सकती है।

# अनधिकृत कॉलोनियों की अंतहीन समस्या



**प्रेरणा प्रभाकर**
(लेखिका एनसीएइआर में सहायक फेलो हैं)

राजधानी दिल्ली की नगर नियोजन नीतियां संबंधित एजेंसियों की वहनीय, औपचारिक आवासीय सुविधाएं निवासियों को मुहैया कराने को बढ़ावा देने में अक्षमता से ग्रसित हैं। परिणामतः, अनौपचारिक आवासों की संख्या राष्ट्रीय राजधानी के अधिकतर हिस्सों में बढ़ गई है। अनाधिकृत कालोनियां उन अनौपचारिक आवास श्रेणियों का ही एक प्रकार हैं और अप्रत्याशित गति से बढ़ी हैं। 1961 में जहां लगभग 110 कालोनियां थी तो अब उनकी संख्या बढ़कर लगभग 1,800 हो गई है। ये अनाधिकृत कालोनियां शहर में रहने वाले अधिकतर आर्थिक रूप से कमजोर तबकों एवं निम्न आय वर्ग के लोगों की जरूरतें पूरी करती हैं।

जबकि इन कालोनियों की अनौपचारिकता से उपजने वाली समस्याओं को संबोधित करने के लिए इनके विनियमितीकरण हेतु बहुत से प्रयास किए गए हैं, मगर स्थिति सुधरी नहीं है। यह विविध स्तरों पर निर्वाचित प्रतिनिधियों की राजनीतिक अभिप्रेरणाओं के साथ संस्थागत बहुलता का परिणाम है। राजनीतिक अवस्थापनाएं अनाधिकृत कालोनियों की जनसंख्या को वोट हासिल करने के लिए लक्षित करती हैं और विनियमितीकरण एवं विकास के वादे करती हैं। हालांकि, एक बार निर्वाचित होने पर, वे वादे पूरे करने में विफल रहती हैं।

2008 में, 2009 के चुनावों के ठीक पहले, तत्कालीन केंद्र सरकार ने अनाधिकृत कालोनियों को नियमित करने के लिए अधिसूचना जारी की थी तथा इन कालोनियों से आवेदन मांगे थे। हालांकि, प्रक्रिया उससे आगे नहीं बढ़ पाई। इस बार, केंद्र में सत्तासीन भाजपानीत सरकार ने 8 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के निकट, अनाधिकृत कालोनियों में रहने वाले 40 लाख लोगों को स्वामित्व के अधिकार प्रदान करने के लिए संसद में एक विधेयक पारित किया है। इस बाबत, पीएम मोदी ने नई दिल्ली में एक रैली को संबोधित किया और कहा, "हमने वह काम करने की पहल की है जो बहुत सी पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर पाईं।" विधेयक के मुताबिक, ये अधिकार बने हुए भूखंडों साथ ही साथ रिक्त भूखंडों पर मामूली राशि के भुगतान पर दि जाएंगे।

इसके बाद, किसी अनाधिकृत कालोनी में 100 वर्ग मीटर आवासीय भूखंड के स्वामी को स्वामित्व का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए कम से कम 19,980 रुपए देने होंगे, जो उस क्षेत्र पर निर्भर करेगा जिसमें कालोनी आती है। इससे अनाधिकृत कालोनियों की जनसंख्या के मामले में वहनीयता के सरोकार को संबांधित किया गया है साथ ही इन कालोनियों के निवासियों से भूमि की कीमत वसूलने का भी प्रयास शामिल है। इस उपाय के शहर की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक लाभ हो सकते हैं।



इस अधिसूचना के लागू होने से निवासियों को औपचारिक वित्तीय बाजारों में प्रवेश के द्वार उपलब्ध हो सकते हैं। इस तरह स्वामित्व से संपत्ति स्वामी को अपने मकान के सापेक्ष अन्य चीजें हासिल करने की क्षमता प्राप्त हो सकती है। ऐसे कदम से लगभग 8 लाख संभावित उपभोक्ता आवासी ऋण बाजार से जुड़ेंगे, और राष्ट्रीय राजधानी की अर्थव्यवस्था को आवश्यक बल मिलेगा। अनाधिकृत कालोनियों के पंजीकरण के साथ, इस निर्णय से आगे और औपचारिक लेन-देन को बल मिलने की संभावना है, इस तरह सरकार के स्टांप शुल्क राजस्व में वृद्धि होगी। हालांकि, विधेयक में अस्तित्वमान कालोनी में भूखंड, मकान व संपत्ति के लेन-देन पर कुछ स्पष्ट नहीं बताया गया है। इन कालोनियों में एक औपचारिक तथा वहनीय आवास बाजार सृजित करने के मुद्दे का समाधान करने के लिए स्पष्टता महत्वपूर्ण है। स्पष्ट जानकारी न होने के कारण, यह माना जा सकता है कि अनाधिकृत कालोनी में प्लाट मालिक को स्वामित्व का अधिकार दिए जाने के साथ, बिक्री का पंजीकरण परम्परागत सर्किल दरों पर किया जाएगा। ऐसे में, किसी अनाधिकृत आवास में रहने वाला व्यक्ति 100 वर्ग मीटर प्लाट के स्वामित्व का अधिकार 19,980 रुपए में हासिल कर लेगा, हालांकि वह उसी संपत्ति को परम्परागत सर्किल दर पर 1.6 करोड़ रुपए में बेचेगा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इन इलाकों में संपत्तियां वाकई ऐसे दाम लगाए जाने के योग्य हैं, अपर्याप्त अवसंरचना को दुखते हुए? इस बाबत, एक संतुलित क्रेता-विक्रेता गतिशीलता को बनाए रखने के लिए, नीति नियंताओं को इन परिवारों के लिए लेन-देन की कीमतों पर पुनर्विचार करना चाहिए। इस आवश्यक पुनरीक्षण के बगैर, संभव है कि ये कीमतें एक अतिशय आपूर्ति स्थिति पैदा कर बाजार को बिगाड़ दें।

एक और रास्ता जिससे होकर विधेयक सरकार के राजस्व को बढ़ा सकता है वह है पंजीकृत अनाधिकृत कालोनी परिवारों के लिए संपत्ति कर आबंध के माध्यम से होना। यद्यपि अधिसूचना इन कालोनियों से संपत्ति कर संग्रहण के मुद्दे पर मौन है, आने वाले विधेयक में इस बाबत स्पष्टता संभव है। कानूनी स्वामित्व के साथ, अनाधिकृत कालोनी के निवासी वार्षिक संपत्ति कर अदा करने को बाध्य होंगे, जिससे रखरखाव सेवाओं में महत्वपूर्ण योगदान होगा। विधेयक से संभावित आर्थिक प्राप्तियों का लाभ उठाने के लिए, यह महत्वपूर्ण है कि संपूर्ण प्रक्रिया का क्रियान्वयन जटिल न हो। आवेदकों के परिप्रेक्ष्य से, सुझाई गई प्रक्रिया में कुछ उपकरण व तकनीकें शामिल हैं जो उनकी समझ से परे होने की संभावना है, उनके सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइल को देखते हुए। इस प्रकार, कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षण और जागरूकता की आवश्यकता होगी तथा दिल्ली सरकार को संस्थात्मक समन्वय का सिद्ध करते हुए इसमें अगुवाई करनी होगी।

दिल्ली में अनाधिकृत कालोनियों के कुछ निवासियों से की गई चर्चाओं से पता चला कि उनके अनुभव के चलते, निवासी अभी भी विधेयक के वास्तविक क्रियान्वयन को लेकर आशंकित हैं तथा आनलान पोर्टल पर आवेदन प्रक्रिया पर आगे बढ़ चुके हैं। कुछ मामलों में, लोगों को प्रक्रियागत आवश्यकताओं की जानकारी भी नहीं है। यह इस तथ्य से परिलक्षित होता है कि डीडीए के पोर्टल पर अभी चंद ही आवेदन प्राप्त हुए हैं। शहर के 8 लाख परिवारों में से 166 ने अब तक आवेदन किए हैं। इस निराशाजनक स्थिति के मद्देनज़र, यह अनिवार्य हो जाता है कि इस नीति की वांछित सफलता दर के लिए, अनाधिकृत कालोनियों के निवासियों की सहायता हेतु स्वयंसेवियों को नियुक्त किया जाए। अभी तक, केवल 25 सहायता डेस्क उपलब्ध हैं जो इस प्रक्रिया को दक्षतापूर्वक बढ़ावा देने में समर्थ नहीं हैं। इस प्रस्तावित नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से शहर की भूमि एवं आवासी बाजार की आर्थिक क्षमता का लाभ उठाया जा सकता है।

अनाधिकृत कालोनियों का विनियमितीकरण लंबे समय से लंबित मुद्दा है और बेहतर आर्थिक परिणाम पाने के लिए इसका जल्द समाधान किए जाने की आवश्यकता है। क्या अनाधिकृत कालोनियों के लिए नीति क्रियान्वयन के इर्द-गिर्द मौजूद कुचक्र इस बार टूटेगा यह दिल्ली विधानसभा चुनावों के पश्चात साफ होगी।

## आप की बात

### विचारणीय प्रश्न

**अदालत** के समक्ष मुख्य तर्क यह दिया जा रहा है कि सभी कानूनों का दुरुपयोग हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि कानून समाप्त कर दिए जाएं। यह तर्क पूर्णतः उचित है और हम इससे सहमत हैं। लेकिन आंकड़ों से इस अधिनियम के उचित व कठोर प्राविधानों का व्यापक दुरुपयोग उन लोगों के खिलाफ सिद्ध होता है जो 'जाति' के आधार पर साथी नागरिकों का अपमान या किसी प्रकार व किसी रूप में उनका उत्पीड़न करने की हिम्मत करते हैं। जब देश का सर्वोच्च न्यायालय समुचित विचार-विमर्श के बाद कानून के व्यापक दुरुपयोग वाले कुछ प्राविधानों में परिवर्तन का प्रयास करता है तथा ऐतिहासिक रूप से उत्पीड़ित समाज के लोगों को घृणा से संरक्षण सुनिश्चित करने का प्रयास करता है जिसे कानून में अपराध माना गया है तब सभी राजनीतिक पार्टियों व हित समूहों को अपने भीतर झांकना चाहिए। लेकिन यह बात भी पूरी तरह समझ में आती है कि हम जिस छिद्रान्वेषण वाले समय में रह रहे हैं और जहां चुनावी राजनीति हावी रहती है, ऐसे में कोई राजनीतिक पार्टी समझदारी की बात नहीं सुनेगी क्योंकि वोट से बढ़कर कुछ नहीं होता।

– **अजित सेठ**, कानपुर

### कृषि क्षेत्र अब भी महत्वपूर्ण

**हालांकि** अब भारत 'कृषि अर्थव्यवस्था' नहीं है क्योंकि सकल घरेलू उत्पाद में कृषि का योगदान केवल लगभग 17 प्रतिशत है, पर आजीविका के लिए 70 प्रतिशत ग्रामीण परिवार कृषि पर निर्भर हैं। सरकार किसानों और उपभोक्ताओं के हितों में सामंजस्य स्थापित करने तथा खाद्य मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए अनाजों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी निर्धारित करती है जिसका विस्तार कर अब 23 वस्तुओं को उसके दायरे में लाया गया है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को उचित दाम पर खाद्य पदार्थ दिलाने के लिए वह खाद्य वस्तुओं का आयात करती है या उनके निर्यात को प्रतिबंधित करती है। भारत हर साल 1,50,000 करोड़ के कृषि उत्पाद आयात करता है जिसमें गेंहूं, चावल व चीनी शामिल है जिनका देश में काफी उत्पादन होता है, जबकि देश का कृषि बजट केवल 40,000 करोड़ है। इसका भारी प्रभाव किसानों की आमदनी पर पड़ता है। ऐसे में कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान दिए बगैर देश में विकास वास्तविक एवं संतुलित रूप में होना संभव नहीं है। अतः किसानों पर विशेष ध्यान दिए बगैर व कृषिक विकास के बगैर कोई भी सरकार देश के विकास का दावा नहीं कर सकती।

– **सुरेंद्र शर्मा**, सीतापुर

### बैंकिंग प्रणाली में विश्वास

**सरकार** द्वारा 'जन धन योजना' जैसी योजनाओं द्वारा बैंक खाते खोलने को प्रोत्साहन के बावजूद अनेक गरीब लोगों का अब भी बैंकिंग व्यवस्था पर विश्वास नहीं है। इसका कारण विभिन्न घोटालों के बजाय बैंक कर्मचारी हैं जो छोटे खाताधारकों से ठीक व्यवहार नहीं करते हैं, चाहे वे सरकारी बैंकों में हो या निजी बैंकों में। निश्चित रूप से नीरव मोदी द्वारा जनता का पैसा हड़पने जैसे लगातार हो रहे घोटालों के कारण दुष्प्रचार करना आसान हो गया है जिससे बैंकों को नुकसान होता है। मीडिया से सरकार के बहुत अच्छे संबंध न होने के कारण ऐसा दुष्प्रचार और तेजी से फैलता है। निश्चित रूप से यह अमीरों के लिए चिन्ता का विषय नहीं है, पर गरीबों की स्थिति और खराब होती है तथा नकदी का भंडारण शुरू हो जाता है। सरकार ने काफी देर में कदम उठाते हुए जनता को आश्वस्त किया कि चीजें उतनी खराब नहीं हैं जितना कहा जाता है, लेकिन बार-बार लगता है कि यह सरकार आग लगने पर ही उसे बुझाती है। विश्वास जगाने के लिए प्रशासन को सक्रिय होना होगा।

– **विशाल सिंह**, बाराबंकी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**मैं** ममता बनर्जी, राहुल गांधी और आप सबसे कहना चाहता हूं कि वे मुझसे सीएए पर बहस करें। मैंने संसद में यह विधेयक आगे बढ़ाया था।

– **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री



**उनके** बजाय मुझसे बहस करें। बहस दाढ़ी वाले से होनी चाहिए। मैं भाजपा से सीएए, एनपीआर व एनआरसी पर बहस कर सकता हूं।

– **असदुद्दीन ओवैसी**
एआईएमआईएम अध्यक्ष



**कांग्रेस** मानसिक दीवालियेपन का शिकार है। पिछले महीनों में उसके द्वारा दिए बयान पाकिस्तान की सहायता करने वाले हैं।

– **जे.पी. नड्डा**
भाजपा अध्यक्ष

# अतीत भुलाकर कोई समाज व देश आगे नहीं बढ़ सकता: योगी

## ● तीन दिवसीय यूपी दिवस की हुई रंगारंग शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अपने अतीत और विरासत को भुलाने वाला राष्ट्र एवं समाज तरक्की नहीं कर सकता। यूपी के धार्मिक महत्व का जिक्र करते हुये सीएम ने कहा कि राम-कृष्ण की यह धरती अपनी पवित्रता और पुरुषार्थ के नाते जानी जाती है और यहां का नागरिक होना हर किसी के लिए गौरव की बात है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अवध शिल्प ग्राम में आयोजित उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के तीन दिवसीय रंगारंग कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर ये बातें कहीं। इस मौके पर उन्होंने अटल आवासीय विद्यालय योजना की शुरुआत की। इसके पहले मुख्यमंत्री और राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने संयुक्त रूप से इस तीन दिवसीय समारोह का उद्घाटन किया। सीएम योगी ने कहा कि अतीत को विस्मृत करके कोई समाज और देश आगे नहीं बढ़ सकता। अतीत की गौरवशाली परंपराएं हमें आगे बढ़ने को प्रेरित करती हैं। अतीत के अनुभव की बुनियाद पर भविष्य का निर्माण होता है। उत्तर प्रदेश लोकतंत्र की पहली आधारशिला रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया की सबसे पवित्र नदी गंगा अपना सबसे लंबा सफर उप्र में ही तय करती है। गंगा और यमुना का पवित्र संगम तीरथराज प्रयागराज यहीं है। दुनिया का प्राचीनतम शहर और तीनों लोकों में प्यारी काशी भी यहीं है। पूरी दुनिया को राम राज्य के रूप में आदर्श राज्य की संकल्पना देने वाले मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और न दैन्यं न पलायनं का संदेश देने वाले भगवान कृष्ण की भी यही धरती है। भगवान बुद्ध ने यहीं से पूरी दुनिया को शांति का संदेश दिया। सर्वाधिक जैन तीर्थंकर भी उप्र ने ही दिये। यहां के रणबांकुरों ने जंगे आजादी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और विदेशी हुकूमत से आजादी दिलाने के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान कर दिया। देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री भी उत्तर प्रदेश ने ही दिए।



सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पहले स्थापना दिवस पर हमने एक जिला एक उत्पाद योजना लॉन्च की थी। यह योजना प्रदेश के निर्यात को तेजी से आगे बढ़ाने में कारगर साबित हुई है। जहां देश का निर्यात 7 से 8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है वहीं उत्तर प्रदेश का निर्यात 28 फीसद की दर से बढ़ा है। उन्होंने कहा कि दूसरे स्थापना दिवस पर हमने विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना शुरू की और आज तीसरे स्थापना दिवस पर अटल आवासीय विद्यालय की आधारशिला रख रहे हैं। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान दिलाने वाले हमारे खिलाड़ियों को यहां पर रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार और लक्ष्मण पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। खिलाड़ियों को शासन की ओर से रुपए 3 लाख 11 हजार के चैक के साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया है। प्रदेश सरकार खेल की विभूतियों को सम्मानित करने के लिए हर वर्ष आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने 18 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया था। निवेश करने वाले और रोजगार की सम्भावनाओं को बढ़ाने वाले प्रदेश के 7 उद्यमियों को सम्मानित किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार 18 मंडलों में 18 अटल आवासीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय की तर्ज पर प्रारंभ करने जा रही है। जिसमें रजिस्टर्ड श्रमिकों के बच्चों को सभी सुविधाएं निशुल्क मिलेंगी। खेल में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों को खेलों में प्रोत्साहन दिया जाएगा। साथ ही स्किल डेवलपमेंट के जरिए उनको स्वावलंबी बनने की प्रेरणा दी जाएगी। उन्होंने कहा प्रयागराज कुम्भ के बारे में लोग मुझसे पूछते थे कि इसमें कितने लोग आएंगे। मैं कहता था कम से कम जितनी प्रदेश की आबादी है उतने लोग तो आएंगे ही। पर आये 24 करोड़ 56 लाख लोग। यह प्रदेश की आबादी से करीब सवा करोड़ अधिक हैं।



### सरकार बिना भेदभाव सबके हित के लिए प्रतिबद्ध: राज्यपाल

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने यूपी दिवस पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये कहा कि यहां पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार योगी के नेतृत्व में विकास के पथ पर अग्रसर है। सरकार बिना भेदभाव के सभी वर्गों का कल्याण करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खां और राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारी यहां की धरती पर पैदा हुए, जिन्होंने अपूर्व साहस, वीरता और बलिदान से देश को आजादी दिलाने में अपनी भूमिका निभाई। उत्तर प्रदेश अपनी सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक चेतना के लिए भी जाना जाता है। यहां कबीर, तुलसी, जायसी, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद और निराला जैसे साहित्यकारों ने जन्म लिया। जोश मलीहाबादी, जिगर मुरादाबादी, फिराक गोरखपुरी, अली सरदार जाफरी, ब्रज नारायण चकबस्त और कैफी आज़मी जैसे शायरों ने हिंदी के साथ उर्दू को एक अलग पहचान दिलाने में अपनी भूमिका निभाई। नृत्य संगीत के क्षेत्र में भी उत्तर प्रदेश की समृद्ध परंपरा रही है।

# जेवर एयरपोर्ट के निर्माण को गति देने के लिये कंपनी का गठन




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एशिया** के दूसरे सबसे बड़े इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट के विकास कार्य को गति देने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने ट्वीट करते हुए इस कम्पनी के गठन की जानकारी दी है।

योगी सरकार चीन को पछाड़कर एशिया का दूसरा सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट का निर्माण करा रही है। इसके पूरा होने पर यूपी की अर्थव्यवस्था को नई रफ्तार मिलेगी। रोजगार और व्यापार बढ़ने के साथ ही अन्य निवेशक भी यूपी की ओर रुख करेंगे। तीस हजार करोड़ रुपए की लागत वाली इस परियोजना से सरकार को एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की आय होने का अनुमान है। एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। इस एयरपोर्ट से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और यमुना एक्सप्रेसवे के करीब एक लाख करोड़ रुपए का निवेश आएगा। विदित हो कि जेवर एयरपोर्ट के लिए 29 नवंबर 2019 को फाइनेंशियल बिड्स खोली गईं थीं। जिसे ज्यूरिख़ एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी ने 400.97 रुपए प्रति यात्री राजस्व भुगतान की दर पर टेंडर हासिल किया।

यूपी में बनने वाला यह एयरपोर्ट दुनिया का 5 वां सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। ग्रेटर नोएडा के जेवर में करीब 5000 हेक्टेयर में प्रस्तावित इस एयरपोर्ट पर तेजी से काम चल रहा है। वर्ष 2022-23 तक जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फ्लाइट्स का संचालन भी शुरू कराने की सरकार

## ● सरकार को एक लाख 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की आय होने का अनुमान

की तैयारी है। अभी चीन का शंघाई प्रांत का इंटरनेशनल एयरपोर्ट एशिया का दूसरा सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। शंघाई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लगभग 39.88 हेक्टेयर में फैला है,जबकि दुनिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट सऊदी अरब में है। किंग फहद इंटरनेशनल एयरपोर्ट 77.600 हेक्टेयर जमीन पर बना है। इसके बाद अमेरिका के डेंवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नंबर आता है, जो 13.571 हेक्टेयर जमीन पर बना है। तीसरे नंबर पर अमेरिका का ही डलास इंटरनेशनल एयरपोर्ट है जो 6.963 हेक्टेयर जमीन पर फैला हुआ है। चौथे और पांचवें नंबर पर अमेरिका के ही ओरलैंडो इंटरनेशनल एयरपोर्ट और वाशिंगटन ड्यूलेस इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं जो 5.383 और 4.856 हेक्टेयर जमीन पर बने हुए हैं।

नोएडा इंटरनेशनल जेवर एयरपोर्ट प्रोजेक्ट पिछले 20 वर्षों से अधर में था। वर्ष 2017 में यूपी में महज 4 एयरपोर्ट थे। योगी सरकार ने एयर कनेक्टिविटी को बढ़ाया जिसके चलते वर्तमान में 6 एयरपोर्ट काम कर रहे हैं। इन एयरपोर्ट से कुल 55 स्थानों के लिए हवाई सेवाएं उपलब्ध हैं। जबकि प्रदेश में 11 एयपोर्ट के विकास का कार्य चल रहा है। इसके अलावा अयोध्या और श्रावस्ती में देश-दुनिया के श्रद्धालुओं के लिए योगी सरकार अलग से एयरपोर्ट बनाने जा रही है।

# सही जनगणना हो जाए तो हिन्दू-मुस्लिम का झगड़ा समाप्त हो जाए: अखिलेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी मुख्यालय सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों में शुक्रवार को कर्पूरी ठाकुर की 96वीं जयंती सादगी से मनाई गई। राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अलीगंज में सेक्टर एच. स्थित कर्पूरी पार्क में प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कर्पूरी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कर्पूरी ठाकुर का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा गरीबों और पिछड़ों के सम्मान एवं अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका बचपन घोर गरीबी में बीता इस कारण वे विधायक और मंत्री रहते हुए अपना वेतन गरीबों के दु:खदर्द में बांट देते थे। उन्होंने राजनीति में अनेक लोगों को प्रेरित किया और पिछड़ों को जगाने का काम किया। उनके रास्ते पर चलकर ही हम आगे बढ़ सकते हैं। श्री यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने नारा दिया था कि

## ● समाजवादी पार्टी ने मनाई कर्पूरी ठाकुर की 96वीं जयंती

'सोशलिस्टों ने बांधी गांठ सौ में पावें पिछड़े साठ' कर्पूरी ठाकुर ने इसे पूरा करने का भरसक प्रयास किया। लेकिन आज भी पिछड़ों को अधूरा लाभ मिला है यदि सही से जनगणना में जातियों की भी गणना हो जाए तो हिन्दू मुस्लिम का झगड़ा समाप्त हो जाएगा और हरेक समाज की भागीदारी भी तय हो जाएगी। लेकिन सरकार तो इसके आंकड़े ही सामने नहीं लाना चाहती है। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार से किसानए नौजवान, व्यापारीए छात्र सभी परेशान हैं। किसान का न तो कर्ज माफ हुआ, न ही आय दुगनी हुई फलत: वे आत्महत्या करने को विवश हैं। नौजवान बेरोजगारी से त्रस्त हैं।

# दिव्यांगों को निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल बांटेगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने प्रदेश में रहने वाले दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। जिससे दिव्यांग समाज की मुख्यधारा से जुड़कर आर्थिक व सामाजिक पुनर्वासन कर सकें। यह ट्राई साइकिल उन दिव्यांगजनों को उपलब्ध होगी, जो 16 वर्ष की आयु या ऊपर के हों और उनके परिवार की वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से रुपए से अधिक न हो। दूसरे उनकी दिव्यांगता 80 फीसदी से ऊपर होनी चाहिए।

निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल के लिए शासन स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें सीएमओ तथा एआरटीओ सदस्य व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकीण अधिकारी समिति के सदस्य सचिव होंगे। अपर मुख्य सचिव दिव्यांगजन

## ● ऑनलाइन करना होगा आवेदन, दिव्यांगता 80 फीसद से ऊपर होने पर मिलेगा योजना का लाभ

सशक्तीकरण विभाग महेश कुमार गुप्ता के मुताबिक योजना के तहत दिव्यांगजन को निशुल्क मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वास्तविक मूल्य अथवा पच्चीस हजार रुपए जो भी कम हो का अनुदान अनुमन्य होगा। यदि मोटराज्ड ट्राई साइकिल की कीमत 25 हजार रुपए से अधिक होती है तो लाभार्थी स्वयं व्यय का भार वहन करेगा, जिसकी प्रतिपूर्ति विधायक निधि, सांसद निधि अथवा सीएसआर से की जा सकेगी। अतिरिक्त धनराशि का भुगतान आपूर्तिकर्ता फर्म को सीधे किया जायेगा। जिसके पश्चात शासकीय अनुदान की राशि विभाग द्वारा फर्म को की जायेगी।

# राज्यपाल ने किया अपना दोस्त नरेन्द्र मोदी पुस्तक का विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. जशभाई पटेल द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर गुजराती भाषा में लिखित पुस्तक आपणो भेरूबंध नरेन्द्र मोदी का हिन्दी में अनूदित पुस्तक अपना दोस्त नरेन्द्र मोदी का शुक्रवार को राजभवन में विमोचन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक राय, प्रो पीसी मिश्रा, केसी कुमार, डा गोविन्द स्वरूप, डा कृष्णा सहित अन्य लोग उपस्थित थे। राज्यपाल ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि डा जशभाई ने मोदी जैसे विराट व्यक्तित्व पर पुस्तक लिखकर अभिनन्दनीय कार्य किया है। इस पुस्तक से हिन्दी भाषी जन समुदाय को भी मोदी के आदर्श व्यक्तित्व से प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पटेल अपनी अन्य रचनाओं को भी हिन्दी भाषा में प्रकाशित करेंगे।

# आवंटित धनराशि का प्रयोग पारदर्शिता के साथ समय से करें: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इमानदारी व पारदर्शिता से कार्य करते हुए आवंटित धनराशि को प्रयोग 31 मार्च 2020 तक कर लिया जाए। इसके साथ ही कार्य सम्पादन के अनुरूप उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन को 30 अप्रैल तक उपलब्ध करा दिया जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क व पुल निर्माण के कार्य में शिथिलता व लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व सम्बन्धित संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों पर राज्य सड़क निधि से विभिन्न जनपदों के 22 मार्गों के नवनिर्माण कार्यों हेतु 28 करोड़ 46 लाख 47 हजार रूपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के साथ 4 करोड़ 26 लाख 89 हजार रुपए की धनराशि यूपी शासन द्वारा अवमुक्त की



गयी है। इन 22 मार्गों में जनपद बलिया में 6, गोण्डा मे 7 तथा गाजीपुर मे 5, श्रावस्ती मे 2 तथा आजमगढ़ व रायबरेली में 1-1 मार्ग पर नवनिर्माण का कार्य किया जाना है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने निर्देश दिये हैं कि सभी सम्बन्धित अधिकारी अवमुक्त धनराशि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुरूप व निर्धारित समयसीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री ने यूपी राज्य सेतु निगम एवं राजकीय निर्माण निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की।

# साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं अपितु पूरक है: नीलिमा कटियार

## ● भाषा संस्थान ने प्रदेश के 9 साहित्यकारों को भाषा सम्मान से किया सम्मानित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा भारतेन्दु नाट्य अकादमी के सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के नौ साहित्यकारों को भाषा सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राजनारायण शुक्ल, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. हरिशंकर मिश्र, डॉ. शिशिर पाण्डेय मौजूद थे। इस अवसर पर कश्मीर की पाण्डित्य परंपरा, कृष्ण चरित मानस और अरूणॉचल प्रदेश की निषी लोककथाएँ पुस्तकों




का संयुक्त रूप से विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर पर उच्च शिक्षा राज्य मंत्री नीलिमा कटियार नें कहा कि भाषा मतलब सम्प्रेषण, सम्प्रेषण मतलब सामूहिकता और इसी सामूहिकता की प्रगति के प्रति भाषा संस्थान कटिबद्ध है, जो बहुत संतोषजनक है। साहित्य समाज का दर्पण ही नहीं अपितु पूरक है। उन्होंने कहा कि 'उत्तर प्रदेश दिवस' के अवसर पर भाषा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से आज के युवा भी प्रदेश के साहित्यकारों द्वारा साहित्य के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए योगदान से प्रेरणा लेकर साहित्य सृजन में अपना भी अमूल्य योगदान देंगे। समारोह में उत्तर प्रदेश एवं साहित्य के क्षेत्र में साहित्यिक विनिमय, सौहार्द, समृद्धि और समन्वय को सम्पुष्ट करने के लिए प्रो. त्रिलोक चन्द्र गोयल, डॉ. प्रणव शर्मा शास्त्री, डॉ. अनिल सिंह गहलौत, प्रो. उषा सिन्हा, प्रो. कैलाश देवी सिंह, डॉ. अनिल कुमार विश्वकर्मा, डॉ. बलजीत कुमार श्रीवास्तव, डॉ. विवेक राठौड, डॉ. राजेश चन्द्र पाण्डेय को भाषा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य के संवर्धन में यूपी के साहित्यकारों का प्रदेय विषय पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. राजनारायण शुक्ल ने कहा कि संस्थान प्रदेश की विभिन्न लोकबोलियों यथा ब्रज, बुंदेली, अवधी, तथा अन्य भारतीय भाषाओं के विकास, संवर्धन और उत्तरोत्तर प्रगति के लिए समर्पित है और निरंतर अपने सकारात्मक प्रयासों से उन्नति की ओर अग्रसर है। वरिष्ठ रचनाधर्मी डॉ. सूर्यप्रसाद दीक्षित ने कहा कि हिन्दी साहित्य को सर्वाधिक सम्पुष्ट उत्तर प्रदेश के साहित्यकारों ने ही किया है। प्रदेश के बाहर के साहित्यकारों को तो सहजता से गिना जा सकता है। यह भी शोधपरक तथ्य है कि सूफी साहित्य सिर्फ और सिर्फ उत्तर प्रदेश में ही लिखा गया। डॉ. हरिशंकर मिश्र ने उत्तर प्रदेश के गौरवशाली इतिहास को वर्णित किया और कहा कि उत्तर प्रदेश के सहित्यकारों के योगदान का आंकलन तो रामायण सरीखे महाकाव्य की लोकप्रियता से ही लगा सकते हैं। विशिष्ट वक्ता डॉ. श्रुति ने अपना शोध वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि आदिकाल से अमीर खुसरो, रामानन्द स्वामी, कबीर, जायसी, आदि ने प्रदेश की लोक बोलियों, लोकभाषाओं के साहित्य को रचकर उन भाषाओं को समृद्ध किया। इनके अतिरिक्त समारोह में डॉ. शिशिर पाण्डेय एवं डॉ. कुन्दल लाल शास्त्री ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सम्पूर्णता प्रदान करते हुए संस्थान निदेशक सुशील कुमार मौर्य ने कार्यक्रम में आये सभी शोधार्थियों, साहित्यानुरागियों, वक्ताओं, श्रोताओं आदि का धन्यवाद ज्ञापित दिया। कार्यक्रम में संस्थान के दिनेश कुमार मिश्र, अंजू, अर्चना, आशीष, प्रियंका, हर्ष, ब्रजेश, शशि आदि उपस्थित थे।

# केंद्र सरकार अविलंब राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर का निर्माण करे: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**देश** में बढ़ती बेरोजगारी संकट के आलोक में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर की मांग को लेकर एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत 23 जनवरी 2020 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रांगण से की गयी है। इसी क्रम में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य जोन के अध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह दीपांकर की अध्यक्षता में बढ़ती बेरोजगारी पर कार्यक्रम का आयोजन माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि बेरोजगारी की विकराल समस्या की ओर ध्यानाकर्षण एवं भारतवर्ष के युवाओं को एक मुखर अभिव्यक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर की मांग को लेकर अखिल भारतीय अभियान

## ● बढ़ती बेरोजगारी पर प्रदेश युवा कांग्रेस ने किया कार्यक्रम का आयोजन, राष्ट्रव्यापी अभियान की हुई शुरुआत

की शुरुआत करने जा रही है।

राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर की मांग इसलिए आवश्यक है कि आज देश में बेरोजगारी की स्थिति विगत 45 वर्षों में सर्वाधिक भयावह हो गई है। इस अभियान की शुरुआत 23 जनवरी को हो चुकी है। प्रत्येक बेरोजगार भारतीय व्यक्ति निर्धारित टॉल फ्री नम्बर-8151994411 पर एक मिस्ड कॉल के माध्यम से इस अभियान से जुड़ सकता है। इस संदर्भ में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा देश भर में पत्रकार वार्ताएं की जायेंगी।

प्रदेश युवा कांग्रेस के नेताओं ने बताया कि एनएसएओ के आंकडों के अनुसार भारत में बेरोजगारी 45 सालों में सबसे ज्यादा है। अकेले ऑटो सेक्टर में ही साढ़े 3 लाख से ज्यादा लोग सिर्फ 4 महिने के अंदर बेरोजगार हुए थे। इस साल भारतीय रेलवे 3 लाख लोगों की छंटनी करने जा रही है। रेलवे में अभी 13 लाख कर्मचारी काम कर रहे हैं जिन्हें कम करके 10 लाख किया जा सकता है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय युवा कांग्रेस के सचिव व प्रभारी उत्तर प्रदेश मनीष चौधरी, दिलप्रीत सिंह डीपी, उप्र युवा कांग्रेस की उपाध्यक्ष वंदना सिंह, महासचिव आस्था तिवारी, शिवम त्रिपाठी, ज्ञानेश शुक्ला, खुर्शीद खान, सचिव नितिन शुक्ला, शिवेन्द्र पाण्डेय, संदीप पाल, कार्तिक शुक्ला, सागर सिंह सोलंकी, बाराबंकी जिलाध्यक्ष अकील अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मुझे आपसे मिलती है प्रेरणा-ऊर्जा

● राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बाल वीरों से बोले पीएम मोदी

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विभिन्न श्रेणियों में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता बच्चों के कार्यों की सराहना की और कहा कि युवा साथियों के ऐसे साहसिक कार्यों के बारे में सुनने से उन्हें प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। मोदी ने अपने आवास पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2020 के 49 बाल विजेताओं के साथ बातचीत की। ए 49 पुरस्कृत बच्चे देश के विभिन्न राज्यों के हैं, जिनमें एक-एक पुरस्कृत बच्चा जम्मू कश्मीर, मणिपुर और अरूणाचल प्रदेश का है। इन बच्चों ने कला एवं संस्कृति, नवाचार, प्रतिभा, समाज सेवा, खेल और बहादुरी जैसे क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त किया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में इन बच्चों को 22 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2020 प्रदान किया। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेता बच्चों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, थोड़ी देर पहले जब आप सभी का परिचय हो रहा था, तब मैं सच में हैरान था। इतनी कम आयु में जिस प्रकार आप सभी ने अलग-अलग क्षेत्रों में जो प्रयास किए हैं और जो काम किया है वो अद्भुत है। उन्होंने कहा कि आप अपने समाज के प्रति, राष्ट्र के प्रति और अपने कर्त्तव्यपालन के लिए जिस प्रकार से जागरूक हैं, यह देखकर गर्व होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आप सभी युवा साथियों के ऐसे साहसिक काम के बारे में जब भी सुनता हूं, आपसे बातचीत करता हूं, तो मुझे भी प्रेरणा मिलती है, ऊर्जा मिलती है। उन्होंने कहा कि एक प्रकार से यह जिंदगी की शुरूआत है और आपने मुश्किल परिस्थितियों में साहस दिखाया और अलग-अलग क्षेत्रों नें



उपलब्धियां प्राप्त की हैं।मोदी ने कहा, मैंने लाल किले से कहा था - कर्तव्य पर बल। ज्यादातर हम अधिकार पर बल देते हैं। आप अपने समाज के प्रति, राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्यपालन के प्रति जिस प्रकार से जागरूक हैं, यह देखकर गर्व होता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप सब कहने को तो बहुत छोटी आयु के हैं, लेकिन आपने जो काम किया है, उसको करने की बात तो छोड़ दीजिए, उसे सोचने में भी बड़े-बड़े लोगों के पसीने छूट जाते हैं। उन्होंने कहा कि आप युवा साथियों के साहसिक कार्यों के बार में जब भी मैं सुनता हूं तो मुझे भी प्रेरणा मिलती है और आप जैसे बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए ही इन राष्ट्रीय पुरस्कारों का दायरा बढ़ाया गया है। मोदी ने बच्चों से कहा कि आजादी के बाद इस देश में 33,000 पुलिस के जवान हम लोगों की सुरक्षा के लिए शहीद हुए हैं और उस पुलिस के प्रति आदर का भाव बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे समाज में एक बदलाव शुरु हो जाएगा और आप सभी को पुलिस स्मारक देखने जरूर जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई पुरस्कार अंतिम आयाम नहीं होता, एक प्रकार से ए जिंदगी की शुरूआत है। आपने मुश्किल परिस्थितियों में साहस दिखाया है और अलग-अलग क्षेत्रों नें उपलब्धियां प्राप्त की है।

# अवैध प्रवासियों में सीएए का खौफ, भागने लगे बांग्लादेश

बीएसएफ ने कहा

भाषा। कोलकता



**नागरिकता** संशोधन कानून के लागू होने के बाद से भारत में रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठिये को डर सताने लगा है। सीमा सुरक्षा बल ;बीएसएफद्ध ने शुक्रवार को कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के बाद से भारत में रह रहे अवैध बांग्लादेशी नागरिक अपने देश वापस जाने लगे हैं। पिछले एक महीने में अवैध नागरिकों के देश छोड़ने की घटनाओं में वृद्धि देखने के मिली है। अर्धसैनिक बल के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अवैध रूप से भारत में बसने वालों को नागरिकता कानून का डर सताने लगा है। जबसे सीएए लागु हुआ है तबसे अवैध नागरिकों के अपने देश लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। बीएसएफ इंस्पेक्टर जनरल (दक्षिण बंगाल फ्रंटियर) वाईबी खुरानिया ने कहा- पिछले एक महीने में देश के सीमावर्ती इलाकों से अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के देश छोड़ने में काफी वृद्धि हुई है। अकेले जनवरी में हमने 268 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा थाए जिनमें से ज्यादातर पड़ोसी देश बांग्लादेश में वापस जाने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय सीमा के बड़े इलाके में फेंसिंग और बिजली नहीं है इसका फायदा उठाकर घुसपैठिए भारत में प्रवेश करने में सफल हो जाते हैंए लेकिन अब यही घुसपैठिए उसी रास्ते से वापस भाग रहे हैं।

**445 बांग्लादेशियों को भारत ने भेजा वापस:** वहीं, इससे पहले बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश कि तरफ से कहा गया था कि पिछले दो महीनों में 445 बांग्लादेशी नागरिक वापस भेजे गए हैं। यह कार्रवाई पिछले दो महीनों के दौरान की गई है।

# मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**मौनी अमावस्या** नगर में धूमधाम से मनाया गया। मौनी अमावस्या के अवसर पर शुक्रवार प्रात: से ही गंगा में श्रद्धालुओं के स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था। गंगा में पवित्र स्नान के लिए देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों व शिवालयों में दर्शन पूजन किया। मौनी अमावस्या के अवसर पर राजघाट से लेकर अस्सी और सामने घाट तक श्रद्धालुओं के स्नान के लिए गंगा आने का क्रम दिन भर चलता रहा। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। प्रात: श्रद्धालुओं के घाटों की ओर आगमन घाट किनारे के रास्तों पर भारी भीड़ रही। गंगा स्नान करने के साथ ही श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों और शिवालयों में दर्शन पूजन किया। काशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा दुर्गाकुंड शक्तिपीठ दुर्गा मंदिर, संकट मोचन मंदिर में श्रद्धालुओं ने मत्था टेका। स्कंदपुराण के अनुसार, मौनी अमावस्या के दिन व्यक्ति को किसी भी पवित्र नदी में स्नान करना चाहिए। इस दिन ध्यान व दान करना चाहिए। इससे सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

# एसआरएमएस के पीजी हॉस्टल में लगी आग, छात्रा जिंदा जली

संवाददाता। बरेली

**एसआरएमएस** मेडिकल कॉलेज के पीजी हॉस्टल में देर रात रूम हीटर से आग लग गई। कमरे से धुआं बाहर निकला तो गार्ड और वार्डन ने कॉलेज प्रशासन को सूचना दी। फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। जब तक आग बुझी छात्रा की जिंदा जलकर मौत हो चुकी थी। बिहार के पटना की रहने वाली सुकीर्ति शर्मा एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज से इंटर्न कर रही थी। पीजी हॉस्टल के कमरा नंबर 320 में वह रहती थी। कालेज सूत्रों का कहना है कि रूम में हीटर लगा हुआ था। इसकी वजह से आग लग गई। गुरुवार रात तीन बजे जब हॉस्टल के कमरे से धुआं निकलने लगा तो वहां हड़कंप मच गया। इसकी सूचना कालेज प्रबंधन को दी गई। मौके पर भोजीपुरा पुलिस और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया।



फायर ब्रिगेड ने जब तक आग पर काबू किया। छात्रा की जलकर मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना मिलते ही एसपी देहात डॉ संसार सिंह, भोजीपुरा इंस्पेक्टर मनोज कुमार त्यागी मौके पर पहुंच गए। छात्रा के परिवार वालों को सूचना दी गई है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई है। एसपी देहात डॉक्टर संसार सिंह ने बताया छात्रा सुकीर्ति शर्मा एमबीबीएस कर चुकी थी। एमबीबीएस करने के बाद इंटर्न कर रही थी। सिंगल बेड रूम में रहती थी।

# शाबास बेटी: पियानों की नन्हीं कला साधक गौरी राष्ट्रपति से सम्मानित

● राष्ट्रपति भवन में दिया गया जिले की बेटी को बाल शक्ति पुरस्कार

● हुनर के बल पर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज करा चुकी है नाम

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**अमर** गणतंत्र की वर्षगांठ से पहले आज शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की ओर से जिन होनहार बालकों को सम्मानित किया गया उनमें अपने नगर की एक बेटी भी शामिल थी। जिसे राष्ट्रपति ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए के लिए इस वर्ष के 'बाल शक्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया है। शहर के मोहल्ला राजीव गांधी नगर रानू मिश्र की बेटी गौरी मिश्रा को पियानों पर पश्चिमी भारतीय



शास्त्रीय संगीत की साधना करने में पारंगत हासिल है। गौरी देश की सबसे कम उम्र की पियानो बाधक है। जिसकी इस प्रतिभा को देख उसका नाम पहले ही इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज किया जा चुका है। नगर की इस गुणी बेटी का इंडिया बुक ऑफरिकार्ड में नाम दर्ज हो जाने की खबर जब जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह को लगी तो उन्होंने अमर गणतंत्र की वर्षगांठ से पहले राष्ट्रपति भवन में उत्कृष्ट कार्य करने के बाले बच्चों के साथ सम्मानित किये जाने के लिए गौरी का नाम राष्ट्रपति भवन भेजा गया था। जहां से गौरी के नाम को सम्मानित किये जाने के लिए उसे बुलावा पत्र भेजा गया इसी के तहत वह आज राष्ट्रपति भवन में थी। उत्तर प्रदेश की गुणी बेटी गौरी मिश्रा का नाम जिस वक्त उदघोषिका ने पुकारा तब उनके सम्बोधन में तमाम अलंकरण गौरी के नाम के साथ पैबन्द थे। गौरी को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में वर्ष 2020 का बाल शक्ति पुरस्कार प्रदान किया। जिस वक्त गौरी को यह सम्मान दिया जा रहा था अपने सूबे से सांसद और केन्द्र में मंत्री स्मृति ईरानी दर्शक दीर्घा में मौजूद थी। राष्ट्रपति भवन में चल रहे बच्चों के सम्मान समारोह का दूर दर्शन पर सीधा प्रसारण देख सैकड़ों लोग गौरी के राजीव गांधी स्थित निवास पर शुभाकामनायें देने पहुंचे।

# पासपोर्ट में जन्मतिथि संशोधन की मांग निरस्त

● फर्जी जन्मतिथि से बना पासपोर्ट जब्त धोखाधड़ी का मुकदमा करने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्जी जन्म तिथि से बने पासपोर्ट को जब्त करने एवं धोखाधड़ी करने के आरोप में आपराधिक कार्यवाही करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने पासपोर्ट में जन्मतिथि में सुधार की मांग को निरस्त करते हुए याचिका खारिज कर दी है। यह आदेश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा तथा न्यायमूर्ति अजीत कुमार की खंडपीठ ने चंदन जायसवाल की याचिका पर दिया है। भारत सरकार की अधिवक्ता सीमा सिंह ने प्रतिवाद किया। याची ने 2014 में स्वयं को कक्षा 5 पास बताते हुए पासपोर्ट बनवाया था जो 10 साल के लिए वैध है। इस पासपोर्ट में याची ने अपनी जन्म तिथि 4 अगस्त 1993 बताई और बाद में इसी जन्म तिथि को यह कहते हुए संशोधित करने की मांग की और कहा कि वह हाईस्कूल पास है। उसकी असली जन्म तिथि 8 जून 1997 है। वह पासपोर्ट जारी करते समय नाबालिग था। उसे 5 वर्ष के लिए पासपोर्ट जारी करने और उसका नवीनीकरण कराने का अधिकार प्राप्त है। पासपोर्ट कानून के तहत बालिग को 10 साल और नाबालिग को 5 साल के लिए पासपोर्ट जारी किया जा सकता है। याची ने स्वयं कहा है कि वह पांचवी कक्षा तक पढ़ा है और हाईस्कूल के प्रमाणपत्र के आधार पर अपनी जन्म तिथि में बदलाव करना चाहता है। यह धोखा है और विभाग को ऐसे धोखे के मामले में आपराधिक कार्रवाई करनी चाहिए।

# सांसद अतुल राय को सदस्यता की शपथ के लिए मिली दो दिन की पैरोल

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**इलाहाबाद** हाईकोर्ट ने दुराचार के मामले में जेल में बंद घोषी, मऊ के सांसद अतुल राय की 2 दिन के लिए पेरोल मंजूर की है। कोर्ट ने कहा है कि 29 जनवरी को पुलिस अभिरक्षा में इन्हें दिल्ली ले जाया जाएगा और 31 जनवरी 2020 को शपथ लेने के बाद पुलिस अभिरक्षा में इन्हें वापस जेल में लाया जाएगा। यह आदेश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने अतुल राय की अर्जी पर दिया है। मालूम हो कि लंका, वाराणसी में एक मई 2019 को अतुल राय के खिलाफ दुराचार करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उसके बाद से ही वह जेल में बंद हैं। 19 मई 2019 को हुए लोकसभा चुनाव में वह विजयी घोषित हुए। किंतु जमानत न मिलने के कारण अभी तक वह शपथ नहीं ले सके है। राय की जमानत अर्जी हाईकोर्ट से एक बार खारिज हो चुकी है। दोबारा जमानत अर्जी दी गई है। जो विचाराधीन है। संसद सदस्यता की शपथ लेने के लिए याची की तरफसे पैरोल पर रिहाई के लिए अर्जी दाखिल की गई थी जिसे स्वीकार करते कोर्ट ने यह आदेश दिया है।

# महिलाओं की रक्षा व सशक्तीकरण के बिना विकास असंभव: मोती सिंह

संवाददाता। प्रतापगढ़

**उत्तर प्रदेश** दिवस-2020 आज क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी के सभागार में भव्य तरीके से मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह ''मोती सिंह'' सम्मिलित हुये। इस दौरान उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विधायक विश्वनाथगंज डा0 आर0के0 वर्मा, विधायक सदर राजकुमार पाल, प्रतापगढ़ सांसद के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता, विधायक रानीगंज के प्रतिनिधि नीरज ओझा, जिलाधिकारी मार्कण्डेय शाही, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी तथा अन्य सम्भ्रान्त लोग उपस्थित रहे। उत्तर प्रदेश दिवस का शुभारम्भ कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह''मोती'' ने दीप प्रज्जवलन कर किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुरूआत करने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं पूर्व राज्यपाल राम नाईक को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस को गणतंत्र दिवस के पूर्व एक पर्व मनाने की



परम्परा की शुरूआत की गयी जिसके माध्यम से हमें आत्म अवलोकन का अवसर मिला है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने जनपद के शिक्षा के क्षेत्र में योगदान करने वाले महापुरूषों एवं जनपद के किसान आन्दोलन को याद करते हुये अनुरोध किया कि आने वाली पीढ़ी को महापुरूषों से सबक लेते हुये प्रतापगढ़ को शिक्षा में अहम भूमिका निभानी चाहिये। उन्होने राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को अपना आर्शीवाद प्रदान करते हुये कहा कि समाज में बालिकाओं के प्रति दृष्टिकोण परिवर्तन पर बल दिया जाये। बालिकायें सभी क्षेत्रों मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है उन्हें समुचित अवसर प्रदान करना हम सबका दायित्व है। देश में महिलाओं की रक्षा और सशक्तिकरण के बिना विकास किसी भी कीमत पर सम्भव नही है। उन्होने कहा कि समाज में बेटी और बहू दोनो को समान रूप से देखने का संदेश दिया। उन्होने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विषय में बताया कि बालिकाओं को जन्म से लेकर उनके उच्च शिक्षा तक 15000 रू0 की सहायता दी जा रही है, इस योजना से बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य और उच्च शिक्षा में उनकी भागदारी बढ़ेगी।

कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग पुलिस लाईन स्थित आवासीय लर्निंग कैम्प की बालिका माया सरोज द्वारा प्रस्तुत किये गये गीत ''वतन को जगाकर जो खुद सो गये'' की प्रशंसा की। उन्होने कहा कि प्रस्तुत गीत में जो बच्ची ने कहा कि ''वतन को जगाकर जो खुद सो गये'' उन अमर शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि देने का इससे बेहतर अवसर नही हो सकता, अमर शहीदों की कुर्बानी को याद किया जाये और आने वाली पीढ़ी को इसके विषय में बताया जाये। इस अवसर पर मंत्री जी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अन्तर्गत मेरी बेटी मेरा स्वाभिमान की शपथ भी दिलायी। कैबिनेट मंत्री मोती सिंह ने उत्तर प्रदेश दिवस के भव्य आयोजन के लिये जिलाधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी के प्रति आभार प्रकट किये।

# हाईस्कूल, इंटर परीक्षा केंद्र निर्धारण में अनियमितता की जांच की मांग की याचिका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा केंद्र निर्धारण में अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग में दाखिल याचिका पर हस्तक्षेप करने से इंकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा है कि याचिका दाखिल करने में देरी की गई। 18 फरवरी 2020 से परीक्षाएं होने जा रही हैं, ऐसे में हस्तक्षेप नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि याचिका खारिज होने से अगले साल चुनौती देने के अधिकार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र ने यशोदा देवी बालिका इंटर कालेज देवरिया की याचिका पर दिया है। बोर्ड की तरफसे कहा गया कि 16 अक्टूबर 2019 के शासनादेश में परीक्षा केंद्र निर्धारित करने की प्रक्रिया तय है। जिला स्तरीय समिति ने केंद्र निर्धारित किया है। 31 नवंबर 19 को परीक्षा केन्द्र की सूची जारी कर दी गयी और 18 फरवरी 2020 से परीक्षा होगी। याची ने चुनौती देने में अनावश्यक देरी की है। इसलिए याचिका खारिज की जाये। कोर्ट ने याचिका की पोषणीयता पर बोर्ड की आपत्ति को स्वीकार करते हुए याचिका खारिज कर दी।

## पेज एक का शेष

### चीन से...

एयर इंडिया चीन तक केवल एक सीधी उड़ान उपलब्ध कराती है। इंडिगो ने ट्विटर पर लिखा, कोरोना विषाणु फैलने के खतरे को देखते हुए हम चीन जाने वाली और वहाँ से आने वाली उड़ानों के लिए टिकट रद्द करने और बदलने के शुल्क में छूट देने का ऑफर देते हैं। यह ऑफर 24 जनवरी 2020 से 25 फरवरी 2020 तक वैध होगा। केवल पेनल्टी चार्ज में ही छूट दी गई है। भाड़े में जो भी अंतर होगा, वह लिया जाएगा। इसी प्रकार एयर इंडिया ने भी ट्विटर के माध्यम से 24 जनवरी से 24 फरवरी तक पेनल्टी चार्ज में छूट देने की जानकारी दी। वहीं चीन ने खतरनाक विषाणु कोरोनावायरस के फैलने की आशंका को देखते हुए और विषाणु पर नियंत्रण करने के मद्देनजर इससे प्रभावित शहर के आसपास मौजूद चार और शहरों में शुक्रवार को यात्रा प्रतिबंध लगा दिया, जिससे यात्रा प्रतिबंध वाले शहरों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है और इसके कारण इन शहरों में रह रही करीब 4.1 करोड़ की आबादी प्रभावित है। मध्य हुबेई प्रांत में स्थित शियानिंग, शियाओगन, एन्शी और झीजियांग शहरों में अधिकारियों ने बताया कि बस एवं रेलवे स्टेशन समेत सार्वजनिक परिवहन बंद रहेंगे। हुबेई प्रांत में ही इस विषाणु का सबसे पहले पता चला था। नए कोरोनावायरस को फैलने से रोकने के लिए बीते 24 घंटे में हुबेई प्रांत के शहरों पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंध में ये नए नाम जुड़ गए हैं। इस विषाणु से 800 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। विषाणु का पता सबसे पहले हुबेई प्रांत की राजधानी वुहान शहर में चला था, जहां इस महामारी के केंद्र के तौर पर एक सीफूड और पशुओं के बाजार की पहचान हुई थी। विषाणु के संक्रमण से अब तक 26 लोगों की मौत हो चुकी है और सार्स (सीवियर एक्युट रेस्पिरेट्री सिंड्रोम) से मिलते जुलते लक्षण के कारण खतरा बढ़ गया है। सार्स के कारण 2002-2003 में चीन और हांगकांग में करीब 650 लोग मारे गए थे। 550,000 की आबादी वाले झीजियांग ने दवा की दुकानों को छोड़कर लगभग सभी कारोबारों को बंद रखने की घोषणा की जबकि 800,000 की आबादी वाले एन्शी ने सभी मनोरंजन स्थलों को बंद कर दिया है। शुक्रवार सुबह 64 लाख की आबादी वाले जिंगझोऊ शहर के रेलवे स्टेशन से हर तरह की सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं 24 लाख की आबादी वाले हुआंगशी ने भी शुक्रवार को परिवहन मार्ग बंद कर दिए और साथ ही फेरी टर्मिनल एवं यांगत्जी नदी पर बने पुल तथा सार्वजनिक परिवहन को बंद कर दिया।

### केंद्र ने...

लक्ष्य में बदलाव जैसे मुद्दे उठाए थे। क्योंकि, समय पर मंजूरी मिलने से बैंकों द्वारा ऋण देने में सुविधा होगी। काम को आसान बनाने के लिए बीते 23 जनवरी को पहले दिन की बैठक के दौरान जीएटीटी नाम का ऑनलाइन टूल भी लांच किया गया। बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने बताया कि तीन लाख करोड़ की लागत से 7500 किलोमीटर लंबे 22 ग्रीनफील्ड कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं। इनमें से कुछ का काम भी शुरू हो चुका है।

### दया-क्यूरेटिव याचिका...

सूचना प्राप्त करने के लिए कई कदम उठाए। इस अर्जी में जेल प्रशासन को शीघ्र ही दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश देने की मांग की गई है। दक्षिण दिल्ली में 16 दिसंबर, 2012 को एक चलती बस में 23 वर्षीय पैरामेडिकल छात्रा के साथ छह लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया गया था और उस पर नृशंस हमला किया गया था। उसके बाद पीड़िता को चलती बस से फेंक दिया गया था।

### पुरानी फीस ...

प्रावधानों के विपरीत है। याचिका के मुताबिक, संशोधन के जरिए आईएचए में जेएनयूएसयू का प्रतिनिधित्व घटा दिया गया है, छात्रावास में रहने वालों के लिए लागू दरों में इजाफा किया गया है और छात्रावास नियमावली को भी संशोधित किया गया है, जिससे विश्वविद्यालय में आरक्षित श्रेणी के छात्रों पर बुरा असर पड़ा है। उच्च न्यायालय में दाखिल याचिका में आईएचए की बैठक के ब्योरे को भी चुनौती दी गई जिसमें कहा गया कि हर शैक्षाणिक सत्र में मेस सुविधा, सफाई सुविधा, कमरे की दर समेत अन्य शुल्कों में हर साल 10 प्रतिशत की बढोतरी होगी।

### पोहा को ...

चैनल से कहा, 'देश की जो बड़ी समस्या है बेरोजगारी, महंगाई, अर्थव्यवस्था की खराब हालत, इन पर सरकार की कोई नजर नहीं है। उनकी नजर है मजदूर क्या खा रहा है। वे इससे पहचान लेते हैं कि मजदूर क्या खा रहा है। इससे वे पहचान लेते हैं कि कौन बांग्लादेशी है, कौन भारतीय है। प्रधानमंत्री देखते से पहचान लेते हैं कि वो कौन है, क्या है। इस देश को शायद इंटेलिजेंस की जरूरत ही नहीं है।' वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने पोहा को भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह की पसंद बताने वाली खबर को शेयर करते हुए लिखा, 'शाह पोहा खाते हैं। उनके साथी विजयवर्गीय कहते हैं कि पोहा खाने वाले बांग्लादेशी हैं। क्या अब वह शाह को बाहर करने के लिए कैंपेन चलाएंगे या उन्हें सीएए के माध्यम से नागरिकता देंगे?' वहीं कोलकाता में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मंत्री तपस राय ने कहा कि ऐसे नस्लीय और सांप्रदायिक बयान भाजपा की 'बंगाली विरोधी' मानसिकता को दर्शाते हैं। उधर, माकपा के पोलित ब्यूरो के सदस्य मोहम्मद सलीम ने कहा 'किसी को इसलिए बांग्लादेशी नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह रोटी नहीं खाता। पोहा देश के इस हिस्से में बेहद लोकप्रिय खाद्य हैं। भाजपा आखिर क्या करने का प्रयास कर रही है। वहीं केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा, ' मैं भी पोहा खाता हूं और आपको भी खिलाता हूं। लिहाजा यह कोई मुद्दा नहीं है।'

# गंगा यात्रा दल की तैयारियों को लेकर ऊर्जा राज्य मंत्री ने की समीक्षा

संवाददाता। मीरजापुर

**जनपद** में प्रस्तावित गंगा यात्रा के सम्बन्ध में की गयी तैयारियोंध्कार्ययोजनाओं के बारे में प्रदेश के उर्जा राज्य मंत्री रमाशंकर सिंह पटेलए विधायक सदर रत्नाकर मिश्रए विधायक मझंवा श्रीमती सुचिश्मिता मौर्य ने आज जिलापंचायत सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान मंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि गंगा के किनारे प्रत्येक गांव प्रचायत के लिये एक.एक नोडल अधिकारी नामित किया जाये और नोडल अधिकारी अपने.अपने गांवों में रात्रि रूकर गांव में चैपाल लगाकर गंगा यात्रा के उद्देश्य के बारे में ग्रामीणों को अवगत करायें तथा गंगा की सफाई व उसे अविरल बनाये रखने के प्रति जागरूक करें।

गंगा यात्रा दल के जनपद में प्रथम प्रवेश पर ग्राम सभा रसूलागंजए निजामुददीनपुरए नरायनपुर बाजारए चुनार पेट्रालपम्प पर गंगा यात्रा दल का पुष्पवर्षाए कलश यात्राए नगाडेए मानव श्रृंखला द्वारा अभिनन्नदन व स्वागत किया जायेगा तथा पुनार परेड ग्राउण्ड में स्वागत सभा का आयोजन किया गया हैं उन्होंने बताया तदुपरान्त पडरी बाजार में गंगा यात्रा दल का पुष्पवर्षाए कलश यात्रा, नगाडेए मानव श्रृंखला द्वारा अभिनन्नदनए तदुपरान्त जी0आई0सी0 ग्राउण्ड मीरजापुर में जनसभा का आयोजन जिसमें जिला सूचना कार्यालय द्वारा वर्तमान सरकारी के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना से सम्बंधित व नमामि गंगा पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का आयोजनए सांस्कृतिक कार्यक्रम के अलावा 15 विभागों के द्वारा अपने विभाग से सम्बंधित प्रदर्शनी लगायी जायेगीं। इस अवसर पर खेलकूद विभाग के द्वारा मैराथन दोडए स्कमली बच्चों के द्वारा प्रतियोगिता में प्रथमएद्वितीय व तृतीय को पुरस्कार वितरणए तदुपरान्त शिवपुरए गोपालपुरए चिल्ह तिराहाए चेतगंज बाजार सेमरा में जनपद से प्रस्थान में गंगा यात्रा दल का पुष्पवर्षाए कलश यात्राए नगाडेए मानव श्रृंखला द्वारा अभिनन्नदन किया जायेगां।

# सीएए व एनआरसी के विरोध में द्रमुक और सहयोगी चलाएंगे व्यापक हस्ताक्षर अभियान

भाषा। चेन्नई

**तमिलनाडु** में द्रमुक के नेतृत्व वाले विपक्ष ने नागरिकता (संशोधन) कानून (सीएए), राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के विरोध में शुक्रवार को व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाने का संकल्प लिया।

द्रमुक अध्यक्ष एम के स्टालिन ने कहा कि सीएए वापस लिया जाना चाहिए और तमिलनाडु में एनपीआर की गतिविधियां नहीं होने दी जानी चाहिए तथा एनआरसी की तैयारी का प्रयास नहीं होना चाहिए। इस संबंध में द्रमुक की अध्यक्षता वाली कांग्रेस और एमडीएमके समेत सहयोगी पार्टियों के साथ बैठक में एक प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। बैठक के बाद स्टालिन ने पत्रकारों से कहा, हमने इस संबंध में दो फरवरी से आठ फरवरी तक व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि इन हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को सौंपने का फैसला किया गया है। स्टालिन ने कहा कि द्रमुक के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) के घटक दल का हर सदस्य इस अभियान में शामिल रहेगा और इस संबंध में सहयोग का अनुरोध किया। एसपीए के घटकों में कांग्रेस, एमडीएमके और वाम दल एवं अन्य शामिल हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि सीएए को वापस नहीं लिया जाएगा। इस बारे में पूछे जाने पर स्टालिन ने कहा, उन्हें जो कहना है कहते रहें, हम लोग अपना विरोध जताते रहेंगे। बैठक में स्वीकृत प्रस्ताव में इस बात का जिक्र किया गया है कि सीएए के खिलाफ केरल ने उच्चतम न्यायालय का रुख किया है, पंजाब विधानसभा ने कानून को वापस लेने की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है जबकि राजस्थान समेत कुछ राज्य इसी तरह के कदम की योजना बना रहे हैं।

## सीएए के विरोध में भाजपा के 80 मुस्लिम नेताओं ने प्राथमिकता सदस्यता छोड़ी

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को 'धार्मिक आधार पर बनाया गया विभाजनकारी प्रावधान' बताते हुए यहां भारतीय जनता पार्टी के करीब 80 मुस्लिम नेताओं ने पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता छोड़ने की घोषणा की है। इन भाजपा नेताओं में शामिल राजिक कुरैशी फर्शीवाला ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 80 मुस्लिम नेताओं ने भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को कल बृहस्पतिवार को पत्र भेजकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी है। इनमें भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कई पदाधिकारी शामिल हैं। कुरैशी ने कहा कि सीएए के वजूद में आने के बाद हमारा अपने समुदाय के आयोजनों में शामिल होना दूभर होता जा रहा था। इन आयोजनों में लोग हमें यह कहकर कोसते थे कि हम सीएए जैसे विभाजनकारी कानून पर कब तक चुप रहेंगे? उन्होंने कहा कि किसी भी समुदाय के वास्तविक तौर पर पीड़ित शरणार्थी को भारतीय नागरिकता मिलनी चाहिए। आप महज धर्म के आधार पर तय नहीं कर सकते कि फलां व्यक्ति घुसपैठिया या आतंकवादी है। सीएए के खिलाफ भाजपा छोड़ने वाले मुस्लिम नेताओं के पत्र में कहा गया, "भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 के अंतर्गत किसी भी भारतीय नागरिक को समानता का अधिकार प्राप्त है।



शिमला में नेशनल गर्ल चाइल्ड डे पर आंगलबाड़ी कर्मियों ने बनाई मानव श्रंखला

## लोकतंत्र सूचकांक में लुढ़कने पर शिवसेना ने केंद्र से किए अर्थव्यवस्था पर सवाल

भाषा। मुंबई

**शिवसेना** ने शुक्रवार को कहा कि विरोध के स्वरों को दबाने के प्रयास हो रहे हैं और यही एक वजह है कि भारत 2019 लोकतंत्र सूचकांक की वैश्विक रैंकिंग में 10 स्थान लुढ़क गया है।

शिवसेना के संपादकीय सामना में कहा गया कि अर्थव्यवस्था में नरमी से असंतोष तथा अस्थिरता बढ़ रही है और यह देश में बने हालात से जाहिर है। मराठी अखबार में कहा गया, अब (आर्थिक नरम के बाद) वैश्विक लोकतंत्र सूचकांक की रैंकिंग (भारत की) भी लुढ़क गई। दरअसल, द इकोनॉमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट (ईआईयू) द्वारा 2019 के लिए लोकतंत्र सूचकांक की वैश्विक सूची में भारत 10 स्थान लुढ़क कर 51वें स्थान पर आ गया है। संस्था ने इस गिरावट की मुख्य वजह देश में नागरिक स्वतंत्रता का क्षरण बताया है।

अखबार ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने, नया नागरिकता कानून सीएए तथा प्रस्तावित एनआरसी के खिलाफ प्रदर्शन हुए। बीते एक साल से यहां आंदोलन चल रहे हैं। इसमें कहा गया, प्रदर्शन हुए और विरोध के स्वरों को दबाने के प्रयास हुए। जिन्होंने जेएनयू के छात्रों के प्रति सहानुभूति दिखाई उन्हीं पर जांच बिठाकर उन्हें ही आरोपी की तरह दिखाया गया। यही वजह है कि भारत लोकतंत्र सूचकांक में फिसल कर 51वें पायदान पर पहुंच गया। संपादकीय में कहा गया कि अगर सरकार इस रिपोर्ट को खारिज भी कर देती है तो क्या सत्तारूढ़ दल के पास इसका कोई जवाब है कि आखिर क्यों देश आर्थिक मोर्चे से लेकर लोकतंत्रिक मोर्चे पर फिसल रहा है। इसमें कहा गया कि सरकार को अगर ऐसा लगता है कि देश का प्रदर्शन (आर्थिक मोर्चे पर) अच्छा है तो फिर वह आरबीआई से पैसा क्यों मांग रही है।

# राइट टू हेल्थकेयर कानून लाएगी राजस्थान सरकार : राज्यपाल

भाषा। जयपुर

**राजस्थान** के राज्यपाल कलराज मिश्र ने शुक्रवार को कहा कि आम आदमी को अनिवार्य चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए राजस्थान सरकार राइट टू हेल्थकेयर (स्वास्थ्य सेवा का अधिकार) कानून लाएगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने अब तक राज्य के बेरोजगार युवाओं को 224.14 करोड़ रुपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिए हैं। राज्यपाल मिश्र ने राजस्थान विधानसभा के चौथे सत्र की शुरुआत में अपने अभिभाषण में यह बातें कहीं। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने राज्य सरकार पर सत्र बुलाने में नियम का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए अभिभाषण का बहिष्कार किया। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) ने भी अभिभाषण का बहिष्कार किया।

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में मौजूदा सरकार के एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर बधाई दी और सरकार की अब तक की पहलों व कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राज्य के आमजन व गरीब को समय पर निःशुल्क और सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार द्वारा आम आदमी को अनिवार्य रूप से चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राइट टू हैल्थ केयर कानून लाने की तैयारी की जा रही है। राजस्थान के लगभग 12 जिलों में टिड्डियों के अब तक के सबसे बड़े हमले का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य में बहुत साल बाद टिड्डियों ने फसलों को भारी मात्रा में नुकसान पहुंचाया है।

उन्होंने कहा, हमारी संवेदनशील सरकार द्वारा किसानों की मदद हेतु त्वरित गति से विशेष गिरदावरी करवाते हुए प्रभावित छह जिलों जालोर, जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, पाली व जोधपुर को अब तक 30037 किसानों के लिए कृषि आदान अनुदान भुगतान के लिए 47.80 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया जा चुका है व शेष बजट आवंटन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक नई व्यवस्था की है जिससे कोई भी व्यक्ति निसंकोच पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है। यदि किसी कारणवश थाने में प्राथमिकी दर्ज नहीं की जाती है, तो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्राथमिकी दर्ज करवाई जा सकेगी और ऐसी स्थिति में थानाधिकारी की जवाबदेही भी तय की जाएगी।

राज्यपाल ने कहा, ऐसी व्यवस्था करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि राज्य के बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सम्बल प्रदान किए जाने की दिशा में मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के अन्तर्गत अब तक 224 करोड़ 14 लाख रुपए बेरोजगारी भत्ते के रूप में वितरित किए गए हैं और इससे 1,58,576 बेरोजगार युवा लाभान्वित हुए हैं। राज्य में एमएसएमई की सुलभ स्थापना व संचालन के लिए लाए गए राजस्थान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (स्थापना और प्रवर्तन का सुकरीकरण) अधिनियम, 2019 का जिक्र भी राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में किया।

## इस्लामोफोबिया को सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं: रॉय

भाषा। कोलकाता

**नाजी जर्मनी** और वर्तमान भारत के बीच तुलना करते हुए लेखिका एवं सामाजिक कार्यकर्ता अरूंधति रॉय ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी है कि सरकार के विभाजनकारी नागरिकता कानून और राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तावित एनआरसी के खिलाफ बड़ी संख्या में छात्र सड़कों पर उतरे हैं। बहरहाल, लेखिका ने आरएसएस द्वारा युवा दिमागों में घुसपैठ के कथित प्रयासों की निंदा की। उन्होंने कहा कि दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा संचालित विशिष्ट शिविरों या स्कूलों में बच्चों का नामांकन कराके उनके दिमाग में घुसपैठ की गई है।

सातवें कोलकाता लोक फिल्म महोत्सव के पहले दिन बृहस्पतिवार को अपने संबोधन में रॉय ने कहा, इस्लामोफोबिया को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा था। लेखिका ने कहा कि संशोधित नागरिकता कानून आर्थिक रूप से वंचित और हाशिए के मुस्लिमों, दलितों और महिलाओं को काफी प्रभावित करेगा। मैन बुकर पुरस्कार विजेता ने कहा, राजनीतिक संबोधन अब बहुत खराब हो गया है...यह सांप्रदायिक नफरत फैलाने जैसा है। यह इस रूप में भी छलावा है कि एनआरसी और सीएए के सही उद्देश्य को छिपाया गया है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान भारत नाजी जर्मन का ही स्वरूप है। बहरहाल, रॉय ने छात्र आंदोलनों पर सतर्कतापूर्ण उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि देशव्यापी जन आंदोलनों ने भाजपा-आरएसएस की शक्तियों को कुंद किया है, जो सांप्रदायिक नफरत है। शाहीन बाग, पार्क सर्कस और अन्यत्र चल रहे धरनों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मुस्लिम महिलाएं अपनी आवाज उठाने के लिए बाहर निकल रही हैं और यह बड़ी बात है। उन्होंने कहा, यह दिखाता है कि किस तरह मुस्लिम आवाज उठा सकते हैं, अभी तक उन्हें राजनीतिक क्षेत्र से बाहर रखा गया...पहले जिन लोगों को बोलने का मौका मिलता था वे मौलाना की तरह के लोग होते थे। रॉय ने कहा, अब हर तरह की आवाज उठ रही है।



धर्मनगर में भारत-बांग्लादेश बार्डर पर गणतंत्र दिवस के मद्देनजर में गश्त करते बीएसएफ के जवान

### मद्रास उच्च न्यायालय ने रजनीकांत के खिलाफ याचिका खारिज की

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तर्कवादी नेता ई वी रामास्वामी पेरियार के खिलाफ टिप्पणी को लेकर अभिनेता रजनीकांत के खिलाफ दायर याचिका याचिकाकर्ता द्वारा वापस लिए जाने के कारण शुक्रवार को इसे खारिज कर दिया। न्यायमूर्ति पी राजमणिकम द्रविड़र विदुतलाई कझगम नामक संगठन की याचिका पर सुनवाई की। सरकारी वकील ए नटराजन ने दलील दी कि याचिकाकर्ता उपलब्ध वैकल्पिक उपाय अपनाने के बगैर ही अदालत आया है। न्यायमूर्ति राजमणिकम ने याचिकाकर्ताओं के वकील से पूछा कि क्या वह याचिका वापस लेना चाहते हैं। वकील द्वारा इस पर सहमति जताने के बाद अदालत ने याचिका खारिज कर दी। तमिल पत्रिका तुगलक द्वारा 14 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के दौरान रजनीकांत ने आरोप लगाया था, 1971 में सेलम में पेरियार ने रैली निकाली थी जिसमें चप्पल की माला पहने भगवान श्रीरामचंद्रमूर्ती और सीता की नग्न तस्वीरें दिखाई गई थीं।

# बाबूलाल मरांडी की झाविमो ने हेमंत सरकार से समर्थन वापस लिया

भाषा। रांची

**बाबूलाल** मरांडी के झारखंड विकास मोर्चा ने झारखंड की हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली गठबंधन की सरकार से आज यह आरोप लगाते हुए समर्थन वापस ले लिया कि गठबंधन में शामिल कांग्रेस उसके विधायकों को खुलेआम तोड़ने की कोशिश कर रही है। झामिवो के केन्द्रीय महासचिव सरोज सिंह ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झाविमो ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से तत्काल प्रभाव से अपना समर्थन वापस ले लिया है।

झारखंड की 81 सदस्ईय विधानसभा में पार्टी प्रमुख बाबूलाल मरांडी समेत झारखंड विकास मोर्चा के तीन विधायक निर्वाचित हुए थे जिनमें से मांडर के विधायक बंधू तिर्की को पार्टी ने दो दिनों पूर्व पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में निष्कासित कर दिया था। विधानसभा में अब झाविमो के अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत दो विधायक शेष हैं। झाविमो ने कल दिल्ली में पार्टी के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और निष्कासित विधायक बंधू तिर्की के कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात का संज्ञान लिया और आज सरकार से समर्थन वापसी का फैसला किया।

इसके अलावा झाविमो ने पार्टी के विधायक दल के नेता प्रदीप यादव को विधायक दल के नेता पद से भी पदच्युत कर दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आज लिखे अपने पत्र में बाबूलाल मरांडी ने कहा, हमारी झाविमो ने 24 दिसंबर को आपके नेतृत्व में संप्रग गठबंधन सरकार को बिना शर्त समर्थन देने के लिए पत्र लिखा था। मरांडी ने आगे लिखा है, संप्रग गठबंधन में शामिल कांग्रेस पार्टी ही हमारी पार्टी के विधायकों को तोड़कर अपने दल में शामिल कराने के लिए प्रयासरत हैं। इस प्रकार का समाचार मीडिया में आया है। मरांडी ने कहा है, इस परिस्थिति में हमारी पार्टी समर्थन के मुद्दे पर पुनर्विचार करते हुए आपके नेतृत्व में चल रही संप्रग गठबंधन सरकार से समर्थन वापस लेती है।

नवंबर-दिसंबर 2019 में हुए झारखंड विधानसभा चुनावों में 81 सदस्ईय विधानसभा में झाविमो के तीन विधायक चुनाव जीत कर आए थे जबकि सत्ताधारी झारखंड मुक्ति मोर्चा को 30, उसकी सहयोगी कांग्रेस को 16 और राजद को एक सीट मिली थी। अत: बहुमत के लिए आवश्यक 41 विधायकों से अधिक 47 विधायकों का समर्थन सरकार के पास है जिसके चलते झाविमो के निर्णय के कारण राज्य सरकार की स्थिरता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

### तमिलनाडु में पेरियार की प्रतिमा की तोड़फोड़ की गई

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में शुक्रवार की सुबह तर्कवादी नेता ई वी रामास्वामी पेरियार की प्रतिमा टूटी फूटी हालत में मिली। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि जिले के सलावाक्कम में आज सुबह प्रतिमा क्षतिग्रस्त हालत में मिली जिससे इलाके में खलबली मच गई। राजनीतिक नेताओं ने प्रतिमा की तोड़फोड़ की निंदा की है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब पिछले सप्ताह सुपरस्टार रजनीकांत की द्रविड़ नेता के बारे में एक कार्यक्रम में की गई टिप्पणी के बाद तमिलनाडु में पेरियार पर फिर से बहस छिड़ी गई है।

तमिल पत्रिका तुगलक द्वारा 14 जनवरी को आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने के दौरान रजनीकांत ने आरोप लगाया था, 1971 में सेलम में पेरियार ने रैली निकाली थी जिसमें चप्पल की माला पहनाए भगवान श्रीरामचंद्रमूर्ती और सीता की नग्न तस्वीरें दिखाई गई थीं...। रजनीकांत की इस टिप्पणी पर पेरियार समर्थक संगठनों और राजनीतिक दलों ने नाराजगी जताई थी।

## द्रमुक का न्यायालय से अन्नाईमुक के 11 विधायकों की अयोग्यता की याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध

**नई दिल्ली।** द्रमुक ने तमिलनाडु में 2017 में हुए विश्वास मत में मुख्यमंत्री के. पलानीस्वामी के खिलाफ मतदान करने वाले अन्नाद्रमुक के 11 विधायकों को अयोग्य करार दिए जाने की याचिका पर शीघ्र सुनवाई का शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया। प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि मामले को तत्काल सुनावई के लिए सूचीबद्ध करने के बारे में वह विचार करेगी। द्रमुक की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने इस संबंध में लंबित याचिका शीघ्र सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का न्यायालय से अनुरोध किया। उन्होंने मणिपुर के एक मंत्री के मामले में शीर्ष अदालत के हालिया फैसले का जिक्र किया जिसमें विधानसभा अध्यक्ष को चार हफ्ते के भीतर राज्य के वन मंत्री टी श्यामकुमार की अयोग्यता संबंधी याचिका पर फैसला लेने का निर्देश दिया गया था। शीर्ष अदालत ने मंगलवार को अपने फैसले में कहा था कि संसद को इस बात पर फिर से विचार करना चाहिए कि क्या सदन के अध्यक्ष के पास सांसद-विधायक को अयोग्य घोषित करने का अधिकार रहना चाहिए क्योंकि इस पद पर आसीन व्यक्ति भी राजनीतिक दल विशेष का सदस्य होता है। अन्नाद्रमुक के विधायकों की अयोग्यता से संबंधित मामले की पिछली बार सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सवाल किया था कि दल बदल करने वाले विधायकों की अयोग्यता के सवाल पर अदालतों को क्यों विचार करना चाहिए जबकि संविधान ने यह अधिकार विधान सभा अध्यक्ष को दिया है।

## भाजपा नेता ने कहा कि पूर्ववर्ती फडणवीस सरकार ने मेरा फोन टैप करवाया: राउत

भाषा। मुंबई



**शिवसेना** सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा के एक नेता ने उन्हें बताया है कि महाराष्ट्र की पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस सरकार ने उनका फोन टैप करवाया था। राकांपा के इस आरोप पर कि केंद्र ने पार्टी प्रमुख शरद पवार के नई दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास की सुरक्षा वापस ले ली है, राउत ने कहा कि ऐसा इसलिए किया गया होगा क्योंकि राज्य में शिवसेना के नेतृत्व में सरकार गठन में पवार की भूमिका रही थी। उन्होंने कहा कि यहां तक कि गांधी परिवार को प्रदत्त एसपीजी सुरक्षा भी हाल में वापस ले ली गई। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा के एक नेता ने मुझे बताया कि मेरे फोन को टैप किया जा रहा था। मेरा कहना है कि मैं क्या कह रहा हूं अगर यह कोई सुनना चाहता है तो मैं इसका स्वागत करता हूं। मैं बाबा साहेब का चेला हूं, जो करता हूं खुलेआम करता हूं। उन्होंने कहा, फोन टैप करवाने के बावजूद महाराष्ट्र में सरकार तो हमने ही बनाई। एक दिन पहले राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने आरोप लगाया था कि फडणवीस सरकार ने सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर विपक्षी नेताओं के फोन टैप करवाए थे। महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार के गठन के वक्त तो खासतौर पर ऐसा किया गया था। देशमुख ने कहा, महाराष्ट्र पुलिस की साइबर सेल को पिछली सरकार के दौरान मिली जासूसीा फोन टैपिंग की विभिन्न शिकायतों की जांच करने को कहा गया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने भी पहले आरोप लगाया था कि फडणवीस सरकार ने विपक्षी नेताओं के फोन टैप करवाए हैं।

### अफवाहों के खिलाफ बीरभूम में जागरुकता अभियान

**सूरी (पश्चिम बंगाल)।** बीरभूम जिला प्रशासन ने लोगों को अफवाहों के प्रति जागरुक करने के लिए एक अभियान चलाया है।

दरअसल डिजिटल डेटा एकत्रित कर रहे कार्यकर्ताओं को ग्रामीणों की नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को संदेह है कि कार्यकर्ता उक्त डेटा प्रस्तावित राष्ट्रव्यापी एनआरसी के लिए जुटा रहे हैं। इसके बाद प्रशासन ने इस तरह के अभियान का फैसला लिया। अधिकारियों ने बताया कि पंचायत के प्रतिनिधि जन संबोधन प्रणालियों से माध्यम से, घर घर जाकर और पर्चे बांटकर यह अभियान चला रहे हैं। बृहस्पतिवार को जिले के मारग्राम इलाके के अम्बा में डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम इंटरनेट साथी से जुड़ी दो महिलाओं के घर के बाहर भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस दल वहां पहुंच गया और भीड़ को घर पर हमला करने से रोक लिया। इस घटना के एक दिन पहले, बुधवार को मल्लारपुर स्टेशन इलाके के गौरबाजार गांव में भीड़ ने 20 वर्षीय चुमकी खातून के घर को आग लगा दी थी।उस घटना के संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। खातून एक गैर सरकारी संगठन के साथ काम करती थी जो ग्रामीण महिलाओं को स्मार्टफोन का इस्तेमाल करना सिखाता था। महिला इस प्रशिक्षण के तहत सामान्य डेटा जुटा रहीं थी।पुलिस ने इस बात से इनकार किया कि गौरबाजार की घटना एनआरसी से संबंधित थी।



पटना में गणतंत्र दिवस के लिए परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल करते पुलिस के जवान




## क्विक न्यूज

### जम्मू-कश्मीर का 2019-20 में कर संग्रह में 20 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर कर विभाग ने चालू वित्त वर्ष के अंत तक कर संग्रह में 20 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य रखा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। जम्मू-कश्मीर के राज्य कर आयुक्त पी के भट्ट ने यहां कहा कि 2019-20 के लिए कर संग्रह के कुछ मदों में तय लक्ष्य में 20 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि स्टाम्प और एमएसटी मद में क्रमशः 16 प्रतिशत और चार प्रतिशत वृद्धि का अनुमान है। वित्त आयुक्त अरुण कुमार मेहता ने अभी तक की तारीख में करीब 11 प्रतिशत वृद्धि दर्ज करने के लिए अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों से लोगों को समय पर माल एवं सेवा कर भुगतान के फायदों के प्रति जागरूक करने के लिए सघन अभियान चलाने को कहा। उन्होंने विभाग में सभी खाली पदों को त्वरित आधार पर भरने के निर्देश भी दिए।

### एनएलसी इंडिया बांड जारी कर जुटाएगी 525 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी एनएलसी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि वह निजी नियोजन के आधार पर बांड जारी कर 525 करोड़ रुपए जुटाएगी। कंपनी ने कहा कि इससे जुटाई गई पूंजी का इस्तेमाल कर्ज के सामान्य स्तर से इतर जारी किए गए शेयरों को वापस लेने तथा अन्य कॉरपोरेट जरूरतों में किया जाएगा। कंपनी ने बीएसई को बताया, कंपनी ने सुरक्षित, गैर-परिवर्तनीय, भुनानेयोग्य बांड जारी कर 525 करोड़ रुपए जुटाने का निर्णय लिया है। इनकी परिपक्वता अवधि 10 साल की होगी। बोली प्रक्रिया 23 जनवरी 2020 को संपन्न हुई।

### इंडसइंड बैंक ने की संपत्ति प्रबंधन मंच की शुरुआत

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के इंडसइंड बैंक ने शुक्रवार को कहा कि उसने संपत्ति प्रबंधन मंच पायनियर बैंकिंग की शुरुआत की है। इसके जरिए अमीर उपभोक्ताओं को सेवाएं दी जाएंगी। बैंक ने बीएसई को बताया, इंडसइंड बैंक अपने संपत्ति प्रबंधन मंच पायनियर बैंकिंग की शुरुआत की घोषणा करता है। बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश सोबती ने कहा, इसके जरिए हम उत्कृष्ट सुविधाओं तथा जीवनशैली के फायदों को एक साथ ला रहे है। इसके साथ ही विशेष रूप से तैयार बैंकिंग सेवाओं की भी पेशकश की जाएंगी, जो हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुकूल होंगी।

### आईटीआई लिमिटेड का एफपीओ खुला, 14 सौ करोड़ रुपए जुटने का अनुमान

**नई दिल्ली।** सरकारी कंपनी आईटीआई लिमिटेड का अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) शुक्रवार को खुल गया। कंपनी ने बीएसई को बताया, निर्गम आज यानी 24 जनवरी 2020 को खुल गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को कहा था कि एफपीओ के तहत 18 करोड़ तक नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें एक प्रतिशत यानी 18 लाख शेयर कर्मचारियों के लिए आरक्षित है। कंपनी की योजना इस एफपीओ से1,400 करोड़ रुपए जुटाने की है। इनमें से 607 करोड़ रुपए का इस्तेमाल कर्ज की किस्ते चुकाने में करने की योजना है। यह एफपीओ 28 जनवरी को बंद होगा।

### टाटा-मिस्त्री मामला: उच्चतम न्यायालय ने एनसीएलएटी के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कंपनी पंजीयक की याचिका निरस्त करने के राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। कंपनी पंजीयक ने टाटा-मिस्त्री मामले में एनसीएलएटी के आदेश में संशोधन की याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबड़े, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड की अपील पर सुनवाई करने को सहमत हो गई। पीठ ने संबंधित पक्षों को इसे लेकर नोटिस जारी किया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि वह एनसीएलएटी के फैसले के खिलाफ टाटा संस द्वारा दायर मुख्य याचिका के साथ ही इस मामले की सुनवाई करेगा। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने साइरस मिस्त्री को पुनः टाटा समूह का कार्यकारी चेयरमैन बनाने के एनसीएलएटी के आदेश पर 10 जनवरी को रोक लगा दी थी।

# बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 227 अंक चढ़ा, निफ्टी 68 अंक मजबूत

**भाषा।** मुंबई

**वैश्विक बाजारों** में सुधार के बीच बैंक और सीमेंट कंपनियों के शेयरों में जोरदार लिवाली से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 227 अंक चढ़ गया। इससे लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 226.79 अंक या 0.55 प्रतिशत की बढ़त के साथ 41,613.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 41,697.03 अंक का उच्चस्तर और 41,275.60 अंक का निचला स्तर भी छुआ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 67.90 अंक या 0.56 प्रतिशत की बढ़त के साथ 12,248.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में अल्ट्राटेक सीमेंट सबसे अधिक 2.47 प्रतिशत चढ़ गया। अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 712 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इससे कंपनी के शेयर में उछाल आया। वित्त वर्ष 2020-21 के आम बजट से पहले बैंकिंग शेयरों में लिवाली का सिलसिला चला। एक्सिस बैंक का शेयर 2.01 प्रतिशत, कोटक बैंक का 1.98 प्रतिशत और भारतीय स्टेट बैंक का शेयर 0.25 प्रतिशत के लाभ में रहा। एचडीएफसी का शेयर 1.02 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 1.56 प्रतिशत, लार्सन एंड टुब्रो का 2.03 प्रतिशत, टाइटन 1.91 प्रतिशत और हीरो मोटोकॉर्प 1.53 प्रतिशत, टेक महिंद्रा 2.43 प्रतिशत और एचसीएल टेक 1.57 प्रतिशत के लाभ में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अच्छे बजट की उम्मीद और कंपनियों के तीसरी तिमाही नतीजों के बीच बाजार में तेजी रही। बाजार की बढ़त कायम रहती है या नहीं, यह बजट और तीसरी तिमाही के अंतिम नतीजों से तय होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना वायरस के संक्रमण को चीन के लिए आपात स्थिति बताया है। लेकिन शेष विश्व के लिए उसने ऐसा नहीं किया है। इससे वैश्विक बाजारों में सुधार हुआ। वहीं दूसरी ओर पावरग्रिड का शेयर 2.14 प्रतिशत टूट गया। इंडसइंड बैंक का शेयर 1.21 प्रतिशत नीचे आया। सेबी ने कहा है कि वह इन्फोसिस के खातों का फॉरेंसिक आडिट कराएगी। व्हिसलब्लोअर ने कंपनी में वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया है। इन्फोसिस का शेयर 0.20 प्रतिशत नीचे आया। बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप 0.77 प्रतिशत के लाभ में रहे। साप्ताहिक आधार पर हालांकि, सेंसेक्स 332.18 अंक या 0.79 प्रतिशत और निफ्टी 104.10 अंक या 0.84 प्रतिशत नुकसान में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की लाभ में रहे। वहीं चीन का शंघाई, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी तथा ताइवान के बाजारों में शुक्रवार को अवकाश था। ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 62.13 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे के नुकसान से 71.33 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| अल्ट्रा टेक सीमेंट | 2.47 | पावर ग्रिड कॉर्प | -2.16 |
| टेक महिन्द्रा | 2.43 | इंडसइंड | -1.21 |
| लार्सन-टूब्रो | 2.03 | सन फार्मा | -0.49 |
| ऐक्सिस बैंक | 2.01 | टीसीएस | -0.40 |
| कोटक महिन्द्रा | 1.98 | रिलाएंस | -0.35 |




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| येस बैंक | 3.91 | पावर ग्रिड कॉर्प | -2.45 |
| अल्ट्रा टेक सीमेंट | 2.58 | सिपला | -1.38 |
| ब्रिटेनिया | 2.44 | इंडसइंड | -1.06 |
| टेक महिन्द्रा | 2.33 | टाटा मोटर्स | -0.80 |
| ऐक्सिस बैंक | 2.21 | बीपीसीएल | -0.64 |

पीटीआई ग्राफिक

## यूरोपीय आयोग, यूरोपीय परिषद ने किए ब्रेक्जिट समझौते पर हस्ताक्षर

**एएफपी।** ब्रसेल्स

**यूरोपीय आयोग** की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लीएन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने शुक्रवार को ब्रेक्जिट समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए।

लीएन ने ट्वीट किया, मिशेल और मैंने यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। इससे यूरोपीय संसद द्वारा समझौते के अनुमोदन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मिशेल ने अलग ट्वीट में कहा, परिस्थितियों में अवश्यंभावी परिवर्तन होंगे लेकिन हमारी मित्रता बनी रहेगी। हम भागीदारी और सहयोग के नए अध्याय की शुरुआत करते हैं। इस समझौते को अनुमोदन के लिए 29 जनवरी को यूरोपीय संसद के समक्ष रखा जाएगा। यूरोपीय संघ के सदस्य देशों के राजनयिक 30 जनवरी को समझौते को लिखित मंजूरी देंगे। इससे 31 जनवरी की मध्यरात्रि से ब्रिटेन के यूरोपीय संघ से तय तरीके से अलग होना सुनिश्चित होगा।

## बजाज ऑटो, ट्रायंफ मोटरसाइकिल ने की वैश्विक भागीदारी की औपचारिक शुरुआत

**भाषा।** पुणे

**बजाज ऑटो** और ब्रिटेन के मोटरसाइकिल ब्रांड ट्रायंफ ने देश में मध्यम श्रेणी (200 से 800सीसी) की मोटरसाइकिलों की नई श्रृंखला के विनिर्माण के लिए वैश्विक भागीदारी की है। दोनों कंपनियों ने अगस्त 2017 में इस भागीदारी की घोषणा की थी। यह वैश्विक भागीदारी बिना इक्विटी हिस्सेदारी वाली है।ट्रायंफ मोटरसाइकिल के मुख्य वाणिज्य अधिकारी पॉल स्ट्रोउड ने यहां कहा कि नए ब्रांड के तहत विनिर्मित मोटरसाइकिल 2022 से उपलब्ध होंगे। इनकी कीमतें दो लाख रुपए से कम होंगी। बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने कहा, ट्रायंफ ब्रांड दुनिया भर में ऐतिहासिक है। अत: हमें इस बात का भरोसा है कि भारत व अन्य उभरते बाजारों में इन नए उत्पादों को लेकर भारी उत्सुकता रहेगी। ट्रायंफ मोटरसाइकिल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निक ब्लूर ने कहा कि इस भागीदारी के जरिए सामने आने वाले उत्पाद युवाओं को आकर्षित करेंगे।

## फेसबुक ने अविनाश पंत को बनाया भारतीय परिचालन का विपणन निदेशक

**भाषा।** नई दिल्ली

**सोशल मीडिया** कंपनी फेसबुक ने शुक्रवार को कहा कि उसने अविनाश पंत को भारतीय परिचालन का विपणन निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह नया पद होगा तथा इसके तहत फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप समेत समूह के सभी एप के उपभोक्ता विपणन प्रयासों को देखना होगा। फेसबुक ने बताया कि पंत के पास 22 साल का अनुभव है। वह नाइकी, कोकाकोला, दी वाल्ट डिज्नी कंपनी और रेडबुल जैसी कंपनियों के साथ काम कर चुके हैं।




## पेंट उद्योग को बजट में जीएसटी कटौती के बजाय मांग बेहतर बनाने के उपायों की उम्मीद

**भाषा।** कोलकाता

**पेंट उद्योग** को केंद्र सरकार से आगामी बजट में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में और कटौती के बजाय उपभोक्ताओं की धारणा तथा मांग को बेहतर बनाने के उपायों की उम्मीद है। पेंट उद्योग की मांग पर अमल करते हुए सरकार ने जुलाई 2018 में जीएसटी की दर 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दी थी। बर्जर पेंट्स के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अभिजीत रॉय ने कहा, पिछले एक साल में अर्थव्यवस्था सुस्त हुई है। ऐसे में सरकार को व्यक्तिगत आयकर में प्रोत्साहन तथा बुनियादी संरचना में खर्च के जरिए मांग बढ़ाने और उपभोक्ताओं की धारणा बेहतर बनाने के उपाय करने चाहिए। एशियन पेंट्स के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) अमित सिंगले ने कहा कि कर की दरों में कटौती हमेशा अच्छा होता है लेकिन अभी सरकार से उद्योग जगत को ऐसे कदम की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा, सरकार को उपभोक्ताओं को अधिक खर्च करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। यह आयकर में कटौती या अन्य उपायों के जरिए किया जा सकता है। रॉय ने आवास तथा रियल्टी क्षेत्र में निवेश कर रहे व्यक्तियों को अन्य कर लाभ के जरिए प्रोत्साहन देने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि यह उपभोक्ताओं की धारणा बेहतर बनाने की दिशा में लंबे समय तक प्रभावी होगा।

# पतंजलि समूह को चालू वित्त वर्ष में 25,000 करोड़ रु. कारोबार की उम्मीद

**भाषा।** नई दिल्ली

**कर्ज में** डूबी रुचि सोया का अधिग्रहण करने के बाद हरिद्धार स्थित पतंजलि समूह को चालू वित्त वर्ष के दौरान कुल कारोबार 25,000 करोड़ रुपए तक पहुंच जाने की उम्मीद है। योग गुरू रामदेव ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि अब समूह का लक्ष्य देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी बनना है। रामदेव ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के अंत तक कंपनी का संयुक्त कारोबार 25,000 करोड़ रुपए रहने की उम्मीद है। इसमें 12,000 करोड़ रुपए का कारोबार पतंजलि समूह और 13,000 करोड़ रुपए का कारोबार रुचि सोया का होने की संभावना है। रामदेव ने कहा, अगले पांच साल में हमारा कारोबार 50,000 से एक लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है। इसके बाद हम हिंदुस्तान यूनिलीवर की जगह देश की सबसे बड़ी एफएमसीजी कंपनी होंगे।




## भारत की आर्थिक सुस्ती अस्थाई, आने वाले समय में सुधार की उम्मीद: आईएमएफ प्रमुख

**भाषा।** दावोस

**अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष** (आईएमएफ) की प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा ने शुक्रवार को कहा कि भारत में आर्थिक सुस्ती अस्थाई है और उन्हें आने वाले समय में इसमें सुधार की उम्मीद है। जॉर्जीवा ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2020 में यहां कहा कि अक्टूबर 2019 में जब आईएमएफ ने वैश्विक आर्थिक परिदृश्य की घोषणा की थी, उसकी तुलना में जनवरी 2020 में दुनिया अच्छी स्थिति में दिख रही है।

उन्होंने कहा कि माहौल सकारात्मक बनाने वाले कारकों में अमेरिका और चीन के बीच पहले दौर के व्यापार समझौते के बाद व्यापार तनाव में कमी आना तथा अन्य बातों के अलावा कर में कटौतियां शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 3.3 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर को अच्छा नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, यह अभी भी सुस्त वृद्धि है। हम चाहते हैं कि राजकोषीय नीतियां और आक्रामक हों और हम संरचनात्मक सुधार तथा अधिक गतिशीलता चाहते हैं। जार्जीवा ने उभरते बाजारों के बारे में कहा कि ए बाजार भी आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने एक बड़े बाजार भारत में गिरावट देखी है लेकिन हमारा मानना है कि यह अस्थाई है। हमें आने वाले समय में गति बढ़ने का अनुमान है। इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे कुछ अन्य बेहतर बाजार भी हैं। उन्होंने कहा कि कई अफ्रीकी देश भी अच्छा कर रहे हैं, लेकिन मैक्सिको जैसे कुछ देश अच्छा नहीं कर रहे हैं।

## मैक्सिको, कनाडा के साथ नए व्यापार समझौते पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर करेंगे ट्रंप



**एएफपी।** वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैक्सिको और कनाडा के साथ नए उत्तरी अमेरिकी व्यापार समझौते पर अगले सप्ताह हस्ताक्षर करेंगे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा ने कई सालों की बातचीत के बाद यह समझौता किया है। यह समझौता 1994 में हुए उत्तरी अमेरिकी मुक्त व्यापार समझौता की जगह लेगा। अमेरिका की सीनेट ने इस नए समझौते को पिछले सप्ताह मंजूरी दी। अधिकारी ने बताया कि ट्रंप इस समझौते पर अगले सप्ताह बुधवार को हस्ताक्षर करेंगे।नए समझौते में वाहनों के विनिर्माण, मैक्सिको में वाहन क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के वेतन, ई-वाणिज्य, बौद्धिक संपदा अधिकार, निवेशकों के लिए विवाद समाधान व्यवस्था आदि को लेकर नए प्रावधान किए गए हैं।

## सब्जी उत्पादन में पश्चिम बंगाल सबसे आगे, उत्तर प्रदेश दूसरे स्थान पर

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** 2018-19 में सब्जी उत्पादन में सबसे आगे रहा है। केंद्र सरकार की ओर से हाल में जारी बागवानी उत्पादन आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। राज्यवार बागवानी उत्पादन के आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2018-19 में पश्चिम बंगाल में सब्जियों का उत्पादन 2.95 करोड़ टन रहा। इस दौरान यह देश में किसी राज्य में सबसे अधिक सब्जी उत्पादन है। उत्तर प्रदेश इस मामले में दूसरे स्थान पर रहा। उत्तर प्रदेश में सब्जी उत्पादन 2.77 करोड़ टन रहा।

इससे पिछले वित्त वर्ष 2017-18 में 2.77 करोड़ टन के उत्पादन के साथ पश्चिम बंगाल दूसरे स्थान पर रहा था। उस समय उत्तर प्रदेश 2.83 करोड़ टन के उत्पादन के साथ शीर्ष पर रहा था। आंकड़ों के अनुसार 2018-19 में देश में कुल सब्जी उत्पादन में पश्चिम बंगाल का हिस्सा 15.9 प्रतिशत रहा। कुल सब्जी उत्पादन में उत्तर प्रदेश का हिस्सा 14.9 प्रतिशत, मध्य प्रदेश का 9.6 प्रतिशत, बिहार का नौ प्रतिशत और गुजरात का 6.8 प्रतिशत रहा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के कृषि सलाहकार प्रदीप कुमार मजूमदार ने कहा कि यह एक बेहतरीन उपलब्धि है और इसका श्रेय हमारे किसानों को जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशन में हम किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इससे अंततः उत्पादन भी बढ़ रहा है।

## व्हिसलब्लोअर मामले में जांच बढ़ाने को लेकर सेबी से नही मिला कोई निर्देश: इंफोसिस

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इंफोसिस ने शुक्रवार को कहा कि उसे व्हिसलब्लोअर के खुलासा मामले में बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से आगे और जांच का कोई निर्देश नहीं मिला है। व्हिसलब्लोअर ने कंपनी के शीर्ष कार्यकारियों पर बैलेंस शीट के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। सूत्रों के अनुसार, व्हिसलब्लोअर के आरोपों को लेकर सेबी की जांच जारी है और नियामक कंपनी को खाते की फॉरेंसिक ऑडिट कराने के लिए कह सकता है। कंपनी ने इस महीने कहा था कि उसकी ऑडिट समिति को वित्तीय अनियमितता अथवा कार्यकारियों द्वारा दुर्व्यवहार के कोई सबूत नहीं मिले हैं।कंपनी ने शुक्रवार को बीएसई से कहा, कंपनी को ऑडिट आगे बढ़ाने को लेकर सेबी से कोई निर्देश नहीं मिला है, जैसा कि 23 जनवरी को कुछ खबरों में कहा गया। कंपनी ने कहा कि वह सेबी के साथ सहयोग कर रही है।

## विश्व आर्थिक मंच: मध्यप्रदेश ने आकर्षित किए 4,125 करोड़ रुपए के निवेश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच की सालाना बैठक में शीर्ष निवेशकों के साथ चर्चा के शुरुआती दौर में 4,125 करोड़ रुपए के निवेश आकर्षित किए। मध्यप्रदेश जनसंपर्क विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यहां बताया कि भोपाल के निकट मंडीदीप में स्थित दावत फूड कंपनी लिमिटेड को सऊदी सरकार की कंपनी सऊदी अरब एग्रीकल्चर एंड लाइवस्टॉक इन्वेस्टमेंट कंपनी से 125 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कुल 650 मेगावाट क्षमता की दो केंद्रीय पवन ऊर्जा परियोजनाएं भी अनुमोदित हो गई हैं। प्रत्एक परियोजना 325 मेगावाट क्षमता की है। ए सॉफ्ट बैंक एनर्जी (जापान) और एक्टिस (इंग्लैंड) द्वारा क्रियान्वित की जाएंगी। इसमें कुल 4,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री कमलनाथ विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के सिलसिले में चार दिवसीय दावोस यात्रा पर हैं।

## बैंक कर्मचारी संगठनों की दो दिवसीय हड़ताल का परिचालन पर पड़ सकता है आंशिक असर: एसबीआई

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय स्टेट** बैंक (एसबीआई) ने शुक्रवार को कहा कि 31 जनवरी से शुरू हो रहे दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल से उसके परिचालन पर कुछ असर पड़ सकता है। बैंक ने बीएसई को बताया कि उसने सभी दफ्तरों तथा शाखाओं का सामान्य परिचालन सुनिश्चित करने के हरसंभव उपाय किए हैं। बैंक ने कहा, हालांकि सभी दफ्तरों तथा शाखाओं का सामान्य परिचालन सुनिश्चित करने के हरसंभव उपाय किए गए हैं, हड़ताल से परिचालन पर आंशिक असर पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि बैंक कर्मचारियों के संगठनों ने वेतन सुधार को लेकर बातचीत असफल रहने के कारण 31 जनवरी और एक फरवरी को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है।

## मनी लांड्रिग मामला: ईडी ने एयर एशिया के अधिकारियों को पूछताछ को भेजे नए समन

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन निदेशालय** (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए एयर एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) टोनी फर्नांडीस समेत अन्य वरिष्ठ कार्यकारियों को नया समन जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। ईडी ने कंपनी और इसके अधिकारियों के खिलाफ 2018 में धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया था।सूत्रों ने कहा कि ईडी ने फर्नांडीस को पांच फरवरी को, उनके डिप्टी तथा समूह के पूर्व डिप्टी सीईओ बो लिंगम को तीन फरवरी को तथा एयर एशिया इंडिया लिमिटेड के पूर्व निदेशक (रिपीट पूर्व निदेशक) आर. वेंकटरमण को 10 फरवरी को जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने को कहा है।

कंपनी के मौजूदा तथा पूर्व प्रबंधन से जुड़े कुछ अन्य लोगों को भी उपस्थित होने को कहा गया है।सूत्रों ने कहा कि ईडी ने इससे पहले इनमें से कुछ अधिकारियों को इसी महीने उपस्थित होने का समन जारी किया था। हालांकि, कुछ अधिकारियों के उपस्थित नहीं हो पाने तथा कुछ अधिकारियों द्वारा अतिरिक्त समय की मांग करने के कारण नई तारीखें दी गई हैं। ए समन धन शोधन रोकथाम अधिनियम के तहत जारी किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, जांच के सिलसिले में अधिकारियों से पूछताछ की जाएगी तथा उनके बयानों को रिकॉर्ड किया जाएगा। एयर एशिया पर आरोप है कि उसने अपनी भारतीय अनुषंगी एयर एशिया इंडिया लिमिटेड को अंतरराष्ट्रीय लाइसेंस दिलाने के लिए सरकारी नीतियों को गलत तरीकों से प्रभावित करने की कोशिशें की हैं। ईडी की जांच इसी आरोप से जुड़ी है। ईडी ने इस मामले में कंपनी तथा इसके अधिकारियों के खिलाफ मई 2018 में मामला दर्ज किया था। इस आरोप के मद्देनजर सीबीआई की प्राथमिकी दर्ज होने के बाद ईडी ने जांच शुरू की। विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत भी इस मामले में ईडी की जांच चल रही है।

# दक्षिण कोरिया ने दूसरे कोरोनावायरस मामले की पुष्टि की

एएफपी। सियोल



दक्षिण कोरिया की सियोल में स्यूसो स्टेशन पर शुक्रवार को कोरोनोवायरस के खिलाफ एहतियात के तौर पर ट्रेन में कीटाणुनाशक दवा का छिड़काव करता कर्मचारी

**दक्षिण** कोरिया में सार्स जैसे विषाणु के दूसरे मामले की पुष्टि हुई है। इस विषाणु के कारण चीन में कम से कम 25 लोगों की मौत हो चुकी है और इसके बड़े पैमाने पर फैलने की आशंका है। कोरोनावायरस के रूप में चिह्नित इस विषाणु के प्रसार के खतरों के मद्देनजर कई देशों ने हवाईअड्डे पर यात्रियों में इसकी जांच गहन कर दी। कोरोनावायरस की आनुवंशिक समानताएं सार्स (सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम) से हैं। सार्स के कारण चीन और हांगकांग में वर्ष 2002-2003 में करीब 650 लोगों की मौत हो गई थी। इनकी आनुवंशिक समानताओं के कारण चीन में अधिक सतर्कता बरती जा रही है।

शुक्रवार को सियोल के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि वुहान में कार्यरत दक्षिण कोरिया के लगभग 50 वर्ष के एक व्यक्ति में 10 जनवरी को इसके लक्षण नजर आने लगे थे। मंत्रालय ने बताया कि इस हफ्ते की शुरुआत में देश लौटने पर उस व्यक्ति की जांच की गई और बृहस्पतिवार को उसके दक्षिण कोरिया के इस विषाणु से पीड़ित दूसरे मामले के रूप में पुष्टि हो गई। रोग के प्रसार को देखते हुए चीन में कई शहरों से लोगों का आवागमन बंद कर दिया गया है लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह रोग अभी भी वैश्विक स्वास्थ्य आपात स्थिति के दायरे में नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि चीन में कोरोनावायरस विषाणु के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है और इससे 830 लोगों के पीड़ित होने की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि इस विषाणु के कारण 25 लोगों की मौत हुई है जिनमें से 24 की मौत मध्य चीन के हुबेई प्रांत में और एक की मौत उत्तरी चीन के हेबेई में हुई है। उसने बताया कि गुरुवार तक कोरोनावायरस के कारण निमोनिया से पीड़ित होने के 830 मामलों की पुष्टि हुई है। आयोग ने बताया कि देश के 20 प्रांतीय स्तर के क्षेत्रों में कुल 1072 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। चीन ने कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बृहस्पतिवार को वुहान सहित पांच शहरों को सील कर दिया था। चीनी नववर्ष के पहले सड़कों पर भीड़भाड़ बढ़ने के मद्देनजर गाड़ियों, ट्रेनों और विमानों समेत आवागमन के विभिन्न माध्यमों को रोक दिया गया है। इन शहरों में तकरीबन दो करोड़ लोग रहते हैं। चीनी अधिकारियों ने बृहस्पतिवार शाम हुबेई प्रांत में पांच शहरों - हुगांग, एझाओ, झीजियांग, क्विनजिआंग और वुहान में सार्वजनिक परिवहन को रोकने की घोषणा की। इस विषाणु से मरने वालों की औसत उम्र 73 साल है। मृतकों में सबसे उम्रदराज शख्स 89 साल का था जबकि सबसे कम उम्र के लिहाज से 48 साल के व्यक्ति की मौत हुई।

## कोरोनावायरस के प्रसार के कारण बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने गणतंत्र दिवस समारोह रद्द किया

**बीजिंग (भाषा)।** चीन में फैले कोरोनावायरस के प्रसार के कारण बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम रद्द करने की घोषणा की है। इस बीमारी के कारण चीन में अबतक 25 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 800 से अधिक संक्रमित हो गए हैं। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाला समारोह रद्द कर दिया गया है। दूतावास ने ट्वीट किया, चीन में कोरोनावायरस के प्रसार तथा सार्वजनिक सभाओं एवं कार्यक्रमों को रद्द करने के चीनी अधिकारियों के निर्णय के आलोक में बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह को रद्द करने का फैसला किया है। ताजा खबरों के अनुसार इस घातक कोरोनावायरस से मरने वालों की संख्या बढ़ कर 25 हो चुकी है और 830 अन्य लोगों में इसकी पुष्टि हो चुकी है। इनमें से अधिकतर मामले चीन के हुबेई प्रांत में हैं। राजधानी बीजिंग में इस बीमारी के अब तक 26 मामले सामने आए हैं। वायरस को फैलने से रोकने के लिए चीन ने वुहान समेत आठ शहरों को बंद कर दिया है। चीन में भारतीय दूतावास ने गणतंत्र दिवस से पहले गुरुवार को इस उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित किया था जिसमें चीनी अधिकारियों एवं बीजिंग स्थित राजनयिक समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया था। चीन के विदेश उप मंत्री एवं भारत में चीन के राजदूत रह चुके लुओ झाओहुई ने इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। इस समारोह को संबोधित करते हुए चीन में भारतीय राजदूत विक्रम मिसरी ने कहा कि द्विपक्षीय संबंधों के लिए 2020 महत्वपूर्ण साल है क्योंकि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक संबंधों की स्थापना यह 70 वां साल है। उन्होंने कहा, यह ध्यान देने योग्य है कि चीनी जन गणराज्य (पीआरसी) को मान्यता देने वाले गैर-समाजवादी देशों में भारत सबसे पहला मुल्क था। हमारी (70 साल की) यात्रा की समीक्षा करने और एक साथ नए लक्ष्य स्थापित करने के लिए यह यह एक महत्वपूर्ण अवसर है। मिसरी ने कहा कि पधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच दूसरा अनौपचारिक सम्मेलन पिछले साल चेन्नई में हुआ था जो बहुत सफल रहा था। उन्होंने कहा कि इसने राजनीतिक, सैन्य, आर्थिक और व्यापारिक, सांस्कृतिक तथा लोगों से लोगों के बीच भारत-चीन संबंधों के विकास के लिए नई गति प्रदान की। दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच राजनयिक संबंधों के 70 साल पूरा होने के अवसर पर 70 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# तूफान ग्लोरिया की चपेट में आकर 11 लोगों की मौत, चार अब भी लापता



स्पेन की वेर्गे में गुरुवार को टेरस नदी में एक सड़क बह गई है। तूफान से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई

### तूफान ग्लोरिया से दक्षिण फ्रांस के कुछ हिस्से भी प्रभावित हुए

एएफपी। बार्सिलोना

**स्पेन** के पूर्वी और दक्षिणी तट पर तबाही मचाने वाले तूफान ग्लोरिया के कारण मरने वालों की संख्या बृहस्पतिवार को 11 हो गई। बचावकर्मी चार लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

उत्तरपूर्वी कातालोनिया क्षेत्र में नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि तटीय अमेटला दे मार में मछली पकड़ रहे 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत के साथ ही अब तक मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई। इससे पहले काबासेस में एक वाहन के भीतर एक व्यक्ति का शव मिला था और पूर्वी एलिकेंट क्षेत्र के अल्कोई में भारी बारिश के कारण एक घर ढह गया और एक 75 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इसके अलावा रविवार से तूफान की चपेट में आकर कुछ लोगों की मौत हो चुकी थी। तूफान के कारण तेज हवाएं, भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है।

अधिकारियों का कहना है कि मरने वालों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो सकती है क्योंकि कातालोनिया और बालेरिक द्वीपसमूह पर चार लोग अब भी लापता हैं। हालांकि अब तूफान कमजोर पड़ गया है। प्रधानमंत्री पेड्रो सानचेज ने तूफान से बुरी तरह प्रभावित कुछ इलाकों का बृहस्पतिवार को दौरा किया। तूफान ग्लोरिया से दक्षिण फ्रांस के कुछ हिस्से भी प्रभावित हुए। यहां पायरेनीस-ओरिएंटेल्स क्षेत्र से ।,500 लोगों को निकालना पड़ा।

## क्विक न्यूज

### दक्षिणी जर्मनी में गोलीबारी छह लोगों की मौत

**फ्रैंकफर्ट (एएफपी)।** दक्षिणी जर्मनी के शहर रोटएम सी में शुक्रवार को हुई गोलीबारी में छह लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। डीपीए समाचार एजेंसी और बिल्ड अखबार दोनों ने ही गोलीबारी में छह लोगों की मौत होने की खबर दी है। हालांकि, पुलिस प्रवक्ता ने केवल यह पुष्टि की है कि गोलीबारी में कई लोग घायल हुए हैं और संभवतः एक से अधिक लोगों की मौत हुई है। उन्होने बताया कि संदिग्ध हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया है और माना जा रहा है कि निजी कारणों से उसने इस घटना को अंजाम दिया।

### ह्यूस्टन में जोरदार धमाका, कई घर क्षतिग्रस्त

**ह्यूस्टन (एएफपी)।** अमेरिका के ह्यूस्टन शहर मे शुक्रवार तड़के जोरदार विस्फोट हुआ जिससे कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए और शीशे टूट गए। घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है। विस्फोट से घबराए लोग सुबह होने से पहले ही जग गए। ह्यूस्टन के अग्निशमन विभाग ने बताया कि एक व्यक्ति को अस्पताल ले जाया गया है और प्रभावित क्षेत्र मे आपातसेवाएं लागू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार एक इमारत में विस्फोट हुआ और लोगो को उस क्षेत्र मे नही जाने की सलाह दी गई है। यह अभी तक पता नही लग सका है कि विस्फोट किस चीज में हुआ और इसका क्या कारण था। घायल लोगों की संख्या के बारे मे भी कोई जानकारी नही है। एक स्थानीय टीवी न्यूज चैनल केपीआरसी 2 के अनुसार उस इलाके मे लगभग हर घर को नुकसान पहुंचा है। विस्फोट ने सोए हुए लोगो को झकझोर कर रख दिया। सुरक्षा कैमरों के वीडियो फुटेज मे एक बड़ा विस्फोट और आग का गोला हवा मे उठता हुआ दिखाई दिया।

# नेपाल दक्षेस की अध्यक्षता पाकिस्तान को सौंपने के लिए तैयार और उत्सुक : ग्यावली

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने शुक्रवार को कहा कि 2014 से दक्षेस समूह की अध्यक्षता कर रहा नेपाल यह पद पाकिस्तान को सौंपने के लिए तैयार और इच्छुक है।

ग्यावली ने साथ ही उम्मीद जताई कि भारत और पाकिस्तान क्षेत्रीय चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बातचीत के जरिए अपने मतभेद सुलझा सकते हैं। विदेश मंत्री ने भारत को यह भरोसा भी दिलाया कि नेपाल अपनी धरती का इस्तेमाल किसी पड़ोसी के खिलाफ नहीं होने देगा और नेपाल किसी भी राजनीतिक और कूटनीतिक गतिरोध में हिस्सा नहीं बनेगा। ग्यावली ने यहां नेपाली विदेश मंत्रालय में सागरमाथा संवाद के बारे में भारतीय पत्रकारों के एक समूह से चर्चा के दौरान कहा कि नेपाल दक्षेस की अध्यक्षता पाकिस्तान को सौंपने को तैयार और उत्सुक है। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान अपने मतभेद क्षेत्र में उत्पन्न चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए बातचीत के जरिए सुलझा सकते हैं।

गत तीन वर्षों के दौरान भारत ने पाकिस्तान स्थित आतंकवाद के नेटवर्क से क्षेत्र को उत्पन्न सुरक्षा चुनौतियों का हवाला देते हुए स्वयं को दक्षेस से दूर रखा है। पाकिस्तान भी इस समूह का एक सदस्य है। ग्यावली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान सहित दक्षेस देशों के सभी नेताओं को आमंत्रित किया गया है और नेपाल को क्षेत्र के सभी नेताओं का स्वागत करने में प्रसन्नता होगी ताकि वे क्षेत्र के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों पर चर्चा कर सकें। उन्होंने कहा, सभी दक्षेस नेताओं का सागरमाथा में उपस्थित रहना एक शानदार विचार होगा। उन्होंने कहा कि संवाद का नाम विश्व की सबसे उंची चोटी सागरमाथा (माउंट एवरेस्ट) के नाम पर रखा गया है जो कि मित्रता का एक प्रतीक भी है। 2014 में पिछला दक्षेस सम्मेलन काठमांडू में आयोजित हुआ था जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए थे।

2016 में दक्षेस सम्मेलन इस्लामाबाद में होना था। हालांकि उसी वर्ष 18 सितम्बर को जम्मू कश्मीर के उरी स्थित एक सैन्य शिविर पर आतंकवादी हमले के बाद भारत ने मौजूदा हालात के मद्देनजर सम्मेलन में हिस्सा लेने में असमर्थता जताई थी। बांग्लादेश, भूटान और अफगानिस्तान के इस्लामाबाद में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेने से इनकार के बाद सम्मेलन रद्द कर दिया गया था। गत वर्ष दिसम्बर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान की ओर इशारा करते हुए कहा था कि दक्षेस देशों के बीच व्यापक सहयोग के लिए भारत के प्रयासों को बार बार आतंकवादी कृत्यों और खतरों से चुनौती मिली है।

# नेपाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सागरमाथा संवाद के लिए आमंत्रित किया

भाषा। काठमांडू

**नेपाल** के विदेश मंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने शुक्रवार को कहा है कि उनके देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पहले सागरमाथा संवाद फोरम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया है, जिसका आयोजन इस वर्ष अप्रैल में किया जाएगा। विदेश मंत्री ने बताया कि सागरमाथा संवाद फोरम में वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।नेपाल के दौरे पर गए भारतीय संवाददाताओं के एक समूह को संबोधित करते हुए विदेश मंत्री ने कहा सागरमाथा संबाद का आयोजन दो से चार अप्रैल के बीच किया जाएगा। इसका विषय जलवायु परिवर्तन, पर्वत एवं मानवता का भविष्य होगा। ग्यावली ने बताया, हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया है और इसकी पुष्टि की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान समेत दक्षेस देशों के सभी नेताओं को आमंत्रित किया गया है और इन सभी क्षेत्रीय नेताओं की मेजबानी कर नेपाल को प्रसन्नता होगी ताकि क्षेत्र के समक्ष उत्पन्न चनौतियों पर वे सब एक दूसरे के साथ चर्चा कर सकें।ग्यावली ने बताया कि दुनिया के सबसे ऊंचे पर्वत सागरमाथा (माउंट एवरेस्ट) के नाम पर इस कार्यक्रम का नाम सागरमाथा संबाद रिपीट सागरमाथा संवाद रखा गया है जो दोस्ती का प्रतीक है। नेपाल के विदेश मंत्री ने बताया कि इस संबाद का मुख्य उद्देश्य जलवायु संकट और इसके दुष्प्रभाव से निपटने के लिए राजनीतिक नेताओं की दृढ़ इच्छाशक्ति को बढावा देने के लिए आपस में एक आम सहमति बनाना है। दक्षेस देशों में अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल है।

# मजबूत भारत-सिंगापुर संबंध से क्षेत्र का होगा अधिक भला: भारतीय उच्चायुक्त

भाषा। सिंगापुर

**सिंगापुर** में भारत के उच्चायुक्त जावेद अशरफ ने दोनों देशों के वैश्विक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा है कि दोनों देशों के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध से नए दशक में इस क्षेत्र और दुनिया का अधिक भला होगा।

अशरफ ने कहा कि पिछले दशक में सिंगापुर-भारत साझेदारी में बदलाव नजर आया और इस दशक में हम अपनी साझी आकांक्षाओं, जो पहले से ही बहुत उंची हैं और उम्मीदों, जो दूसरों को हमसे हैं, पर खरा उतरेंगे। उन्होंने कहा, विभिन्न संक्रांतियों और व्यवधानों के दौर में , भारत और सिंगापुर के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी की अनिवार्यताएं कभी इतनी मजबूत नहीं रहीं - (लेकिन) जितना हम एक दूसरे (सिंगापुर-भारत) के लिए करेंगे, हम इस क्षेत्र और दुनिया का उतना ही भला करेंगे। यह भारत और सिंगापुर के बीच रणनीतिक साझेदारी का निर्णायक उद्देश्य है।

वह बुधवार को 71 वें गणतंत्र दिवस स्वागत समारोह में दोनों देशों के करीब 1500 सरकारी, सामुदायिक और व्यापारिक नेताओं को संबोधित कर रहे थे। सिंगापुर ने अपने एक वरिष्ठ नेता को इस कार्यक्रम में भेजा था। जून, 2019 से दो बार भारत की यात्रा कर चुके वरिष्ठ मंत्री ओंग ए कुंग इस स्वागत समारोह में मानद अतिथि थे और अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उच्चायुक्त ने अपने भाषण में इस बात पर जोर दिया कि भारत की अंतरराष्ट्रीय साझेदारी गहरी होती रहेगी और कहा कि जो पहले कहीं नहीं थी, वह अब हिंद प्रशांत क्षेत्र और एक्ट ईस्ट पॉलिसी में अधिक नजर आती है। उन्होंने कहा, आसियान हमारे दृष्टिकोण के केंद्र में रहेगा। सिंगापुर हमारे हर प्रयासों का अभिन्न हिस्सा है।

# लंदन में मारे गए तीनों व्यक्ति भारतीय नागरिक थे: ब्रिटिश पुलिस

भाषा। लंदन

**स्काटलैंड** यार्ड ने पिछले सप्ताह लंदन के पूर्वी हिस्से में छुरेबाजी की घटना में मारे गए तीन व्यक्तियों की शुक्रवार को भारतीय नागरिक के रूप में पहचान की।

मेट्रोपोलिटन पुलिस की स्पेशलिस्ट क्राइम कमान के जांचकर्ताओं ने बताया कि जिन व्यक्तियों की हत्या हुई है उनकी पहचान 29 वर्षीय नरिंदर सिंह लुभाया, 30 वर्षीय हरिंदर कुमार और 37 वर्षीय मलकीत सिंह ढिल्लों उर्फ बलजिंदर सिंह के रूप हुई है। आपात सेवाओं ने उन्हें पिछले रविवार को इलफोर्ड में रेडब्रिज के सेवन किंग्स इलाके में घायल दशा में पाया था और उन्हें मौके पर ही मृत घोषित कर दिया था। लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि वह इन तीनों के परिवारों को उनके शवों को भारत ले जाने में सभी संभव सहायता प्रदान करेगा।

मेट्रोपोलिटन पुलिस ने कहा, ए तीन इलफोर्ड में ही रह रहे थे और भारतीय नागरिक थे। उनके रिश्तेदारों को सूचना दे दी गई है और विशेष प्रशिक्षित अधिकारी उनकी मदद कर रहे हैं। पुलिस ने कहा कि 29 वर्षीय गुरजीत सिंह को इस मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है और उसे हिरासत में रखा गया है। उसे 19 फरवरी को अदालत में पेश किया जाएगा। उस पर सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार रखने का आरोप है।

# धर्मगुरू मुक्तदा सद्र की अमेरिका विरोधी रैली को लेकर इराकियों में आशंका

एएफपी। बगदाद

**अमेरिकी** रक्षा बलों को इराक से बाहर करने की मांग को लेकर इराकी धर्मगुरू मुक्तदा अल सद्र के समर्थक शुक्रवार को बगदाद में मार्च निकालने की तैयारियों में जुटे हैं, जबकि यहां सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे युवा इस मार्च को लेकर आशंकित हैं।

बगदाद में युवा प्रदर्शनकारी सरकार में व्यापक फेर-बदल, शीघ्र संसदीय चुनाव कराने और अधिक जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर पिछले कुछ महीनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन प्रदर्शनकारियों को आशंका है कि सद्र के शक्ति प्रदर्शन के बीच उनका मकसद गुम हो सकता है। एक किशोर प्रदर्शनकारी ने कहा, सद्र हमारा प्रतिनिधित्व नहीं करते। बगदाद के अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के बाहर तीन जनवरी को ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी और इराकी कमांडर अबु महदी अल मुहंदिस की अमेरिकी ड्रोन हमले में मौत के बाद से अमेरिका की सैन्य मौजूदगी इराक में बहस का मुख्य मुद्दा बनी हुई है। इस हमले के दो ही दिन बाद इराकी संसद ने करीब 5,200 अमेरिकी बलों समेत विदेशी बलों को देश से बाहर भेजने के समर्थन में मतदान किया था।

# नेपाल ने कहा, अगर भारत बांग्लादेश से सीमा विवाद सुलझा सकता है तो काठमांडू से क्यों नहीं

भाषा। काठमांडू



**नेपाल** के विदेशमंत्री प्रदीप कुमार ग्यावली ने शुक्रवार को कहा कि अगर भारत बांग्लादेश के साथ सीमा विवाद सुलझा सकता है तो उनके देश के साथ क्यों नहीं। उन्होंने यह टिप्पणी दोनों पड़ोसियों के बीच सीमा को लेकर उभरे मतभेद के संदर्भ में कही।

उल्लेखनीय है कि भारत ने नए केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के गठन के बाद नवंबर में नया मानचित्र जारी किया। इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को जम्मू-कश्मीर का हिस्सा और गिलगित बाल्तिस्तान को लद्दाख का हिस्सा दिखाया गया। इस मानचित्र के सामने आने बाद नेपाल ने दावा किया कि लिम्पियाधुरा, लुपुलेक और कालापानी इलाके को भारत में दिखाया गया है जबकि वह नेपाल का हिस्सा है। वहीं भारत ने कहा कि नया मानचित्र बिल्कुल सही है और उसमें देश के संप्रभु क्षेत्र को दिखाया गया है एवं नेपाल के साथ सीमा की समीक्षा का सवाल ही नहीं है।

यहां विदेश मंत्रालय में सागरमाथा संवाद के बारे में जानकारी देने के लिए बुलाए गए पत्रकार सम्मेलन में भारतीय पत्रकारों के समूह से बातचीत में नेपाल के विदेशमंत्री ने कहा, अगर भारत बांग्लादेश के साथ जमीनी सीमा के विवाद को सुलझा सकता है तो नेपाल के साथ क्यों नहीं? उन्होंने कहा, अनसुलझे मुद्दे का बोझ लेकर आगे नहीं बढ़ना चाहिए क्योंकि दोनों देशों और उनके नेताओं के बीच समझ का स्तर सबसे ऊपर है। ग्यावली की टिप्पणी प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि समय आ गया है कि दोनों देशों के दीर्घकालिक हित के लिए सभी लंबित मुद्दों का बातचीत के जरिए समाधान किया जाए। ओली ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय कारोबार और लोगों के बीच संपर्क बढ़ाने के इरादे से 140 करोड़ रुपए की लागत से तैयार जोगबनी-विराटनगर एकीकृत जांच चौकी का वीडियो लिंक के जरिए उद्घाटन करने के मौके पर कहा था, समय आ गया है कि दोनों देशों के दीर्घकालिक हित के लिए सभी लंबित मुद्दों का बातचीत के जरिए समाधान किया जाए।

# ऑस्ट्रेलिया के जंगलों में लगी आग से पर्यावरण में कार्बन का स्तर आठ लाख साल में सबसे अधिक

**पेरिस (एएफपी)।** ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण पश्चिम के जंगलों में लगी आग की भूमिका वर्ष 2020 में कार्बन उत्सर्जन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने में सबसे अहम होगी। पर्यावरण में कार्बन का स्तर पहले ही आठ लाख साल में सबसे अधिक है और इसके तीस लाख साल के उच्चतम स्तर पर पंहुचने का अनुमान है। ब्रिटेन के मौसम कार्यालय ने शुक्रवार को यह दावा किया। मौसम विभाग ने कहा कि धरती को गर्म करने के लिए जिम्मेदार कार्बन डाइ ऑक्साइड (सीओ-2) के उत्सर्जन को वर्ष 1958 से दर्ज किया जा रहा है और अनुमान है कि इस वर्ष सीओ्-2 का सबसे अधिक उत्सर्जन होगा। ब्रिटिश संस्था ने बताया कि सीओ-2 के स्तर को हवाई स्थित माउना लोआ वेधशाला के आंकड़ों के आधार पर नापा जाता है और पूरे साल मौसम के अनुरूप उत्तरी गोलार्ध में इसके स्तर में उतार-चढ़ाव आता है लेकिन इस साल कार्बन उत्सर्जन की वार्षिक परिपाटी ऊपर की ओर ही जा रही है और मई में इसके रिकॉर्ड 417 पार्ट्स प्रति दस लाख (पीपीएम) के स्तर पर पहुंचने की आशंका है। मौसम विभाग ने बताया, अनुमान है कि 2020 पहला साल होगा जब कार्बन का उत्सर्जन 410 पीपीएम के स्तर से नीचे नहीं आएगा और वार्षिक औसत 414.2 पीपीएम रहने की आशंका है। मौसम कार्यालय हेडले सेंट और यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सटर के रिचर्ड बेट्टस ने बताया कि आठ लाख साल में पहली बार पर्यावरण में कार्बन का स्तर सबसे अधिक है और इसके 30 लाख साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने की आशंका है।

# ट्रम्प को हटाया जाना चाहिए: महाभियोग प्रबंधक शिफ

एएफपी। वाशिंगटन



**प्रतिनिधि** सभा के मुख्य महाभियोग प्रबंधक एडम शिफ ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को पद से बर्खास्त किए जाने की अपील करते हुए कहा कि अमेरिकी नेता ने अपने हितों को देश के हित से ऊपर रखा इसलिए उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

शिफ ने बृहस्पतिवार को कहा, अमेरिकी लोगों को ऐसे राष्ट्रपति की आवश्यकता है, जिस पर वे भरोसा कर सकें कि वह उनके हित को प्राथमिकता देगा। उन्होंने कहा, आप जानते हैं कि आप इस राष्ट्रपति पर इस बात के लिए भरोसा नहीं कर सकते कि वह वही काम करेगा जो इस देश के लिए सही होगा। आप यह भरोसा कर सकते हैं कि वह उस काम को करेंगे जो डोनाल्ड ट्रम्प के लिए सही होगा। शिफ ने कहा, वह अब ऐसा करेंगे। उन्होंने पहले ऐसा किया है। वह आगामी कई महीनों में ऐसा करेंगे। यदि उन्हें अनुमति दी जाती है तो वह चुनाव में भी ऐसा करेंगे। इसी लिए, यदि आप उन्हें दोषी पाते हैं, तो उन्हें हटाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, क्योंकि सही बात मायने रखती है और सच्चाई मायने रखती है। अन्यथा हम सभी का नुकसान होगा।

शिफ की अभियोजन टीम ने दलीलें पेश करते हुए विस्तार से यह बताने की कोशिश की कि ट्रम्प ने राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए किस प्रकार खुलेआम और खतरनाक तरीके से अपनी ताकत का दुरुपयोग किया। ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग की सुनवाई के दूसरे दिन सदन के अभियोग प्रबंधकों ने दलीलें पेश करते हुए रिपब्लिकन पार्टी के इस दावे को खारिज करने की कोशिश की कि ट्रम्प ने कुछ गलत नहीं किया। न्यायाधीशों के रूप में बैठे 100 सीनेटरों के बीच अभियोजकों ने पुराने वीडियो दिखाए जिनमें राष्ट्रपति के दो निकट बचावकर्ता कह रहे हैं कि सत्ता का दुरुपयोग निश्चित ही ऐसा अपराध है जिसके खिलाफ महाभियोग चलाया जा सकता है।

# अय्यर-राहुल ने जीत से कराया आगाज

## ● पहले टी-20 में जीता भारत ●न्यूज़ीलैंड को छह विकेट से हराया

भाषा। आकलैंड


राहुल 56 रन

श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की शानदार पारियों के दम पर भारत ने शुक्रवार को पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हराकर इस साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी शुरू कर दी। इससे पहले कोलिन मुनरो और कप्तान केन विलियमसन के आक्रामक अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने ईडन पार्क की छोटी बाउंड्री का पूरा इस्तेमाल करके पांच विकेट पर 203 रन बनाए। जवाब में भारत ने एक ओवर बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही और रोहित शर्मा दूसरे ही ओवर में सात रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद हालांकि राहुल ने अपनी शानदार फार्म जारी रखते हुए 27 गेंद में चार चौकों और तीन छक्कों के साथ 56 रन बनाए। कप्तान कोहली ने उनका बखूबी साथ निभाते हुए 32 गेंद में 45 रन की पारी खेली जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। भारत ने हालांकि दसवें ओवर में राहुल और 12वें ओवर में कोहली का विकेट गंवा दिया। उस समय भारत को 53 गेंद में 83 रन की जरूरत थी। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने मोर्चा संभाला। अय्यर ने 29 गेंद में नाबाद 58 रन बनाए जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। उन्हें इस प्रदर्शन के लिए मैन आफ द मैच चुना गया। न्यूजीलैंड की पारी में मुनरो ने 42 गेंद में छह चौकों और दो छक्कों के साथ 59 रन बनाए। वहीं विलियमसन ने 26 गेंद में चार चौकों और चार छक्कों के साथ 51 रन की पारी खेली। रोस टेलर 27 गेंद में 54 रन बनाकर नाबाद रहे। जसप्रीत बुमराह (31 रन देकर एक विकेट) को छोड़कर भारत के सभी गेंदबाज महंगे साबित हुए। भारत ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। भारतीय टीम ने हरफनमौला शिवम दुबे और रविंद्र जडेजा समेत छह गेंदबाजों का संयोजन उतारा। युजवेंद्र चहल को कुलदीप यादव पर और शार्दुल ठाकुर को नवदीप सैनी पर तरजीह दी गई। ऋषभ पंत को बाहर रखा गया। न्यूजीलैंड की शुरूआत तेज रही। मुनरो और मार्टिन गुप्टिल ने पावरप्ले में 68 रन बनाए। भारत के खिलाफ टी20 क्रिकेट में पावरप्ले में न्यूजीलैंड का यह सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। शार्दुल ठाकुर ने 44 रन देकर एक विकेट लिया जबकि मोहम्मद शमी ने 53 रन दे डाले और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। भारत ने पहले आठ ओवर में ही छह गेंदबाज आजमा लिए। दुबे ने गुप्टिल को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा जिनका कैच रोहित शर्मा ने लपका। इसके बाद विलियमसन मैदान पर आए और उन्होंने मुनरो के साथ 24 गेंद में 36 रन जोड़े। उन्होंने 36 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। ठाकुर ने मुनरो को पवेलियन भेजा। इसके चार गेंद बाद रविंद्र जडेजा ने कोलिन डि ग्रैंडहोमे (0) को आउट किया। न्यूजीलैंड का स्कोर 13वें ओवर में तीन विकेट पर 117 रन था लेकिन विलियमसन और टेलर ने 28 गेंद में 61 रन की साझेदारी कर डाली। टेलर ने तीन चौके और तीन छक्के लगाए। उन्होंने शमी के 16वें ओवर में 22 रन लिए और 25 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। यह छह साल में टी20 क्रिकेट में उनका पहला अर्धशतक था। विलियमसन ने भी 25 गेंद में पचासा ठोका। दोनों के बीच अर्धशतकीय साझेदारी सिर्फ 24 गेंद में पूरी हुई। विलियमसन को चहल ने आउट किया। टेलर ने न्यूजीलैंड को 200 रन के पार पहुंचाया। बुमराह को 20वें ओवर में फालोथ्रू के दौरान बाएं टखने में चोट लगी और वह दर्द से कराहते दिखे। उन्होंने हालांकि तुरंत संभलकर आखिरी चार गेंद डाली।


श्रेयस 58 रन

### स्कोरबोर्ड

**न्यूजीलैंड पारी** : मार्टिन गुप्टिल का शर्मा बो दुबे 30, कोलिन मुनरो का चहल बो ठाकुर 59,केन विलियमसन का कोहली बो चहल 51,कोलिन डि ग्रांडहोमे का दुबे बो जडेजा 0, रोस टेलर नाबाद 54,टिम सीफर्ट का अय्यर बो बुमराह 1, मिशेल सेंटनेर नाबाद 2, **अतिरिक्त** : छह रन,**कुल योग** : 20 ओवर में पांच विकेट पर 203 रन, **विकेट पतन** :1-80, 2-116 , 3-117 , 4-178, 5-181, **गेंदबाजी** :, बुमराह 4-0-31-1, ठाकुर 3-0-44-1, शमी 4-0-53-0, चहल 4-0-32-1, दुबे 3-0-24-1, जडेजा 2-0-18-1,

**भारत पारी** : रोहित शर्मा का टेलर बो सेंटनेर 7,केएल राहुल का साउदी बो सोढी 56, विराट कोहली का गुप्टिल बो टिकनेर 45,श्रेयस अय्यर नाबाद 58,शिवम दुबे का साउदी बो सोढी 13,मनीष पांडे नाबाद 14, **अतिरिक्त** : 11 रन, **कुल योग** : 19 ओवर में चार विकेट पर 204 रन, **विकेट पतन** :1-16, 2-115, 3-121, 4-142, **गेंदबाजी** : साउदी 4-0-48-0, सेंटनेर 4-0-50-1, बेनेट 4-0-36 -0, टिकनेर 3-0-34-1, सोढी 4-0-36-2

## कोहली आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार रहाणे आठवें स्थान पर

**दुबई।** भारतीय कप्तान विराट कोहली आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजो की रैंकिंग मे शीर्ष पर बने हुए है जबकि उपकप्तान अजिंक्य रहाणे एक पायदान ऊपर आठवें स्थान पर पहुंच गए। कोहली के 928 अंक है जबकि दूसरे नंबर पर आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ है जो उनसे 17 अंक पीछे हैं। चेतेश्वर पुजारा 791 अंक लेकर छठे स्थान पर है। रहाणे के 759 अंक है। गेंदबाजों की रैंकिंग मे जसप्रीत बुमराह 794 अंक लेकर छठे स्थान पर है जबकि आर अश्विन आठवें और मोहम्मद शमी दसवें स्थान पर हैं। रविंद्र जडेजा 438 अंक लेकर हरफनमौलाओं की सूची में तीसरे स्थान पर है। जिम्बाब्वे के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच मे दस विकेट से जीतने वाली श्रीलंकाई टीम के एंजेलो मैथ्यूज शीर्ष 20 बल्लेबाजों मे लौटे हैं। वह आठ पायदान चढकर 16वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के ओली पोप 52 पायदान की छलांग लगाकर 52वें स्थान पर है। सैम कुरेन और डोम सिबले क्रमशः 64वें और 76वें स्थान पर हैं। बेन स्टोक्स हरफनमौलाओं की सूची मे दूसरे स्थान पर है।

## अगरकर ने राष्ट्रीय चयनकर्ता पद के लिए आवेदन किया

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजित अगरकर शुक्रवार को राष्ट्रीय चयनकर्ता बनने की दौड़ में शामिल हो गए और वह चयनसमिति के अध्यक्ष भी बन सकते हैं। अगरकर ने पुष्टि की कि उन्होंने राष्ट्रीय चयनकर्ता पद के लिए आवेदन किया है। मुंबई की सीनियर चयनसमिति के पूर्व अध्यक्ष अगरकर राष्ट्रीय चयनसमिति का अध्यक्ष बनने की दौड़ में शामिल है क्योंकि नए संविधान में क्षेत्रीय प्रणाली का प्रावधान नही है। बीसीसीआई ने आवेदन भेजने की अंतिम तिथि 24 जनवरी तय की थी और ऐसे में अगरकर सबसे बड़ा नाम उबरकर सामने आया है जिन्होंने 26 टेस्ट, 191 वनडे और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय में कुल मिलाकर 349 विकेट लिए है। वनडे में उनके नाम पर 288 विकेट दर्ज है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, अजित का दौड़ मे शामिल होना रोचक है। उन्होंने काफी सोच समझकर आवेदन किया होगा। अगर किसी को लगता है कि शिवा (लक्ष्मण शिवरामकृष्णन) का चयनसमिति का अध्यक्ष तय है तो उन्हे इस पर फिर से विचार करना होगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि किन्हे चयनकर्ता चुना जाता है। अगरकर के अलावा जिन पूर्व क्रिकेटरों ने चयनकर्ता पद के लिए आवेदन किया है उनमें हरियाणा के चेतन शर्मा, बड़ौदा के नयन मोंगिया, तमिलनाडु के शिवरामकृष्णन, मध्य प्रदेश के राजेश चौहान और अमय खुरासिया, उत्तर प्रदेश के ज्ञानेद्र पांडे (योग्य नही क्योंकि जूनियर चयनकर्ता के रूप मे चार साल पूरे कर चुके है।) और विदर्भ के प्रीतम गंधे (जूनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता रह चुके है।) शामिल है।

## शुक्ला ने व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम पर कोहली का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** आईपीएल के पूर्व चेयरमैन राजीव शुक्ला ने टीम के व्यस्त क्रिकेट कार्यक्रम को लेकर भारतीय कप्तान विराट कोहली की चिंता का समर्थन किया। आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के पांच दिन के भीतर ही न्यूजीलैड दौरे पर पहुंची भारतीय टीम के कप्तान कोहली ने गुरूवार को कहा था कि क्रिकेटर ऐसी स्थिति मे पहुंच रहे है जब सीधे स्टेडियम पर लैड करके खेलना शुरू करना होगा। शुक्ला ने ट्वीट किया , मैं कोहली का समर्थन करता हूं कि कैलेंडर बहुत व्यस्त है। लगातार मैच और श्रृंखलाएं नही होनी चाहिए। खिलाड़ियों को आराम और अनुकूलन का पूरा समय मिलना चाहिए। उन्होने इसके लिए प्रशासकों की समिति को दोषी ठहराया। शेड्यूल तय करने से पहले सीओए को इस पर ध्यान देना चाहिए था। कोहली ने न्यूजीलैड के खिलाफ पहले टी20 से पूर्व कहा था , अब हम उस स्थिति के निकट पहुंच रहे है कि सीधे स्टेडियम पर लैडिंग करके खेलना होगा। कार्यक्रम इतना व्यस्त हो गया है लेकिन इतनी यात्रा करके अलग टाइम जोन वाले देश में आकर तुरंत ढल जाना आसान नही होता। मुझे यकीन है कि भविष्य मे इन चीजो को भी ध्यान मे रखा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ऐसा ही है जहां लगातार खेलना होता है।

## हम दौरे की ऐसी ही शुरुआत चाहते थे : कोहली

भाषा। आकलैंड



भारत ने लंबी उड़ान की थकान को पीछे छोड़कर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला के पहले मैच में शुक्रवार को यहां शानदार जीत दर्ज की और कप्तान विराट कोहली ने कहा कि टीम इसी तरह की जीत से दौरे की शुरुआत करना चाहती थी। भारतीय टीम केवल दो दिन पहले ही यहां पहुंची और उसने एक ओवर शेष रहते हुए न्यूजीलैंड का पांच विकेट पर 203 रन का स्कोर पीछे छोड़ दिया। कोहली ने मैच की पूर्व संध्या पर बेहद व्यस्त कार्यक्रम की बात की लेकिन टीम के अंदर इस तरह की कोई बात नहीं थी। कोहली ने मैच के बाद कहा, हमने का इसका पूरा आनंद उठाया। दो दिन पहले यहां पहुंचना और फिर इस तरह की जीत दर्ज करना शानदार रहा। इससे हमारे लिए पूरे दौरे की अच्छी नींव पड़ गई। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगा कि 80 प्रतिशत दर्शक हमारा समर्थन कर रहे हैं। आपको 200 से अधिक रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इस तरह के सहयोग की जरूरत पड़ती है। हमने टीम के अंदर लंबी उड़ान की थकान पर चर्चा नहीं की। हम किसी तरह का बहाना नहीं चाहते थे। न्यूजीलैंड का समय भारतीय समय से साढ़े सात घंटे आगे हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ हमने वास्तव में अच्छी श्रृंखला खेली और हमने यहां वह आत्मविश्वास दिखाया। आप इस तरह की पिच पर किसी के प्रति कड़ा रवैया नहीं अपना सकते। हमने बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्हें 210 से कम स्कोर पर रोकना अच्छा प्रयास था। क्षेत्ररक्षण ऐसा विभाग है जिसमें हम सुधार कर सकते हैं। हम जानते थे ईडन पार्क पर स्कोर का बचाव करना मुश्किल होता है और थोड़ा ओस भी थी। भारत ने निश्चित तौर पर अपनी काबिलियत दिखाई। हम जानते थे कि पहले बल्लेबाजी करते हुए हमें बड़ा स्कोर खड़ा करना होगा। गेंदबाजी करते हुए अगर हम जल्दी तीन या चार विकेट ले लेते तो मैच पर हमारा पलड़ा भारी होता।

### हम भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना सके : टेलर

आक्लैड। न्यूजीलैंड के अनुभवी खिलाड़ी रास टेलर ने भारत के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मे लचर प्रदर्शन प्रदर्शन करने पर टीम के गेंदबाजों की आलोचना करते हुए कहा कि वे भारतीय बल्लेबाजो पर दबाव नही बना सके। भारत ने श्रेयस अय्यर (नाबाद 58) की अर्धशतकीय पारी के दम पर 204 रन के लक्ष्य को एक ओवर शेष रहते चार विकेट गंवाकर हासिल कर लिया। टेलर ने कहा कि बल्लेबाजी के लिए उपयुक्त पिच पर उनकी टीम ने 10-15 रन कम बनाए। इसके साथ ही उनके गेंदबाज भारतीय मध्यक्रम पर दबाव नही बना सके। टेलर ने कहा, ईडीन पार्क (मैदान) मे यह मुश्किल है। भारत ने आखिरी के तीन ओवरों मे शानदार गेंदबाजी की और हमें अधिक रन बनाने का मौका नही मिला। हम फिर भी आखिरी 10 ओवर मे सौ रन बनाने में सफल रहे। हम ने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उनके बल्लेबाजों को भी श्रेय देना होगा। टी20 में आपको तुरंत सीखना होता है और उसे खेल मे ढालना होता है। हमारे गेंदबाजों को उनकी शानदार बल्लेबाजी इकाई के खिलाफ खेल के स्तर को ऊंचा करना होगा। भारत की बल्लेबाजी के दौरान हम ज्यादा खाली गेंदे फेंकने मे सफल नही रहे जिससे जरूरी रनगति नही बढ़ी और वे दबाव मे नही आए। ईडेन पार्क हमेशा बल्लेबाजो के लिए अच्छा रहता है। कोलिन मुनरो, केन विलियम्सन और टेलर की अर्धशतकीय पारियो से न्यूजीलैंड ने 200 से अधिक रन बनाए लेकिन अय्यर के मैदान मे आने से पहले लोकेश राहुल (56) और कप्तान विराट कोहली (45) ने दूसरे विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी कर टीम की जीत की नीव रखी। टेलर ने अय्यर की तारीफ करते हुए कहा, उसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का ज्यादा अनुभव नही है लेकिन दबाव मे उसने गेंद को सीमा रेखा के पार भेजकर स्थिति को आसान कर दिया।



### विकेटकीपिंग से बल्लेबाजी में मदद मिली : राहुल



**आक्लैंड।** विकेटकीपिंग के साथ बल्लेबाजी करना चुनौतीपूर्ण है लेकिन भारतीय खिलाड़ी लोकेश राहुल ने शुक्रवार को कहा कि वह अतिरिक्त जिम्मेदारी का लुत्फ उठा रहे है क्योंकि इससे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिल रही है। राहुल ने 27 गेंद मे 56 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलने के अलावा कप्तान विराट कोहली (45) के साथ 99 रन की साझेदारी की जिससे न्यूजीलैड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मे भारत ने 204 रन के लक्ष्य को चार विकेट गंवाकर हासिल किया। राहुल ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली एकदिवसीय श्रृंखला मे नियमित विकेटकीपर ऋषभ पंत के चोटिल होने के बाद विकेट के पीछे की जिम्मेदारी संभाली। श्रृंखला में उन्होने विकेट के पीछे और बल्ले से शानदार योगदान दिया जिसके बाद कोहली ने कहा था कि वह इस दोहरी जिम्मेदारी को जारी रखेंगे क्योंकि इससे टीम का संतुलन सही बन जाता है। न्यूजीलैड के खिलाफ पहले टी20 के बाद राहुल से जब इस बारे मे पूछा गया तो उन्होने कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझ यह अच्छा लग रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह नया लग सकता है लेकिन मै पिछले 3-4 वर्षो से अपनी आईपीएल फ्रैंचाइजी के लिए यह काम कर रहा हूं। जब भी मौका मिलता है तो मै अपनी प्रथम श्रेणी की टीम के लिए यह करता रहता हूं। मै विकेटकीपिंग का अभ्यास करता रहता हूं। मुझे विकेट के पीछे रहना पसंद है क्योंकि इससे पिच का अंदाजा मिल जाता है। मै इससे जुड़ी जानकारी गेंदबाजो और कप्तान को देता हूं और कप्तान उसी मुताबिक क्षेत्ररक्षण लगाते है। एक बल्लेबाज के तौर पर भी 20 ओवर तक कीपिंग करने के बाद आपको अंदाजा हो जाता है कि पिच पर कैसा शाट खेलना है। मै इस जिम्मेदारी का लुत्फ उठा रहा हूं।

## न्यूजीलैंड ए ने भारत ए को 29 रन से हराया

### ● नहीं चले साव

भाषा। क्राइस्टचर्च



भारत ए के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके और न्यूजीलैंड ए ने उसे दूसरे अनधिकृत वनडे में 29 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में बराबरी कर ली। न्यूजीलैंड ए के लिए सलामी बल्लेबाज जार्ज वर्कर ने 135 रन बनाए जबकि कोल मैकोंची ने 56 रन की पारी खेली। न्यूजीलैंड ए ने 50 ओवर में सात विकेट पर 295 रन बनाए। जवाब में भारत ए टीम नौ विकेट पर 266 रन ही बना सकी। कृणाल पंड्या ने 48 गेंद में 51 रन बनाए। टास जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करते हुए भारत ए को जल्दी ही सफलता मिली जब मोहम्मद सिराज ने रचिन रविंद्र (0) को पवेलियन भेजा। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने ग्लेन फिलिप्स को आउट किया। इशान पोरेल ने भी दो विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर 22वें ओवर में चार विकेट पर 96 रन हो गया। कृणाल पंड्या ने मार्क चैपमैन को आउट करके मेजबान की स्थिति और खराब कर दी। न्यूजीलैंड के पांच विकेट 25वें ओवर में 109 रन पर गिर गए थे। ऐसे में जिम्मी नीशाम (33) और मैकोंजी ने वर्कर का साथ दिया। वर्कर ने 144 गेंद की पारी में छह छक्के और 12 चौके लगाए। मैकोंजी ने 54 गेंद की पारी में आठ चौके जड़े। भारत ए ने पहले ही ओवर में पृथ्वी साव (दो) का विकेट गंवा दिया। शुभमान गिल की गैर मौजूदगी में कप्तानी कर रहे मयंक अग्रवाल ने 42 गेंद में 37 रन बनाए जबकि इशान किशन ने 55 गेंद में 44 रन की पारी खेली। हरफनमौला विजय शंकर ने 53 गेंद में 41 रन बनाए। वहीं सातवें नंबर पर आए कृणाल ने 48 गेंद में 51 रन बनाए।

## मलिक ने दिलाई पाकिस्तान को जीत

### ● बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया

भाषा। लाहौर



अनुभवी शोएब मलिक की नाबाद अर्धशतकीय पारी की मदद से पाकिस्तान ने पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को पांच विकेट से हराया। बांग्लादेश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 141 रन ही बना पाई। पाकिस्तान के लिए भी हालांकि लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं रहा और उसने मलिक की नाबाद 58 रन की पारी की बदौलत 19.3 ओवर में पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। पाकिस्तान ने इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई। पाकिस्तान को टी20 में अपनी नंबर एक रैंकिंग बरकरार रखने के लिए इस श्रृंखला में हर हाल में 3-0 से जीत दर्ज करनी होगी। अगले दोनों मैच भी लाहौर में ही शनिवार और सोमवार को खेले जाएंगे। मलिक ने अपनी 45 गेंद की पारी में पांच चौके लगाए। उनके अलावा अपना पहला मैच खेल रहे अहसान अली ने 36 रन का योगदान दिया। बांग्लादेश की तरफ से सैफुअल इस्लाम ने दो विकेट लिए। इससे पहले बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद नईम (41 गेंदों पर 43) और तमीम इकबाल (34 गेंदों पर 39) ही पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों का डटकर सामना कर पाए। नईम ने दो छक्के और तीन चौके तथा तमीम ने चार चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान महमुदुल्लाह ने 14 गेंदों पर 19 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से शाहीन शाह अफरीदी, हारिस रऊफ और शादाब खान ने एक एक विकेट लिया।

## टेबल टेनिस ओलंपिक क्वालीफायर में भारतीय पुरुष और महिला टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन

**गोंडोमर (पुर्तगाल)।** भारतीय पुरूष और महिला टेबल टेनिस टीमों को ओलंपिक क्वालीफायर्स के प्री-क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां क्रमशः स्लोवेनिया और रोमानिया से हार का सामना करना पड़ा जिससे उनका तोक्यो में होने वाले खेलो के लिए क्वालीफाई करना मुश्किल हो गया है। सत्रहवी वरीयता प्राप्त महिला टीम ने रोमानिया को कड़ी चुनौती दी लेकिन उन्हें 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। पांचवी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने हालांकि ज्यादा निराशा किया जिसे 11वीं वरीयता प्राप्त स्लोवेनिया ने 3-1 से हराया। भारतीय पुरूष खिलाड़ियों ने युगल में जीत से शुरूआत की लेकिन जी साथियान और हरमीत देसाई की एकल मे हार ने टीम को मुश्किल स्थिति में डाल दिया। टीम अगर क्वार्टर फाइनल में जीतती तो उसे ओलंपिक का टिकट मिल जाता लेकिन अब उसे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए प्लेट डिविजन मे जीत दर्ज करनी होगी। प्लेट डिविजन मे अंतिम 16 में हारने वाली सभी टीमें होगी। विश्व रैंकिंग में 40वें स्थान पर काबिज डारको जोरकिच ने जी साथियान (विश्व रैंकिंग 30) को 11-9, 12-10, 11-3 और शरत कमल (विश्व रैंकिंग 33) को 10-12, 11, 12-10, 11-8 से हराकर स्लोवेनिया को यादगार जीत दिलाई। महिला टीम ने हालांकि बेहतर संघर्ष किया मनिका बत्रा अपना पहला मुकाबला 7-11, 12-10, 11-9, 11-7 से जीतने के बाद निर्णायक मुकाबले में हार गई। इस टीम ने हालांकि अंतिम 32 में स्वीडन जैसी मजबूत टीम को शिकस्त दी थी।

## न्यूजीलैंड को हराकर ग्रुप में शीर्ष पर रहा भारत अंडर-19

### ●डकवर्थ लुईस पद्वति से 44 रन से हराया

भाषा। ब्लोमफोंटेन

सलामी बल्लेबाजों के अर्धशतकों के बाद स्पिनर रवि बिश्नोई और अथर्व अंकोलेकर की शानदार गेंदबाजी से भारत अंडर-19 ने शुक्रवार को यहां बारिश से प्रभावित मैच में न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्वति से 44 रन से हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर जब 21 ओवर में बिना किसी नुकसान के 103 रन बनाए थे तभी बारिश आ गई। इसके बाद जब खेल शुरू हुआ तो मैच 23-23 ओवर का कर दिया गया। भारत ने यशस्वी जायसवाल (नाबाद 57) और दिव्यांश (नाबाद 52) की शानदार पारियों से बिना किसी नुकसान के 115 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम को इस तरह से डकवर्थ लुईस पद्वति से जीत के लिए 192 रन का लक्ष्य मिला। उसने धमाकेदार शुरुआत की और एक समय उसका स्कोर दो विकेट पर 99 रन था लेकिन तेजी से रन बनाने के प्रयास में बाद में उसके विकेट उखड़ते गए और आखिर में पूरी कीवी टीम 21 ओवर में 147 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के चार बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें सलामी बल्लेबाज रियास मारियू ने सर्वाधिक 42 रन बनाए जबकि फर्गुस लेलमैन ने 31 रन का योगदान दिया। भारत की तरफ से लेग स्पिनर बिश्नोई ने 30 रन देकर चार और बाएं हाथ के स्पिनर अंकोलेकर ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय टीम ने इस तरह से ग्रुप ए में अपने सभी तीन मैच जीतकर शीर्ष पर रहकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड की टीम हार के बावजूद क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित करने में सफल रही।

## हैदराबाद ने मुंबई को बराबरी पर रोका

**हैदराबाद।** कप्तान मार्को स्टानकोविच के इंजुरी टाइम मे पेनल्टी पर दागे गए गोल की बदौलत मेजबान हैदराबाद एफसी ने हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मे शुक्रवार को यहां मुम्बई सिटी एफसी को1-1 से ड्रॉ पर रोका। मुंबई के मोहम्मद लार्बी ने 43वें मिनट मे पेनल्टी पर गोल करके1-0 की बढ़त दिला दी थी, लेकिन हैदराबाद ने उसकी पूरे अंक हासिल करने की तमन्ना पूरी नही होने दी। स्टानकोविच ने अंतिम सीटी बजने से कुछ देर पहले (90+4 मिनट) गोल किया। मुंबई सिटी एफसी को 14 मैचों में पांचवी बार अंक बांटने पर मजबूर होना पड़ा है। मुम्बई के अब 20 अंक हो गए है, लेकिन वह अभी पांचवे नंबर पर ही बरकरार है। हैदराबाद ने पिछले 14 मैचों में तीसरा ड्रा खेला। उसकी टीम पिछले 12 मैचो मे एक भी जीत दर्ज नही कर पाई। उसकी टीम छह अंक के साथ सबसे निचले पायदान पर है।

## क्राउले का अर्धशतक, दक्षिण अफ्रीका ने की वापसी

भाषा। जोहानिसबर्ग

**इंग्लैंड ने खराब रोशनी के कारण खेल समाप्त घोषित किए जाने तक चार विकेट पर 192 रन बनाए**

जैक क्राउले की पहली अर्धशतकीय पारी से शानदार शुरुआत करने वाले इंग्लैड को दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी सत्र मे चार झटके देकर चौथे और अंतिम टेस्ट मैच के बारिश से प्रभावित पहले दिन अच्छी वापसी की। इंग्लैड ने खराब रोशनी के कारण खेल समाप्त घोषित किए जाने तक चार विकेट पर 192 रन बनाए। अपना चौथा टेस्ट खेल रहे क्राउले 112 गेद मे 66 रन बनाने के साथ डाम सिबले (44) के साथ पहले विकेट के लिए 107 रन जोड़े। पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के तेज गेदबाज बेउरान हेंड्रिक्स (43 रन पर एक विकेट) ने सिबले को पवेलियन भेजकर इस साझेदारी को तोड़ा। हेंड्रिक्स को कैगिसो रबाडा की जगह टीम मे शामिल किया गया जिन पर आईसीसी ने एक मैच का प्रतिबंध लगाया था। बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण टास मे विलंब हुआ। श्रृंखला मे 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैड ने टास जीत कर बल्लेबाजी का फैसला किया जिसे सलामी बल्लेबाजो ने सही सबित किया। टीम चाय के समय बिना किसी नुकसान के100 रन बना लिए थे। दिन के आखिरी सत्र मे हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने वापसी की। अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे तेज गेंदबाज वेर्नोन फिलैंडर (37 रन पर एक विकेट) ने क्रावले को पवेलियन भेजा। एनरिच नोर्जे और डेन पेटरसन को भी एक-एक सफलता मिली। खराब रोशनी के कारण खेल रोके जाते समय कप्तान जो रूट 25 और ओली पोप 22 रन पर खेल रहे थे।


बेन निराश

# सेरेना व ओसाका बाहर, कोको आगे बढ़ी

● आस्ट्रेलियाई ओपन
● सिलिच,नोवाक भी जीते, फेडरर की संघर्षपूर्ण जीत

भाषा। मेलबर्न







अमेरिका की अनुभवी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स शुक्रवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन में चीन की वांग कियांग से हार कर टूर्नामेंट से बाहर हो गई तो वही 15 साल की किशोर खिलाड़ी कोको गॉ ने गत चैम्पियन नाओमी ओसाका का सफर खत्म कर उलटफेर किया। पुरूष एकल में दिग्गज रोजर फेडरर संघर्षपूर्ण जीत के साथ अगले दौर में पहुंचे जबकि गत विजेता नोवाक जोकोविच को ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। सेरेना को अपने 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब के लिए अभी लंबा इंतजार करना होगा जिन्हें तीसरे दौर में 27वीं वरीयता प्राप्त कियांग ने 6-4, 6-7, 7-5 से मात दी। सेरेना सात बार यहां खिताब जीत चुकी है लेकिन 2006 में तीसरे दौर में बाहर होने के बाद पहली बार इतनी जल्दी उनकी रवानगी हुई है। पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन में खेल रही गैरवरीय कोको ने जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ओसाका को तीसरे दौर के मुकाबले में 6-3, 6-4 से हराया। इस जीत के साथ ही कोको ने यूएस ओपन में इस खिलाड़ी से मिली हार का बदला भी ले लिया। सेरेना जहां 38 साल की हो गई है वही कोको उनसे 23 साल छोटी है। दोनों के खेल में टेनिस के भूतकाल और भविष्य की झलक दिखी। सेरेना की सहेली और दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी कैरोलिन वोज्नियाकी ने आस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में मिली हार के साथ अश्रुपूरित नेत्रों से टेनिस को अलविदा कह दिया। वोज्नियाकी ने दिसंबर में ही कह दिया था कि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्हें ट्यूनीशिया की ओंस जाबुर ने 7-5, 3-6, 7-5 से हराया। इसके साथ ही उनके सुनहरे करियर का अंत हो गया जिसमें उन्होंने 30 डब्ल्यूटीए खिताब जीते। उन्होंने एकमात्र ग्रैंडस्लैम 2018 में आस्ट्रेलियाई ओपन जीता था। विश्व रैंकिंग में 78वें स्थान पर काबिज जाबुर से मिली हार के बाद वह अपने आंसू नहीं रोक सकी। मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उनकी आंखें लाल और सूजी हुई थी। उन्होंने मजाक में कहा , मैने फोरहैंड पर गलती के साथ अपना कैरियर खत्म किया। मैं अपने पूरे कैरियर में इन चीजों पर मेहनत करती रही हूं। रिकार्ड आठवां खिताब जीतने के लिए उतरे जोकोविच ने शानदार फार्म जारी रखते हुए आस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में जगह बना ली। सर्बिया के इस खिलाड़ी ने जापान के योशिहितो निशिओका को 6-3, 6-2 , 6-2 से मात दी। वह 50वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के अंतिम 16 में पहुंचे हैं जबकि रोजर फेडरर यह कमाल 67 बार कर चुके हैं। अब उनका सामना 14वीं वरीयता प्राप्त डिएगो श्वार्त्जमैन से होगा जिन्होंने सर्बिया के डुसान लाजोविच को 6-2, 6-4, 7-6 से हराया। जोकोविच अगर आस्ट्रेलियाई ओपन जीतते हैं तो एक ही खिताब आठ या अधिक बार जीतने वाले वह रफेल नडाल (12 बार फ्रेंच ओपन) और फेडरर (आठ बार विम्बलडन) के बाद तीसरे खिलाड़ी होंगे। छह बार के चैम्पियन फेडरर को हालांकि अगले दौरे में पहुंचने के लिए काफी एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ा। स्विट्जरलैंड के इस खिलाड़ी को आस्ट्रेलियाई ओपन के अपने 100वें मैच में जान मिलमैन से कड़ी चुनौती मिली। फेडरर ने 4-6, 7-6, 6-4, 4-6, 7-6 से मुकाबला जीतकर अपना 21वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने का ख्वाब जिंदा रखा। आस्ट्रेलियाई ओपन के पूर्व उपविजेता मारिन सिलिच ने नौवीं वरीयता प्राप्त रॉबर्टो बॉतिस्ता आगुट को पांच सेट तक चले मुकाबले में हराकर अंतिम 16 में जगह पक्की की। क्रोएशिया के 31 साल के इस गैरवरीय खिलाड़ी ने मेलबर्न एरेना में खेले गए मुकाबले में स्पेन के आगुट को चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में 6-7, 6-4, 6-0, 5-7, 6-3 से हराया। क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए उन्हें कनाडा के 32 वीं वरीयता प्राप्त मिलोस राओनिच की चुनौती से पार पाना होगा। राओनिच ने छठी वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सिटिसिपास को 7-5, 6-4, 7-6 से हराकर उलटफेर किया। इटली के फैबियो फोगनिनि ने अर्जेंटीना के गुइडो पेल्ला की चुनौती को 7-6, 6-2, 6-3 से खत्म की।



## वोज्नियाकी ने टेनिस को अलविदा कह दिया





## दिविज शरण बाहर

**मेलबर्न।** भारत के दिविज शरण और न्यूजीलैंड के अर्टेम सिटाक आस्ट्रेलियाई ओपन पुरूष युगल वर्ग में ब्रूनो सोरेस और मैट पेविच से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गए। शरण और सिटाक ने ब्राजील के सोरेस और क्रोएशिया के पेविच के खिलाफ मुकाबला 6-7, 3- 6 से गंवाया। इसके साथ ही पुरूष युगल में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। रोहन बोपन्ना बुधवार को ही हारकर बाहर हो गए थे। दो साल बाद कोर्ट पर लौटी सानिया मिर्जा पैर में चोट के कारण महिला युगल पहले दौर से बाहर हो गई। उन्होंने मिश्रित युगल से भी नाम वापिस ले लिया। बोपन्ना अब यूक्रेन की नादिया किचेनोक के साथ मिश्रित युगल खेलेंगे। उनका पहले दौर मे सामना फ्रांस के निकोलस माहुत और चीन की झांग शाइ से होगा।

## दिव्यांग खिलाड़ी वास्तविक नायक : विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने दिव्यांग खिलाड़ियों को वास्तविक नायक करार देते हुए शुक्रवार को स्पेशल ओलंपिक भारत को पूर्ण सहयोग का वादा किया। विजेंदर ने एक कार्यक्रम मे इन विशिष्ट खिलाड़ियों को अपने सहयोग का वादा करते हुए कहा कि उन्हें आलोचनाओं की परवाह नही करनी चाहिए। खेल मे जीतना और हारना उतना महत्वपूर्ण नही है जितना प्रयास करना है। मेरा मानना है जब आप जीत दर्ज करते हो तो आप कुछ नही सीखते। आप जब हारते हो तो तब सीखते हो। आपको वास्तविक तस्वीर का पता चलता है। हार से आपको काफी कुछ सीखने को मिलता है। मै भविष्य मे इस शानदार प्रतियोगिता का हिस्सा बनना चाहूंगा।

## पोंक्रातोव, रोजुम चेन्नई ओपन में संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**चेन्नई।** रूस के पावेल पोंक्रातोव और इवान रोजुम शुक्रवार को 12वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर के बाद साढ़े सात अंक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गए। शीर्ष वरीय पोंक्रातोव ने युक्रेन के ग्रैंडमास्टर स्टानिस्लाव बोगदानोविच (सात अंक) को आठवे दौर के मुकाबले मे हराया। सातवे दौर के बाद बोगदानोविच एकल बढ़त के साथ शीर्ष पर थे। रोजुम ने भारतीय खिलाड़ी जिम्मी जुबिन को हराया। भारत के एमआर वेंकटेस, वी विष्णु प्रसन्ना और एएल मुथैया कुछ अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। चेन्नई के छात्र जीबी हर्षवर्धन के साथ जुबिन और एस रोहित कृष्णा अंतरराष्ट्रीय मास्टर नार्म हासिल करने में सफल रहे। टूर्नामेंट का आखिरी दौर शनिवार को खेला जाएगा।

## लाहिड़ी संयुक्त 119वें स्थान पर

**सैन डिएगो।** भारत के अनिर्बान लाहिड़ी फार्मर्स इंश्योरेंस ओपन गोल्फ के पहले दौर के बाद संयुक्त 119वें स्थान पर रहे। उन्होंने 14वें से 17वें स्ट्रेच पर तीन बार बोगी और एक डबलबोगी किया। उनका स्कोर तीन ओवर 75 रहा। टाइगर वुड्स ने रिकार्ड 83वें पीजीए टूर खिताब की ओर कदम बढाते हुए शुरूआती दौर मे 2011 के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन अंडर 69 का स्कोर किया और वह संयुक्त 21वे स्थान पर है। साउथ कोर्स पर सेबेस्टियन केप्पेलेन और नार्थ कोर्स पर कीगन ब्राडले पहले दौर के बाद शीर्ष पर है।

## पूर्व फुटबाल दिग्गज पीके बनर्जी को अस्पताल से छुट्टी मिली

**कोलकाता।** बीमारी के कारण यहां के एक अस्पताल में भर्ती हुए पूर्व भारतीय दिग्गज फुटबालर पीके बनर्जी को शुक्रवार को छुट्टी दे दी गई। अस्पताल से जारी बयान में कहा गया, उन पर उपचार का अच्छा असर हुआ और उनकी स्थिति स्थिर है। उन्हें आज मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल से छुट्टी देने की सलाह दी गई है। अस्पताल से छुट्टी के बाद उन्हें फिजियोथेरेपी लेने की सलाह दी गई है। इस 83 साल के खिलाड़ी को 21 जनवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। राष्ट्रीय टीम का यह पूर्व कप्तान शरीर में जरूरी तत्वों की कमी के साथ मूत्र समस्या, पार्किंसंस रोग, भूलने की बीमारी से ग्रसित थे।

# आनंद ने वितुइगोव से ड्रा खेला, कारूआना को बढ़त



● टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स

भाषा। विज्क आन जी।

विश्वनाथन आनंद ने टाटा स्टील शतरंज मास्टर्स के दसवें दौर में रूस के निकिता वितुइगोव से ड्रा खेला जिससे शीर्ष तीन में रहने की उनकी संभावना भी खत्म हो गई। अमेरिका के फेबियानो कारूआना ने अलीरजा फिरोजा को हराकर एकल बढत बना ली है। अब 13 दौर के इस टूर्नामेंट के सिर्फ तीन दौर बाकी है। कारूआना के सात अंक है जबकि कार्लसन उनसे आधा अंक पीछे है। आनंद के 4 . 5 अंक हैं। चैलेंजर वर्ग में डेविड एंटोन गुजारो ने दस मैचों में सात अंक लेकर एकल बढ़त बना ली है। उन्होंने यूक्रेन के पावेल एजानोव को हराया। भारत के सूर्यशेखर गांगुली के छह अंक है जिन्होंने हमवतन निहाल सरीन से ड्रा खेला।

## अधिबान, नारायणन की प्रभावी जीत



**जिब्राल्टर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर बी अधिबान और एस एल नारायणन ने जिब्राल्टर शतरंज टूर्नामेंट के मास्टर्स वर्ग के तीसरे दौर में प्रभावी जीत दर्ज की। जार्जिया के इवान चेपारिनोव , अर्जेंटीना के क्रिसा लिएंड्रो, अजरबैजान के वासिफ डुराखेली, इटली के पीयर लुइगी बास्सो और रूस के मकसिम चिगाएव तीन अंक लेकर उनसे आगे है।
बिजली गुल होने के कारण करीब एक घंटे तक खेल बाधित रहा। शीर्ष वरीयता प्राप्त शखरियार मामेदियारोव को फ्रांस के ग्रैंडमास्टर जुलेस मूसार्ड ने ड्रा पर रोका। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के मैक्सिक वाचिएर लाग्रेव ने इस्राइल के ताल बारोन को हराया। अधिबान और नारायणन के अलावा वैभव सूरी और कार्तिकेयन मुरली के भी ढाई अंक है। अधिबान ने बुल्गारिया के मार्टिन पेट्रोव को और नारायणन ने चीन के तिंगजी लेइ को मात दी। युवा ग्रैंडमास्टर रैनक साधवानी ने डेविड नवारा से अंक बांटे। युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने अंतरराष्ट्रीय मास्टर पद्मिनी राउत को हराया। डी गुकेश को एड्रियन जी ने ड्रा पर रोका। वैभव सूरी ने मौजूदा एशियाई चैम्पियन ली कुआंग लिएम से ड्रा खेला। वही मुरली ने ओरि कोबो से ड्रा खेला। अनुभवी ग्रैंडमास्टर के शशिकिरण ने तीन मे से दूसरी बाजी ड्रा खेली। उन्हे महिला ग्रैंडमास्टर नतालिया पोगोनिना ने ड्रा पर रोका।

# खेल मंत्रालय लगभग 1500 प्रशिक्षकों की भर्ती करेगा : रीजीजू

भाषा। नई दिल्ली



खेल मंत्री कीरेन रीजीजू ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने मौजूदा खाली पदो को भरने और देश के खिलाड़ियों के लिए पूरा सहयोग सुनिश्चित करने के लिए लगभग 1500 प्रशिक्षकों की भर्ती करने का फैसला किया है। रीजीजू ने राष्ट्रीय बालिका दिवस के कार्यक्रम से इतर कहा, प्रशिक्षकों के लगभग 1500 पद रिक्त है जिनको हम तकनीकी कारणों से नही भर पाए थे। इसलिए हमने आगामी दिनों में इन पदो को भरने का फैसला किया है। हम आठ साल की अविध तक इंतजार नही करना चाह रहे है और सहायक प्रशिक्षकों को कुछ साल के बाद उनके सेवा रिकार्ड के आधार पर पदोन्नत करेंगे, ताकि कोचों की कोई कमी न हो। हम प्रतिष्ठित विदेशी प्रशिक्षकों को उनके वेतन पर गौर किए बिना काम पर रख रहे है। भारतीय खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए धन की कोई कमी नही होगी। भारत में कुछ बहुत अच्छे प्रशिक्षक और कोच है और हम उन्हें भी काम पर रख रहे है। इस सप्ताह समाप्त हुए खेलो इंडिया युवा खेलों के बारे में खेल मंत्री ने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि खेलो इंडिया खेलो अंडर-21 के दौरान कई राष्ट्रीय रिकार्ड टूटे। इनमें से कुछ खिलाड़ी ओलंपिक और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे भाग लेंगे।

## भुल्लर ने कट में जगह बनाई, शुभंकर चूके

**दुबई।** भारत के गगनजीत भुल्लर ने शुक्रवार को यहां एक अंडर 71 का कार्ड खेलकर ओमेगा दुबई डेजर्ट क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाई लेकिन शुभंकर शर्मा दूसरे दौर मे तीन ओवर 75 का कार्ड खेलने से कट से चूक गए। भुल्लर ने 17वें होल में बर्डी बनाई और 36 होल के बाद उनका स्कोर इवन पार 144 है। वह अभी संयुक्त 32वें स्थान पर है। शुभंकर ने पहले दौर में 77 का कार्ड खेला। उन्होंने दो बर्डी से शुरुआत की लेकिन अंतिम नौ होल मे उनका प्रदर्शन अच्छा नही रहा और आठ ओवर 152 के स्कोर के कारण वह जल्दी बाहर हो गए।

## बंगाल ने दिल्ली के खिलाफ मैच के लिए तिवारी को कप्तान बनाया

**कोलकाता।** वरिष्ठ बल्लेबाज मनोज तिवारी को दिल्ली के खिलाफ सोमवार से होने वाले रणजी मैच के लिए शुक्रवार को फिर से बंगाल का कप्तान नियुक्त किया गया। नियमित कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन की अनुपस्थिति के कारण तिवारी को यह जिम्मेदारी सौपी गई है। उन्हें सत्र के शुरू मे तिवारी की जगह कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन अभी वह भारत ए टीम के साथ न्यूजीलैंड के दौरे पर है। बंगाल क्रिकेट संघ ने तिवारी से टीम की अगुवाई करने का आग्रह किया और उन्होंने इसे स्वीकार कर दिया। तिवारी ने कल्याणी मे खेले गए पिछले मैच मे हैदराबाद के खिलाफ नाबाद 303 रन बनाए थे। इससे बंगाल ने 303 रन से बड़ी जीत दर्ज की।

## बंगाल के खिलाफ मैच से पहले बवाल : डीडीसीए के कार्यवाहक अध्यक्ष पर हस्तक्षेप का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रणजी टीम बंगाल के खिलाफ कोलकाता मे होने वाले रणजी मैच से पहले चयन विवाद मे फंस गई क्योंकि टीम मे तेज गेंदबाज अंकित बेनीवाल के रूप मे अतिरिक्त सदस्य जोड़ा गया है और कार्यवाहक अध्यक्ष राकेश बंसल पर चयन मामलों मे हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया गया है। संयोग से बंसल बीसीसीआई के पूर्व उपाध्यक्ष स्नेह बंसल के छोटे भाई है जिन्हें भ्रष्टाचार के आरोप मे डीडीसीए से बर्खास्त किया गया था। डीडीसीए अधिकारियों और चयनसमिति के करीबी सूत्रों के अनुसार कोच भास्कर पिल्लै और कप्तान ध्रुव शोरे दोनो चयन बैठक मे नही आए क्योंकि वह इस खिलाड़ी के चयन का हिस्सा नही बनना चाहते थे।
खेल मुक्केबाजी लीड भारत

## हस्समुद्दीन फाइनल में, सोनिया ने स्ट्रैंद्जा मुक्केबाजी में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज मोहम्मद हसमुद्दीन (57 किग्रा) ने शुक्रवार को यहां बुल्गारिया के सोफिया मे चल रहे 71वें स्ट्रैंद्जा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल मे जगह पक्की की जबकि विश्व चैम्पियनशिप की पूर्व रजत पदकधारी सोनिया लाठेर (57 किग्रा) को सेमीफाइनल में उक्रेन की लुलिया साइप्लाकोवा से हारकर कांस्य पदक से संतोष कराना पड़ा। राष्ट्रमंडल खेलों के कांस्य पदकधारी हसमुद्दीन को सेमीफाइनल मे उक्रेन के मयकोला बुत्सेनको से भिड़ना था लेकिन उनका प्रतिद्वंद्वी हाथ मे चोट के कारण वह रिंग मे नही उतरा। टूर्नामेंट मे 2017 मे रजत पदक जीतने वाल हसमुद्दीन के पास इस बार अपने पदक का रंग बदलने का मौका होगा।

## क्रिप्सा एफसी और सेतु एफसी ने आईडब्ल्यूएल में जीत से शुरुआत की

बेंगलुरू। मौजूदा चैंपियन सेतु एफसी और क्रिप्सा एफसी ने चौथे हीरो भारतीय महिला फुटबाल लीग (आईडब्ल्यूएल) मे शुक्रवार को यहां बड़ी जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की। सेतु एफसी ने बेंगलोर फुटबाल स्टेडियम मे खेले गए मैच मे कोल्हापुर एफसी को 5-0 से हराया। सेतु एफसी की तरफ से अमसावल्ली ने 18वें मिनट मे पहला गोल किया जबकि संध्या ने दूसरे हाफ मे हैट्रिक बनाई। के सुमित्रा ने भी एक गोल दागा। इससे पहले क्रिप्सा एफसी ने किक्स्टार्ट एफसी कर्नाटक को 4-0 से हराया। डांगमेई ग्रेस ने विजेता टीम की तरफ से दो गोल किए जबकि अंजू तमांग और रतनबाला देवी ने भी गोल दागे। इससे क्रिप्सा ने एकतरफा जीत दर्ज की। क्रिप्सा ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। स्वीटी देवी ने रक्षापंक्ति को अच्छी तरह से संभाला तो रतनबाला ने आक्रमण की कमान संभाली। कप्तान डांगमेई ग्रेस मध्यपंक्ति मे अपनी प्रतिद्वंद्वियो पर भारी पड़ी जिससे उनकी टीम पूरे अंक हासिल करने में सफल रही।

## तमिलनाडु, पीएसपीबी और केंद्रीय सचिवालय को मिली जीत

**झांसी।** तमिलनाडु, पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) और केंद्रीय सचिवालय ने दसवी हाकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैपियनशिप (ए डिवीजन) के दूसरे दिन शुक्रवार को अपने अपने मैच जीते। तमिलनाडु ने पूल ए के मैच में चंड़ीगढ़ को 5-2 से जबकि पीएसपीबी ने पूल बी में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की टीम को 3-। से हराया। पूल बी के एक अन्य मैच मे केंद्रीय सचिवालय ने केंद्रीय आरक्षी पुलिस बल (सीआरपीएफ) को 4-। से पराजित किया लेकिन पंजाब अपना विजय अभियान जारी नही रख सका। उसने पूल ए मे मेजबान उत्तर प्रदेश से गोलरहित ड्रा खेला।

# घरेलू चरण में दम दिखाएंगे अवध के वॉरियर्स

● लखनऊ में पीबीएल कल से, हैदराबाद हंटर्स से होगा सामना

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



चेन्नई में शुक्रवार को पहले चरण की समाप्ति के बाद अब शनिवार से लखनऊ में दूसरे चरण के मुकाबले खेले जाएंगे और मेजबान होने के नाते अवध वॉरियर्स टीम चेन्नई चरण में मिली शानदार शुरुआत को अपने घर में भी जारी रखना चाहेगी।
चेन्नई चरण में गुरुवार को अवध वॉरियर्स ने नॉर्थईस्टर्न वॉरियर्स को 4-3 से हराकर पांचवें सीजन का शानदार आगाज किया था। अपने घरेलू चरण में अवध वॉरियर्स को 26 जनवरी रविवार को हैदराबाद हंटर्स के साथ भिड़ना है। इसके बाद 28 जनवरी को उसे मुम्बई रॉकेट्स का सामना करना है। ये दो मुकाबले उसके लिए अहम होंगे क्योंकि घरेलू दर्शकों की हौसलाअफ्जाई के बीच इन्हें जीतकर अवध वॉरियर्स टीम खुद को सात टीमों की अंक तालिका में शीर्ष-4 में बनाए रख सकती हैए जो आगे लम्बा चलने वाले तीसरे और अंतिम चरण के लिहाज से उसके लिए फायदेमंद होगा। नॉर्थईस्टर्न वॉरियर्स के खिलाफअवध वॉरियर्स ने शानदार वापसी करते हुए जीत हासिल की थी। घरेलू चरण में शुभांकर के अलावा अवध वॉरियर्स के लिए दूसरा ट्रम्प मैच जीतने वाली को सुंग ह्यून और शिन बायेक चेयोल की जोड़ी घरेलू चरण के मुकाबलों के लिहाज से अहम साबित होगी। घरेलू चरण से पहले शुभांकर ने कहा कि यह मेरे तथा टीम के लिए शानदार शुरुआत है। पीछे से आकर मैच जीतना काफी महत्वपूर्ण है। इसके अलावा क्रिस्टीना पेडरसन और ह्यून मिश्रित युगल में जीत का क्रम जारी रखना चाहेंगे। महिला एकल में बेइवेन झांग को मिशेल ली के खिलाफएक संघर्षपूर्ण हार मिली थी लेकिन झांग अपने खेल का स्तर ऊंचा उठाते हुए अवध वॉरियर्स के लिए योगदान देना चाहेंगी। इसी तरह पुरुष एकल मुकाबले में वोंग लिंग की विन्सेंट को भी हार मिली थी लेकिन वह भी अपने खेल में सुधार करते हुए घरेलू चरण में अपनी टीम की जीत में योगदान देना चाहेंगे। बाबू बनारसी दास यूपी बैडमिंटन अकादमी स्टेडियम में लखनऊ चरण की शुरुआत 26 जनवरी को मेजबान टीम के मैच के साथ होगी और फिर 27 जनवरी को पुणे 7 एसेज और बेंगलुरू रैप्टर्स टीमों का सामना होगा। इसके बाद फिर इस चरण के अंतिम दिन मेजबान अवध वॉरियर्स का सामना मुम्बई रॉकेट्स से होगा।

# शिकायत करने के बजाय व्यस्त कार्यक्रम से सामंजस्य बिठाना सिंधू का काम : गोपीचंद

भाषा। कोलकाता



मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने स्वीकार किया है कि बीडब्ल्यूएफ के व्यस्त कार्यक्रम के कारण परेशानियां हो रही हैं लेकिन इसके साथ ही उनका मानना है कि पी वी सिंधू जैसी खिलाड़ी को इसको लेकर शिकायत करने के बजाय इससे सामंजस्य बिठाना होगा। सिंधू ने पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता लेकिन वह कोई अन्य टूर्नामेंट नहीं जीत पाई। गोपीचंद ने यहां एक कार्यक्रम से इतर पीटीआई से कहा, मेरा मानना है कि व्यस्त कार्यक्रम शीर्ष खिलाड़ियों के लिए समस्या रहा है लेकिन यह मसला सभी खिलाड़ियों से जुड़ा है। शीर्ष खिलाड़ी होने के नाते यह उसका (सिंधू) का कर्तव्य है कि वह शिकायत किए बिना इससे सामंजस्य बिठाए। सिंधू अपनी कुछ गलतियों पर काम कर रही है और उम्मीद है कि हम इनका समाधान निकालने में सफल रहेंगे। गोपीचंद को विश्वास है कि सिंधू ओलंपिक के समय पासा पलटने में सफल रहेगी। हमारे पास अच्छी टीम है जिसमें कोच के रूप में पार्क (ताइ सैंग) हैं, हमारे पास श्रीकांत ट्रेनर है और फिजियो हैं। उम्मीद है कि आने वाले महीनों और ओलंपिक से पहले हम अच्छी तैयारी करेंगे। निश्चित तौर पर हमें खेल के कुछ पहलुओं पर काम करना होगा और उम्मीद है कि हम जल्द ही उस मुकाम तक पहुंचेंगे। गोपीचंद को उम्मीद है कि रियो ओलंपिक की रजत पदक विजेता सिंधू तोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने में सफल रहेगी। उसके पास पदक जीतने का अच्छा मौका है।

## साइना, सिंधू को एक साथ संभालना मुश्किल था: गोपीचंद

**कोलकाता।** भारतीय बैडमिंटन के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद ने शुक्रवार को यह माना कि साइना नेहवाल और पीवी सिंधू को एक साथ संभालना उनके लिए मुश्किल था और वह इन दोनो खिलाड़ियों में से किसी एक को अपना चहेता नही चुन सकते। गोपीचंद ने टाटा स्टील साहित्य उत्सव समारोह में कहा, मै सपने में भी यह नही कह सकता हूं कि दोनो में से कोई एक मेरा चहेता है। मेरे लिए यह मुश्किल था लेकिन मै संभालने में सफल रहा। दोनो का सफर अलग-अलग है और दोनो अपने तरीके से चैम्पियन है। गोपीचंद ने एक बार फिर कहा उन्होने दोनों खिलाड़ियों को अपने बच्चे की तरह माना और तब बुरा लगा जब साइना ने प्रकाश पादुकोण अकादमी से जुड़ने के लिए उनकी अकादमी छोड़ दी थी। अगर मै किसी को अपना छात्र बनाता हूं तो उसे अपने बच्चे जैसा मानता हूं। मुझे साइना के अकादमी छोड़ने से काफी पीड़ा हुई।

## वोवीनाम 27 से

**लखनऊ।** वोवीनाम मार्शल आर्ट की 10वीं राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन गुजरात के आनन्द शहर में 27 से 30 जनवरी को युगपुरूष विवेकानन्द स्पोर्टस कॉम्पलेक्स में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसोसिएशन राष्ट्रीय महासचिव प्रवीन गर्ग ने दी। प्रतियोगिता में विभिन्न 26 प्रदेशो से 600 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। उत्तर प्रदेश से 55 सदस्यीय दल कल लखनऊ से रवाना होगा। प्रदेश टीम इन्चार्ज जिला सचिव प्रमोद तिवारी टीम कोच व रेफरी के रूप में प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश टीम-क्षमेन्द्र प्रताप, किशन सिंह, आशुतोष मालवीय , विनीत सिंह , मनीश गुप्ता अभिजीत सिंह , रिशभ कुमार, प्रियान्शी दीक्षित शिवम दिक्षित , कुवर सूर्य प्रताप सिंह , सन्नी रावत , कमलेश कुमार , आर्यन श्रीवास्तव, अखिल कार्तिके, गुलशन राज , कुशागरा मिश्रा , प्रिन्स श्रीवास्तव, इशान अग्रवाल क्रिश कार्तिके , कृष्णा तिवारी , नितिक नवीन , राजवी सिंह , खुशबू साहु , रागिनी गौतम , यशटी वर्मा , अनन्या शुक्ला , मान्सी जायसवाल , अनुज शर्मा, शरमिश्ठा मिश्रा , आदर्श प्रजापति , उत्कर्श वर्मा , अभ्यान्श निगम , अनन्त तिवारी , सुमित नामदेवी , अक्षत बाजपेयी , ग्यानेश दुबे , सुशील कुमार , हर्ष कुमार , रविन्द्र , अभय श्रीवास्तव, उपहार पाल , वैभव यादव, अश्वनी श्रीवास्तव, रूद्र प्रताप सिंह ,

# ओलंपिक क्वालीफायर मुक्केबाजी मार्च तक स्थगित

**नई दिल्ली।** चीन मे कोरोना विषाणु (नए किस्म के कोरोना वायरस) से संक्रमण फैलने के कारण मुक्केबाजी की ओलंपिक क्वालीफाईंग प्रतियोगिता को मार्च तक के लिए टाल दिया गया है और इसके नए मेजबान की घोषणा बाद में की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) की मुक्केबाजी कार्य दल (बीटीएफ) ने राष्ट्रीय महासंघो को भेजे संदेश में तारीख में की गई बदलाव के बारे में सूचना दी। आईओसी ने बीटीएफ को ओलंपिक में इस खेल के आयोजन की जिम्मेदारी दी है। बीटीएफ ने कहा, एशियाईओशियाना तोक्यो 2020 मुक्केबाजी क्वालीफाईंग प्रतियोगिता को टाल दिया गया है जिसका आयोजन अब तीन से 11 मार्च 2020 के बीच होगा। बीटीएफ चीन से बाहर किसी मेजबान की तलाश कर रहा है जिसके बारे में राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों, राष्ट्रीय संघो और अधिकारियो को बाद में सूचित किया जाएगा। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट की मेजबानी की पेशकश की है। ए क्वालीफायर तीन से 14 फरवरी को आयोजित किए जाने थे। बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने आईओसी के कार्यबल (मुक्केबाजी) चेयरमैन मोरीनारी वटानबे को लिखे पत्र में कहा, किसी भी कारण से अगर इस प्रतियोगिता को किसी अन्य देश में आयोजित कराना पड़ता है तो भारतीय मुक्केबाजी महासंघ इस एशिया ओसनिया क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता 2020 का आयोजन करने का इच्छुक है। हम इस टूर्नामेंट को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित करने का प्रस्ताव रखते हैं, जहां पर हमने पहले नवंबर 2018 में एआईबीएफ एलीट महिला विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन किया था। अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (एआईबीए) के कथित प्रशासनिक कुप्रबंधन और वित्तीय हेरफेर के बाद आईओसी कार्यबल मुक्केबाजी की ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रक्रिया की देखरेख कर रहा है। बीएफआई के प्रस्ताव को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से भी समर्थन मिला है। आईओए अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने वटानबे को लिखे पत्र में कहा, मेरा आपसे अनुरोध है कि अगर आप बीएफआई की पेशकश पर विचार करते है तो आईओए आईओसी और आपको पूर्ण समर्थन और सहयोग प्रदान करने का आश्वासन देता है।



## अनिल कपूर भी करने लगे टिक-टॉक



अभिनेता अनिल कपूर ने भी अब टिकटॉक पर अपनी रचनाशीलता का प्रदर्शन करने का निर्णय किया है। हास्य फिल्म वेलकम में काम कर चुके अनिल आजकल सोषल मीडिया पर काफी सक्रिय नजर आते हैं और प्राय: अपनी फिल्मों के अपडेट के साथ साथ हास्यपूर्ण वीडियो भी साझा करते हैं। हाल ही में फिल्म मलंग की उनकी सह अभिनेत्री दिषा पाटनी के एक वीडियो के प्रतिउत्तर में उन्होंने कॉफी के अपने व्यसन को लेकर एक वीडियो टिकटॉक पर अपलोड किया था। इस प्रकार वो अब टिकटॉक पर पदार्पण कर चुके हैं। ये ऐप मोबाइल पर बनाए गए छोटे-छोटे वीडियोज़ के लिए बना है। इसमें उन्होंने द कपिल शर्मा शो में अपने पहले आगमन संबंधी वीडियो बनाया है। वो इस टीवी शो पर अपनी फिल्म मलंग का प्रमोषन करने आए थे। उनके साथ मलंग के अन्य कलाकार-आदित्य रॉय कपूर, दिषा पाटनी और कुणाल खेमू भी थे।

## शमा ने दी 26जनवरी की शुभकामनाएं



**कलाकार** शमा सिकंदर ने अपने एक वक्तव्य में बताया है कि 'मैं पूरे देश को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देती हूं। ये महत्वपूर्ण दिन है क्योंकि ये राष्ट्रीय पर्व पूरे देश की एकता का प्रतीक है। मैं सभी से इस दिन झंडारोहण कार्यक्रम में सम्मिलित होने का अनुरोध करती हूं। भारत को अपने देष के गौरवशाली अतीत के बारे में पता होना चाहिये। हम आज एक युवा देष के रूप में पहचाने जाते हैं। लेकिन हमें अपने देष में महिलाओं को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता है।'

## अंगद बेदी को मिला पुलिस से प्रशिक्षण



**अभिनेता** अंगद बेदी ने एकता कपूर की वेब सीरीज़ मुंभाई के लिए शूटिंग प्रारंभ कर दी है। वो इसमें मुंबई पुलिस अधिकारी के रोल की तैयारी कर रहे हैं। इसके लिए वो मुंबई पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने बताया, 'अपनी ऐसी ही तैयारियों के बीच मुझे उन अधिकारियों की कहानियां सुनना सर्वाधिक उत्साहजनक लगा। इन लोगों ने हमेषा ही जोखिमपूर्ण काम किया। मैं इसका रोमांसीकरण न करके उनकी ऊर्जा का सही प्रयोग करने का प्रयास करूंगा जो एक प्रकार से संक्रामक हो सकती है।

## मैट डैमन 'द फोर्स' में बनेंगे जासूस



**अभिनेता** मैट डैमन अब अपनी फिल्म 'फोर्ड वर्सेस फेरारी' के निर्देशक जेम्स मैंगोल्ड के साथ पुन: जुड़ रहे हैं। इस बार वो 'द फोर्स' नामक फिल्म के लिए ऐसा कर रहे हैं। वो इसमें एक जासूस की भूमिका निभाएंगे। मैंगोल्ड डॉन विंस्लो की बेस्टसेलर पुस्तक का रूपांतरण करने का प्रयास 2017 से कर रहे हैं। द फोर्स न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट के भ्रष्ट अधिकारियों पर बनने वाली फिल्म होगी और डैमन इसमें जासूस डेनी मैलोन का चरित्र करेंगे जो एक अपराधों से लड़ने वाले ग्रुप का संचालक है लेकिन उसे भी एक घोटाले में फंसा दिया जाता है। डैमन ने हाल ही में ड्रामा फिल्म 'स्टिल वॉटर' को पूरा किया है जिसे टॉम मैकार्टी ने निर्देषित किया था।

# मानव बस्तियों में एकरूपता मिलती है और प्रकृति में सुंदर विविधता

वन्यजीवन फोटोग्राफर **विक्रम पोद्दार** का कहना है कि सभ्यता वाले स्थान तो कुल मिलाकर एक जैसे ही दिखते हैं लेकिन प्रकृति पूरे विश्व में अलग-अलग रंग प्रस्तुत करती है। प्रस्तुत है उनसे बातचीत पर आधारित टीम पायनियर की रिपोर्ट-



**■ विश्व के सातों महाद्वीपों के वन्य जीवन के बारे में अपने विचार हमसे साझा करते हुए आप क्या कहना चाहेंगे?**

- मैं आपको बताना चाहूंगा कि यदि आप यूरोप का कोई नगर देखेंगे तो आपको उस नगर के इंटीरियर आपको हेलसिंकी, बर्लिन या फ्रैंकफर्ट या फिर वियेना जैसे ही मिलेंगे जिसमें आपको वहां की सड़कें कॉबलस्टोन की बनी मिलेंगी, रोमन गोथिक वास्तु तथा टाउन हॉल्स भी मिलेंगे। यदि आप वहां के नवविकसित नगरों को देखेंगे तो आपको वहां घरों का अग्रभाग शीषे और एल्यूमिनियम के पैनल पर पारंपरिक ढंग से बना मिलेगा। लेकिन यदि आप वहां के फलफूलों, वनों या ग्रामीण क्षेत्रों को देखेंगे तो वे आपको अनूठे लगेंगे। अत: मैं कह सकता हूं कि सभ्यता वाले स्थान समान तथा प्राकृतिक सुंदरता वाले स्थान हर देश में भिन्न प्रकार के मिलते हैं।

**■ विश्व भ्रमण के दौरान आपका सबसे बड़ा अनुभव क्या रहा है?**

- अब ध्रुवीय क्षेत्रों में प्राकृतिक आवास घटते तथा बर्फपिघलती जा रही है। अत: यदि हमें इन्हें बनाए रखना है तो हमें इन्हें अकेला छोड़ देना चाहिये। यदि हम ऐसा करेंगे तो प्रकृति अपने ढंग से स्वयं को ठीक कर लेगी। वन्यजीवन को भी बनाए रखने का सबसे प्रभावी ढंग यही है।

**■ आप सोनी बीबीसी अर्थ के शो 'सेवेन वर्ल्ड्स वन प्लैनेट' को कितना प्रासंगिक मानते हैं?**

- मैंने पहले भी नगरीय क्षेत्रों की समानता तथा वनक्षेत्र की विविधता के बारे में बात की थी। अत: प्रकृति की विविधता विश्वभर में एक सी है। या इस प्रकार भी कहा जा सकता है कि वन्यजीवन ही पूरे संसार के सातों महाद्वीपों को एकसूत्र में बांधे रख सकता है। सोनी बीबीसी अर्थ के शो 'सेवेन वर्ल्ड्स वन प्लैनेट' के नाम से ही इसका उद्देश्य स्पष्ट है। ये शो हमें हमारी प्राकृतिक संपदा, हमारे आसपास के वातावरण तथा वनस्पति तथा वन्यजीवन आदि के बारे में विस्तार से बताएगा।

**■ जलवायु परिवर्तन ने हर महाद्वीप के प्राकृतिक जीवन का कितना प्रभावित किया है?**

- पिछले चालीस सालों के दौरान जलवायु परिवर्तन ने प्राकृतिक जीवन को लगभग नष्ट कर दिया है आज 30 से 40 प्रतिषत पक्षी तथा स्तनधारी जीव विलुप्त हो चुके हैं। वन्यआवासों पर लगातार मानव दबाव के कारण ये और भी कम होता जा रहा है। जलवायु परिवर्तन वन्य जीवों तथा पेड़ पौधों को खतरनाक ढंग से प्रभावित करता है।

**■ वन्यजीवों की दुनिया में आने की प्रेरणा आपको कहां से मिली? वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर बनने के अपने पहले अनुभवों के बारे में कुछ बताइये?**

- मैं बचपन से ही प्रकृतिप्रेमी रहा हूं लेकिन तब मुझे अवसर ही नहीं मिला क्योंकि तब मैं जीवन निर्वाह, जॉब, विवाह आदि में फंसा रहा। अत: मुझे अपनी प्रिय चाव को आगे बढ़ाने का अवसर ही नहीं मिला। मैं अपने दैनिक निर्वाह में ही व्यस्त रहा। लेकिन 2006 आते आते मैं दक्षिण भारत के नगरहोल नेशनल पार्क का भ्रमण किया जहां मुझे हिरण, हाथी, भारतीय गौर पहली बार दिखाई पड़े। तभी से मैंने उन्हें अपना प्रारब्ध बना लिया था। मैं यही काम करना चाहता था। उसके बाद से ही वन्य जीवन फोटोग्राफी का काम प्रारंभ कर दिया।

**■ क्या आपने सोनी बीबीसी अर्थ के शो 'सेवेन वर्ल्ड्स वन प्लैनेट' पर कोई शो देखा है? यदि अवसर मिले तो क्या आप वन्यजीवन पर आधारित स्थानीय कार्यक्रम का हिस्सा बनना चाहेंगे?**

- मैं टेलीविजन नहीं देखता लेकिन हां यदि मुझे अवसर मिलेगा तो मैं ऐसे शो का हिस्सा बनना अवष्य पसंद करूंगा।

**■ क्या आप किसी देश में भ्रमण के दौरान घटी या देखी किसी घटना को हमसे साझा करना चाहेंगे?**

- मैं उत्तरी कनाडा के मनितोबा प्रांत के चर्चिल नगर गया था। वहां मुझे डेन में पोलर भालू तथा उसकी मां की शूटिंग करनी थी। वहां माइनस 40 का तापमान था। मैं चूंकि ट्रॉपिकल जलवायु के क्षेत्र का था अत: मुझे वहां की ठंड में रहना कठिन था लेकिन मैं छ: परतों वाले वस्त्र पहनकर किसी तरह से काम चला रहा था। मेरे हाथ में भी दो दस्ताने थे।

**■ आप परफैक्ट वाइल्डलाइफशॉट किसे मानते हैं?**

- देखिये हर फोटोग्राफर की रुचियां अलग होती हैं। लेकिन मेरे अनुसार सबसे अच्छा वन्यजीवन फोटो जीवों के आवास का ही होता हैं बीते सालों के दौरान मैंने इसी थीम पर फोटोग्राफी की है। इसका अर्थ ये है कि वो जीव फोटो में छोटा सा होगा लेकिन उसका आवास बड़ा होगा। उदाहरण के लिए यदि मैं तडोबा के जंगलों में टाइगर की शूटिंग कर रहा हूं तो उसमें फ्रेम के 90 प्रतिषत में वन तथा टाइगर केवल 10 प्रतिषत होगा। इस प्रकार उसमें टाइगर के आवास को प्रमुखता से दिखाया जाएगा। कई फोटोग्राफर वन्यजीव को प्रमुखता से दिखाते हैं लेकिन मैं उसके आवास स्थित पेड़ पौधे तथा हरियाली पर ध्यान केन्द्रित करता हूं। अत: मेरे हिसाब से सर्वश्रेष्ठ वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी वहीं होती है जिसमें वन्यजीव के आवास पर ध्यान केन्द्रित किया जाता है और उसमें कुछ कहानी भी हो।

(इस शो को हाल ही में सोनी बीबीसी अर्थ पर प्रीमियर किया गया)

# रियलिटी शो बंद होने के बाद कलाकार कहां जाता है पता भी नहीं चलता: शुभा मुद्गल

भाषा। जयपुर



**प्रसिद्ध** शास्त्रीय गायिका शुभा मुद्गल ने कहा कि यह सही है कि संगीत के टीवी रियलिटी शो ने कई बेहतरीन प्रतिभाएं दी हैं, लेकिन शो खत्म होने के तीन महीने बाद कलाकार कहां गुम हो जाता है यह पता ही नहीं चलता। साथ ही उन्होंने कहा कि हम संगीत को सिर्फ फिल्म संगीत के नजरिए से देखते हैं, जबकि संगीत हमारे देश के कोने-कोने में है।

जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएल) के दूसरे दिन अपनी किताब लुकिंग फॉर मिस सरगम पर आधारित सत्र में सुधा सदानंद से बातचीत के दौरान उन्होंने यह बात कही। मुद्गल ने कहा कि वह संगीत के रियल्टी शोज़ को बुरा नहीं मानतीं। ऐसी प्रतियोगिताएं दूर-दराज में छिपी हुई प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर उभारने में बेहद उपयोगी साबित हुई हैं। मगर एक बार रियल्टी शो खत्म होने के तीन महीने बाद उन विजेता कलाकारों की क्या स्थिति रहती है, यह जानना महत्वपूर्ण है।

कॉपीराइट के विषय पर मुद्गल ने कहा कि यह बहुत जटिल विषय है और हमें इसके बारे में कुछ बताया ही नहीं जाता। कॉपीराइट को हमारी संगीत की शिक्षा का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। आज के समय में यह जरूरी है। उन्होंने कहा क यदि हम कहीं से कोई गीत लेकर उसे अपने तरीके से भी गा रहे है तो हमें कम से कम यह बताना चाहिए कि यह मूल रूप से कहां से आया है।

मुद्गल ने कहा, पुरानी चीज को नए स्वरूप में लाने को लेकर मुझे कोई समस्या नहीं है। अगर यह सही नहीं होगी तो सिर्फ इतना होगा कि मैं इसे दोबारा नहीं सुनूंगी। संगीत में तकनीक के बढ़ रहे प्रयोग को उन्होंने सही माना, लेकिन साथ ही कहा इस पर बहुत हद तक निर्भरता ठीक नहीं है। इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कंसर्ट में हम देखते हैं कि आवाज को बेहद तेज करने पर जोर रहता है। हमारी आवाजें तेज होती जा रही है, जबकि इसकी कोई जरूरत नहीं है।

अपनी किताब लुकिंग फॉर मिस सरगम को लेकर उन्होंने कहा कि इस किताब की सारी कहानियां संगीत विषय के इर्द-गिर्द ही नहीं घूमती,बल्कि संगीत के सुर-ताल के बीच ही बुनी गई हैं। इसकी वजह बिलकुल स्पष्ट भी है। संगीत उनका अपना विषय है। सुर, लय, ताल के अलावा मंच के परे एक कलाकार की जि़न्दिगी में 2393ुशी, दु:ख, अवसाद, निराशा, प्रतिस्पर्धा, जीत, हार और उपलब्धि के बारे में उन्हें बखूबी पता है।

## न्यायाधीश ने छपाक के निर्माताओं के खिलाफ अवमानना याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने दीपिका पादुकोण अभिनीत छपाक के निर्माताओं के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही चलाने के अनुरोध वाली एक वकील की याचिका पर सुनवाई से यह कहकर खुद को अलग कर लिया कि वह याचिकाकर्ता वकील के साथ काम कर चुके हैं।

वकील अपर्णा भट ने यह याचिका दायर की है। भट ने तेजाब हमला पीड़ित लक्ष्मी अग्रवाल का भी प्रतिनिधित्व किया है, जिनके जीवन पर यह फिल्म बनी है। भट ने अपनी याचिका में कहा कि फिल्मकारों ने उच्च न्यायालय के 11 जनवरी के आदेश का उल्लंघन किया है जिसमें अदालत ने कहा था कि भट द्वारा दी गई जानकारी के लिए उन्हें श्रेय मिलना चाहिए। न्यायमूर्ति ए के चावला ने कहा कि वकील रहने के दौरान वह और वकील भट साथ काम कर चुके हैं और इसलिए वह इस मामले में सुनवाई नहीं करेंगे। उन्होंने रजिस्ट्री को मामला 27 जनवरी को अन्य पीठ के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने 11 जनवरी को फिल्म की निर्देशक मेघना गुलजार और निर्माता फॉक्स स्टार स्टूडियोज को निर्देश दिया था कि वे फिल्म के शुरुआती क्रेडिट में यह लिखकर भट को मान्यता दें कि लक्ष्मी अग्रवाल का प्रतिनिधित्व करने वालीं वकील अपर्णा भट से मिली जानकारी को मान्यता दी जाती है। वकील ने दलील दी थी कि फिल्म को अदालत के निर्देश के अनुपालन के बिना प्रदर्शित किया गया इसलिए यह फिल्मकारों के खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही शुरू की जानी चाहिए।

## अगर कबीर सिंह जैसी फिल्में हिट हो रही हैं तो इसकी वजह भी हम ही तो हैं : शोभा डे



**जयपुर (भाषा)।** अच्छी या बुरी जैसी भी फिल्में बनती हैं वे हमारे समाज का ही चेहरा दिखाती हैं। अगर आज कबीर सिंह जैसी फिल्मे हिट हो रही है तो यह हमारी वजह से ही हो रहा है और यह बताता है कि हम क्या देखना चाहते हैं। जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) के दूसरे दिन शब्द, ध्वनि एवं छवि विषय पर आयोजित सत्र में लेखिका शोभा डे और अमित खन्ना ने पत्रकार कावेरी बामजई से बातचीत में यह बात कही। डे ने कहा अच्छी या बुरी जो भी फिल्म बनती है, वह हमारे समाज का चेहरा दिखाती है। कबीर सिंह जैसी फिल्म यदि हिट हो रही है तो यह हमारी वजह से ही हो रही है। यह बताती है कि हम क्या देखना चाहते है।

शोभा डे ने सत्तर के दशक को बदलाव का दौर बताया। उन्होंने कहा कि वह बदलाव का दौर था और पहली बार ऐसा हुआ कि हिंदी फिल्मों में अभिनेत्री को आधुनिका के तौर पर पेश किया गया। परवीन बॉबी और जीनत अमान ने यह किया। इससे पहले आधुनिक होने का मतलब वैंप (खलनायिका) होना होता था। सत्र के दौरान फिल्मकार अमित खन्ना ने कहा कि मीडिया में जितना लोकतंत्र इस समय है, उतना पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि आज मीडिया और विषेशकर सोशल मीडिया पर लोग खुल कर अपनी बात कहते है। आपस में संवाद करते है।

## मुझे महिला बनना बहुत ज्यादा पसंद है

रिबन के साथ दो चोटी बांधे कॉमिक महिला अवतार 'गुत्थी' के रूप में लोकप्रिय अभिनेता व कॉमेडियन सुनील ग्रोवर का कहना है कि उन्हें पर्दे पर महिला किरदार निभाना पसंद है।



नई दिल्ली में फिक्की लेडिज ऑर्गनाइजेशन के एक कार्यक्रम में शामिल होने के दौरान सुनील ग्रोवर ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, 'पुरुषों के रूप में जुड़ने से आसान मेरे लिए यह है (महिला रूप). इसलिए मैं टीवी पर महिला बनकर आता हूं. मैंने कई महिलाओं के किरदार निभाए हैं. मुझे महिला बनना बहुत ज्यादा पसंद है।'

हालांकि वह ऐसे एकमात्र अभिनेता नहीं हैं, जो शो के लिए महिला अवतार लेते हैं. दर्शकों को हंसाने के लिए कृष्ण अभिषेक, गौरव गेरा और अली असगर जैसे अभिनेताओं ने भी इसे आजमाया है. वहीं जब उनसे पूछा गया कि अब हिंदी टीवी शो में महिला हास्य कलाकारों की अच्छी संख्या है, तो क्या अब भी वक्त नहीं आया कि महिला अवतार लेने से पुरुष पीछे हट जाए?

इस पर सुनील ग्रोवर ने कहा, 'मेरा मानना है कि महिला कलाकारों को भी पर्दे पर पुरुषों का किरदार निभाना चाहिए। मेरे लिए यह महिला या पुरुष जैसा कुछ नहीं है, जब तक आप अच्छे से कर रहे हैं, तब तक दर्शक हंसते रहेंगे। मेरे लिए यह एक किरदार है, और यह महिला बनकर ही होता है। मेरे ख्याल से मुझे वह किरदार निभाना बहुत पसंद है।'

## किशोरावस्था में मैंने भी स्टॉकर का सामना किया: दीया मिर्जा



**मुंबई।** अभिनेत्री-निर्माता दीया मिर्जा ने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्होंने किसी स्टॉकर (पीछा करने वाला या हमेशा नजर रखने वाला) का सामना किया था।

दिया ने कहा, जब मैं छोटी थी और हैदराबाद में अपने घर में रहती थी तब मैंने भी एक स्टॉकर का सामना किया था। मैंने उसका सामना करते हुए उससे उसका नाम पूछा। उस वक्त उस लड़के के पास कोई जवाब नहीं था। किसी को भी ऐसे लोगों से घबराने या इनके बारे में किसी को बताने से डरना नहीं चाहिए। इसमें कोई शर्म की बात नहीं है। यह उस समस्या को खत्म करने की क्षमता के साथ हमें सशक्त बनाता है और इससे एक बड़ा बदलाव भी आता है। इस तरह की चीजें बंद होनी चाहिए। दीया का मानना है कि सुरक्षा सिर्फ कानूनी मुद्दा नहीं है। उन्होंने आगे कहा, पितृसत्तात्मकता और दिमाग में मौजूद रूढ़िगत सोच के साथ यह काफी कुछ है। हिंसा की अभिव्यक्ति शारीरिक दुष्कर्म का एक भयावह मोड़ ले सकती है। किशोरों को भी इस तरह की हिंसा और घृणित अपराधों को करते हुए देखना मुझे स्तब्ध कर देता है। उन्होंने गैर सरकारी संगठन सेव द चिल्ड्रेन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी बात रखी जिसकी दीया एंबेसडर हैं।

## सीएए और एनआरसी को जोड़ना बेहद खतरनाक: नंदिता दास

भाषा। जयपुर



**अभिनेत्री** नंदिता दास ने गुरुवार को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का विरोध करते हुए कहा कि दोनों को जोड़ना बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि यह बिखराव वाला कानून है। देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि लोगों को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है।

जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) 2020 के पहले दिन यहां पत्रकार वार्ता में और इसके बाद मंटों पर आधारित सत्र में उन्होंने शाहीन बाग का जिक्र किया। दिन में जहां नंदिता दास ने सीएए और एनआरसी के बढ़ते विरोध को उचित ठहराते हुए कहा कि दिल्ली की तरह शाहीन बाग देश में हर जगह बन रहे हैं। वहीं शाम के सत्र में उन्होंने इस तरह के प्रदर्शन और इसमें लोगों की हिस्सेदारी को जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि छात्रों और देश में बन रहे कई शाहीन बाग की महिलाओं ने साहस प्रदान किया है। दास ने सीएए को लेकर कहा कि यह ऐसा कानून है जिसके जरिए आपसे भारतीय होने का सबूत मांगा जा रहा है। साथ ही कहा कि यह संदेश देने का नहीं, बल्कि सोचने का वक्त है कि हम किस तरह का समाज चाहते हैं। उन्होंने इस मामले में राजनीति नहीं करने की भी बात कही। दास ने देश की आर्थिक स्थिति को लेकर भी सवाल उठाया और कहा कि आर्थिक हालात बदतर होते जा रहे है। देश में बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। गौरतलब है कि सीएए और एनआरसी को लेकर स्वरा भास्कर, अनुराग कश्यप जैसी कई बालीवुड हस्तियां विरोध कर रही हैं। स्वरा भास्कर शाहीन बाग में चल रहे प्रदर्शन के समर्थन के लिए उनके बीच भी पहुंची थी। इसी कड़ी में नया मान अब नदिता दास का जुड़ गया है। बाद में मंटों पर आधारित सत्र में नंदिता ने न केवल मंटों पर अपनी बाते रखीं साथ ही उन्होंने सेंसरशिप को लेकर भी निशाना साधा। उन्होने कहा कि आज हम हिंसा के कई रूप देखते है। कटटरपंथी हमारे काम पर सेंसर कर और रोक लगा कर हमें बताते है कि कला में कितनी ताकत है। नंदिता ने कहा, राज्य आधारित सेंसरशिप को तो मैंने भी झेला है। आज छोटे छोटे समूह हमे बता रहे है कि हम क्या पहने क्या खाएं फिर कुछ लोग संस्कृति का ठेकेदार बन जाते हैं। धीरे धीरे डर के चलते आप खुद को सेंसर करने लगते है। लेकिन हमें इससे आगे बढना पडता है। डर छोडना पडता है।

नंदिता ने कहा कि यह अच्छा है कि कई शाहीन बाग आ रहे है और यह हमें ताकत देता है। कई बार सडक पर आना बहुत जरूरी हो जाता है। इससे पहले गुलाबी नगरी में गुरुवार से जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) 2020 की शुरुआत हुई। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ संजॉय के रॉय, विलियम डेलरिम्पल, नमिता गोखले, शुभा मुद्गल, चन्द्र प्रकाश देवल ने औपचारिक शुरुआत की। सभी वक्ताओं ने आज के उथल.पुथल भरे समाज में साहित्य की महत्ता पर जोर दिया। जेएलएफ का यह 13वां संस्करण है और यह 27 जनवरी तक चलेगा।